* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 249

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मुख्यमंत्री के हाथों पांच सौ युवाओं को मिली नौकरी





शिबू सोरेन जिन्दाबाद

झामुमो जिन्दाबाद



हेमंत सोरेन जिन्दाबाद

**400 करोड़ की 400 योजनाएं गढ़वा की धरती पर लाने के साथ-साथ मंत्री ने दिखाया अपना नया रूप**

# विकास एवं सेवा का नया संगम



केंद्रीय माननीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर लंबित पड़े गढ़वा बाईपास सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त करवाया



कड़क धूप एवं बेतहाशा गर्मी के बावजूद गांव-गांव घर-घर की ओर मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बढ़ते कदम

- गढ़वा में विकास की एक लंबी लकीर खींचने के लिए कृत संकल्पित
- गढ़वा शहर को मॉडल टाउन बनाने की दिशा में हो रहा है काम
- गढ़वा-रंका विधान सभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में सड़क का जाल बिछाकर जिला मुख्यालय से जोड़ने का हो रह है काम
- सभी क्षेत्र मूलभूत सुविधा से लैस हो, यही है माननीय मंत्री जी का प्रयास

झारखंडवासियों को बकरीद और हूल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## मिथिलेश ठाकुर

मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
झारखंड सरकार
-सह-
विधायक गढ़वा-रंका विधानसभा





गांव गांव पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनना एवं उनका ऑन द स्पॉट निष्पादन करने का कार्य निरंतर जारी

**निवेदक : झामुमो जिला कमिटी, गढ़वा**

आजाद सिपाही 188100 Subscribers YouTube Channel
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,000 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# समान नागरिक संहिता: एक देश एक कानून

## समानता और सामाजिक एकता की दिशा में एक सकारात्मक कदम होगा

## इस मुद्दे पर मोदी सरकार और भाजपा के रुख से क्यों बेचैन हैं विपक्षी दल

आजाद सिपाही विशेष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को भोपाल में पहली बार समान नागरिक संहिता पर इतनी तवज्जो दी गयी। इसलिए अब यह मुद्दा सियासत के केंद्र में आ गया है। वैसे भी हाल के दिनों में इसको लेकर राजनीतिक माहौल गर्म है। एक ओर जहां देश की बहुसंख्यक आबादी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कर रही है, तो वहीं अल्पसंख्यक वर्ग इसका विरोध कर रहा है। चूंकि समान नागरिक संहिता भाजपा के प्रमुख एजेंडे का हिस्सा है और केंद्र सरकार अनुच्छेद 370 और तीन तलाक जैसे विवादित मुद्दों को खत्म कर चुकी है, तो ऐसे में यह माना जा रहा है कि आज नहीं तो कल मोदी सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की पहल कर सकती है। इसमें संदेह नहीं है कि समान नागरिक संहिता से समाज में एकरूपता लाने में मदद मिलेगी। समान नागरिक संहिता लागू हो जाने से विवाह, गोद लेने की व्यवस्था, तलाक के बाद महिलाओं को उचित भरण-पोषण देने जैसे मसलों में भी समानता लायी जा सकेगी। संविधान के अनुच्छेद 44 में नागरिक संहिता की चर्चा की गयी है। इससे साफ है कि संविधान निर्माता यह चाहते थे कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हो। संविधान में मूल अधिकारों में विधि के शासन की अवधारणा विद्यमान है, लेकिन इन्हीं अवधारणाओं के बीच लैंगिक असमानता जैसी कुरीतियां भी व्याप्त हैं। विधि के शासन के अनुसार, सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होना चाहिए, लेकिन समान नागरिक संहिता का लागू न होना एक प्रकार से विधि के शासन और संविधान की प्रस्तावना का उल्लंघन है। इस संवेदनशील मुद्दे पर जारी सियासत की पृष्ठभूमि में समान नागरिक संहिता के बारे में पूरी जानकारी दे रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भोपाल में भाजपा के एक कार्यक्रम में पहली बार समान नागरिक संहिता के बारे में अपनी राय रखी। उन्होंने अपने संबोधन में समान नागरिक संहिता के महत्व को रेखांकित करते हुए भारत में इसकी जरूरत बतायी। हालांकि पीएम मोदी के संबोधन से पहले से ही यह मुद्दा देश के सियासी माहौल में छाया हुआ है, लेकिन अब यह केंद्र में आ गया है। अब इस बात की संभावना बन गयी है कि भाजपा अपने इस चौथे वादे को अगले कुछ महीने में पूरा करेगी। भाजपा के तीन प्रमुख वादे, राम मंदिर, धारा 370 और तीन तलाक पूरे हो चुके हैं। इसलिए समान नागरिक संहिता पर उसके हाल के रुख को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह इस वादे को भी 2024 के चुनाव के पहले पूरा करेगी।

### कैसे शुरू हुआ यह मुद्दा

भारत के 22वें विधि आयोग ने हाल ही में सार्वजनिक और धार्मिक संगठनों सहित विभिन्न हितधारकों से समान नागरिक संहिता पर नयी सिफारिशें आमंत्रित कीं। चूंकि इस विषय पर पिछले विधि आयोग का परामर्श दस्तावेज तीन वर्ष से अधिक पुराना था, इसलिए पैनल ने नयी सिफारिशों का अनुरोध किया। विवाह, तलाक, विरासत, भरण-पोषण और गोद लेने जैसे विषयों में समान नागरिक संहिता देश के लिए एक एकल कानून के गठन का आह्वान करता है, जो सभी समुदायों पर लागू होगा। इसके बाद प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने घोषणा की कि समान नागरिक संहिता संवैधानिक रूप से दी गयी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है, लेकिन वह विरोध करने के लिए सड़कों पर नहीं उतरेगा, बल्कि कानूनी तरीकों से इसका विरोध करेगा।

पहले भी हो चुका है विरोध

समान नागरिक संहिता पर चर्चा करते समय यह विरोध नया नहीं है। इसका विरोध 1946 में ही हो चुका था। स्वतंत्र भारत में हमारे संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए 1946 में संविधान सभा की स्थापना हुई, जिसमें दो प्रकार के सदस्य शामिल थे, एक वे, जो समान नागरिक संहिता को अपना कर समाज में सुधार चाहते थे, जैसे डॉ बीआर अंबेडकर और अन्य, जो मुख्य रूप से मुस्लिम प्रतिनिधि थे, जिन्होंने व्यक्तिगत कानूनों को कायम रखने पर बल दिया। इसके अलावा संविधान सभा में अल्पसंख्यक समूहों ने समान नागरिक संहिता के समर्थकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। परिणामस्वरूप संविधान को राज्य के नीति के निर्देशक सिद्धांत के भाग चार के अनुच्छेद 44 से केवल एक पंक्ति मिली।

### क्या कहा था स्वामी विवेकानंद ने

स्वामी विवेकानंद के अनुसार प्रत्येक मनुष्य को और प्रत्येक राष्ट्र को महान बनाने के लिए तीन चीजें आवश्यक हैं और वे हैं, हमें अच्छाई की शक्तियों में दृढ़ विश्वास होना चाहिए, ईर्ष्या और संदेह का अभाव और उन सभी की मदद करना, जो अच्छा करने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीयों के रूप में, हम आशा करते हैं कि मुस्लिम संगठन अशांति को बढ़ावा नही देंगे, यह ध्यान में रखते हुए कि एकजुट राष्ट्र और सभी के लिए समान अधिकारों से अधिक महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। क्या यह सच नहीं है कि राष्ट्रीय भावना का उल्लंघन करने वाला कोई भी आचरण यह प्रदर्शित करता है कि अंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'पाकिस्तान या भारत का विभाजन' में क्या लिखा है? किसी भी संप्रदाय से पहले मानवता होनी चाहिए।





### अहमद खान बनाम शाह बानो (1985) मामला

समान नागरिक संहिता पर सबसे अधिक चर्चा राजीव गांधी के शासनकाल में हुई। शाह बानो नामक एक महिला को उनके पति ने तीन तलाक दे दिया था और गुजारा भत्ता देने से भी इंकार कर दिया था। तलाक के बाद उन्होंने अपने और अपने पांच बच्चों के भरण-पोषण के लिए अदालत में याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय आपराधिक संहिता के 'पत्नी, बच्चों और माता-पिता के भरण-पोषण' प्रावधान (धारा 125) के तहत उनके पक्ष में फैसला सुनाया, जो धर्म की परवाह किये बिना सभी नागरिकों पर लागू होता है। कोर्ट ने यह भी सुझाव दिया कि एक मानक नागरिक संहिता स्थापित की जाये। इसके बाद शाह बानो के पति ने सुप्रीम कोर्ट में एक अपील दायर की, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने अपनी सभी इस्लामी कानूनी आवश्यकताओं को पूरा किया है। कोर्ट के फैसले के बाद देश भर में विरोध प्रदर्शन और आंदोलन हुए। दबाव में तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने 1986 में मुस्लिम महिला (तलाक संरक्षण का अधिकार) अधिनियम पारित किया, जिससे आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 125 मुस्लिम महिलाओं को संरक्षित करने हेतु लागू नहीं हो पायी।

### क्यों जरूरी है समान नागरिक संहिता

समान नागरिक संहिता सभी पर लागू होता है, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। उस महिला की स्थिति पर विचार करें, जिसे उसके पति द्वारा दूसरी, तीसरी या चौथी शादी करने की धमकी दी गयी है और वह लगातार चिंतित रहती है। पूरा जीवन अनावश्यक तनाव में रहता है, जिसका अधिकांश स्थितियों में स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे में क्या हम खुद को इंसान कह सकते हैं? क्या यह जीवन भर की मानसिक यातना नहीं है? सभ्यता, समानता, अखंडता और मानवता के लिए संविधान पर आधारित समान नागरिक कानूनों की आवश्यकता है।

### सिविल और आपराधिक कानून के बीच अंतर

भारत में आपराधिक कानून एक समान हैं और धार्मिक विचारों की परवाह किये बिना सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होते हैं, नागरिक कानून आस्था से प्रभावित होते हैं। नागरिक विवादों में लागू होनेवाले व्यक्तिगत कानून धार्मिक स्त्रोतों से प्रभावित होने के बावजूद हमेशा संवैधानिक मानकों के अनुसार लागू किये गये हैं।

### समान नागरिक संहिता का क्या होगा असर

समान नागरिक संहिता महिलाओं और अल्पसंख्यकों सहित वंचित समूहों की रक्षा करने का प्रयास करता है, जैसा कि बाबासाहेब अंबेडकर ने कल्पना की थी। साथ ही एकता के माध्यम से राष्ट्रीय उत्साह को बढ़ावा मिलेगा। अधिनियमित होने पर यह संहिता उन कानूनों को सुव्यवस्थित करने का प्रयास करेगा, जो वर्तमान में धार्मिक विचारों के आधार पर विभाजित हैं, जैसे कि हिंदू कोड बिल, शरीयत और अन्य। यह संहिता विवाह समारोहों, विरासत, उत्तराधिकार और गोद लेने से संबंधित जटिल कानूनों को सभी के लिए एक बना देगी। तब समान नागरिक कानून सभी नागरिकों पर लागू होगा, चाहे वे किसी भी धर्म के हों।

### समान नागरिक संहिता के लाभ

यदि समान नागरिक संहिता अधिनियमित और लागू की जाती है, तो इससे राष्ट्रीय एकीकरण में मदद मिलेगी और तेजी आयेगी। इससे पर्सनल लॉ के कारण मुकदमेबाजी कम हो जायेगी। यह एकता की भावना और राष्ट्रीय भावना को फिर से जागृत करेगा और यह किसी भी बाधा का सामना करने के लिए नयी शक्ति के साथ उभरेगा और अंततः सांप्रदायिक और विभाजनवादी ताकतों को हरायेगा।

### सच्ची धर्मनिरपेक्षता को प्रोत्साहित करता है

भारत में वर्तमान में हमारे पास चयनात्मक धर्मनिरपेक्षता है, जिसका अर्थ है कि हम कुछ क्षेत्रों में धर्मनिरपेक्ष हैं, लेकिन अन्य में नहीं। समान नागरिक संहिता का अर्थ है कि सभी भारतीय नागरिकों, चाहे वह हिंदू, मुस्लिम, इसाइ या सिख हो, को समान नियमों का पालन करना होगा। यह उचित लगता है। एक सुसंगत नागरिक कानून लोगों की अपने धर्म का पालन करने की क्षमता में बाधा नहीं डालता है। इसका तात्पर्य यह है कि सभी के साथ एक जैसा व्यवहार किया जाता है। यही सच्ची धर्मनिरपेक्षता है।

संविधान भारत में विधि के शासन की स्थापना की बात करता है। जब आपराधिक मामलों में सभी समुदायों के लिए एक कानून का पालन होता है, तब सिविल मामलों में सभी के अलग कानून क्यों? आजादी के बाद से ही देश में समय-समय पर कायदे और कानून में बदलाव होते रहे हैं। लोगो की जरूरतों और परिस्थितियों को ध्यान में लेकर ऐसे बदलाव किये जा रहे हैं। देश का कानून किसी भी धर्म, जाति या समुदाय से ऊपर है। जब हिंदू बिल लाया गया था, तब इसका भी खूब विरोध हुआ था। केवल विरोध को ध्यान में रखा जाता, तो ना दहेज विरोधी कानून पास हो पाता और ना ही सती प्रथा का अंत हो पाता। इसलिए देश के सभी समुदायों का ध्यान रखते हुए समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाना चाहिए।


---

# 'आदिपुरुष' पर हाइकोर्ट ने कहा फिल्म को पास करना बड़ी भूल

## अगर कुरान पर ऐसी फिल्म बनायी होती, तब देखते क्या होता

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बुधवार को फिल्म 'आदिपुरुष' के आपत्तिजनक डायलॉग के मामले में लगातार तीसरे दिन सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि जिस रामायण के किरदारों की पूजा की जाती है, उसे एक मजाक की तरह कैसे दिखा दिया गया। ऐसी फिल्म को सेंसर बोर्ड ने पास कैसे कर दिया। फिल्म को पास कर देना एक ब्लंडर है। फिल्म बनानेवालों को तो सिर्फ पैसे कमाने हैं, क्योंकि पिक्चर हिट हो जाती है। अदालत ने कहा, आप कुरान पर एक छोटी सी डॉक्यूमेंट्री बनाकर देखिए, जिसमें गलत चीजों को दर्शाया गया हो, तो आपको पता चल जायेगा कि क्या हो सकता है। आपको कुरान, बाइबिल को भी नहीं छूना चाहिए। किसी एक धर्म को भी टच न करिये। आप किसी धर्म के बारे में गलत तरह से मत दिखायें। कोर्ट किसी धर्म को नहीं मानता। कोर्ट सभी लोगों की भावनाओं की कद्र करता है। ये सिर्फ मामले से जुड़ी मौखिक टिप्पणियां हैं। अदालत ने कहा कि यह मसला बहुत सेंसिटिव है। हम जानना चाहते हैं कि डिप्टी सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया का इस पर क्या कहना है। इस पर डिप्टी सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि फिल्म को सर्टिफिकेट भारत सरकार द्वारा नामित पांच सदस्यों की टीम ने दिया था। कुल 25 सदस्यों ने फिल्म देखी भी थी।





हाइकोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान कहा था कि हिंदुओं की सहनशीलता की परीक्षा क्यों ली जाती है? शुक्र है उन्होंने कानून नहीं तोड़ा। जो सज्जन हैं, उन्हें दबा देना सही है क्या। यह तो अच्छा है कि यह एक ऐसे धर्म के बारे में है, जिसके मानने वालों ने कोई समस्या पैदा नहीं की। हमें उनका आभारी होना चाहिए।

---

रुबिका पहाड़िन हत्याकांड

# आमिर हुसैन, महताब और गुलेरा को हाइकोर्ट से बेल

**थाना में रोज लगानी होगी हाजिरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने साहिबगंज के चर्चित रुबिका पहाड़िन हत्याकांड के तीन आरोपियों को ज.मानत दे दी। इसमें आमिर हुसैन, महताब और गुलेरा शामिल हैं। सभी मुख्य अभियुक्त दिलदार अंसारी के रिश्तेदार हैं। अदालत ने यह शर्त रखी है कि आरोपियों को रोज थाना में हाजिरी लगानी होगी और 25-25 हजार के दो निजी मुचलके भरने होंगे। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सभी आरोपियों की ओर से अधिवक्ता रोहन मजूमदार ने बहस की।

**पति दिलदार ने ही पिछले साल दिसंबर में की थी रुबिका पहाड़िन की हत्या**

बता दें कि पिछले वर्ष दिसंबर महीने में झारखंड के साहिबगंज में रुबिका का शव कई टुकड़ों में बरामद हुआ था। उसकी हत्या का आरोप उसके पति दिलदार पर है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी दिलदार अंसारी और रुबिका पहाड़िन से झगड़ा हुआ था। गुस्से में आकर आरोपी पति और उसके परिजनों ने उसकी हत्या कर दी और उसके शरीर के कई टुकड़े कर दिये। आरोपी ने करीब एक महीने पहले पहाड़िन से शादी की थी और वह उसकी दूसरी पत्नी थी।

### रोहित झा हत्याकांड में दो गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सरकारी बस डिपो के समीप ऑटो चालक रोहित झा उर्फ पंडित हत्या मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में संतोष साहू और एक अन्य शामिल है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार की अहले सुबह सिटी डीएसपी दीपक कुमार और चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार ने दलबल के साथ बूटी मोड़ में छापेमारी कर संतोष और एक अन्य को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड में सरकारी बस डिपो के पास 12 जून को रोहित झा उर्फ पंडित की चाकू मार कर हत्या कर दी गयी थी।

---

# श्रावणी मेला: तीन दिनों में एक हजार लाइट लगायेगा देवघर नगर निगम

**अनुभवी सिटी मैनेजरों की भी होगी तैनाती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर में श्रावणी मेले की तैयारी जोरों पर है। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए प्रशासन हरसंभव कोशिश कर रहा है। इसी के मद्देनजर नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल ने बिजली और सफाई विभाग की समीक्षा बैठक की। इसमें सफाई विभाग को पांच दिवसीय और बिजली शाखा को तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया।

बिजली विभाग को 27 से अभियान शुरू कर 29 जून तक तीन दिनों के अंदर एक हजार लाइट लगाने का निर्देश दिया, जबकि सफाई विभाग को 27 जून से शुरू होकर 1 जुलाई तक अभियान चलाने को कहा। इस संबंध में नगर आयुक्त श्री लाल ने कहा कि मेला शुरू होने से दो दिन पहले से पूरा शहर साफ दिखेगा, इसलिए निगम के सफाई विभाग की दोनों शाखाओं के कर्मियों को संयुक्त रूप से दायित्व सौंपा गया।

इसमें निगम से सफाई पर्यवेक्षक और वरीय प्रभारी रहेंगे। एमएसडब्ल्यूएम के कर्मी कचरे का उठाव करेंगे। वहीं निगम की बिजली शाखा के कार्यों पर संतोष जाहिर की है। बिजली विभाग के सहायक प्रभारी कुणाल खवाड़े को तीन दिन के अंदर एक हजार लाइट लगाने का टास्क सौंपा गया है।



### श्रावणी मेले के लिए देवघर और बासुकिनाथ को मिले पांच-पांच सिटी मैनेजर

श्रावणी मेले में बाबाधाम और बासुकीनाथ आनेवाले श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा देने के लिए नगर विकास औरआवास विभाग ने तैयारी कर ली है। इसके लिए राज्य के विभिन्न नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के अनुभवी सिटी मैनेजरों को देवघर और बासुकीनाथ मेला क्षेत्र में लगाया जायेगा। इसमें पांच सिटी मैनेजरों को देवघर नगर निगम और पांच सिटी मैनेजरों को बासुकीनाथ नगर पंचायत में योगदान देने को कहा गया है। इस संबंध में विभाग की ओर से 26 को पत्र जारी कर दिया गया है तथा तीन दिनों के अंदर योगदान देने को कहा गया है। इसमें विभागीय सचिव का अनुमोदन होने की बात कही गयी है।

### देवघर नगर निगम में इनकी लगी ड्यूटी

मधुपुर नगर परिषद के सिटी मैनेजर मृणाल कुमार, जामताड़ा नगर पंचायत के सिटी मैनेजर निर्मल कुमार आशीष, मिहिजाम नगर परिषद के सिटी मैनेजर मनीष कुमार तिवारी, राजधनवार नगर पंचायत के सिटी मैनेजर राम कुमार श्रीवास्तव और डोमचांच नगर पंचायत के सिटी मैनेजर विजेंद्र कुमार, पाकुड़ नगर परिषद के सिटी मैनेजर मृत्युंजय कुमार पांडेय, बड़की सरिया नगर पंचायत के सिटी मैनेजर शशि प्रकाश, साहेबगंज नगर परिषद के सिटी मैनेजर पुरुषोत्तम कुमार देव, गिरिडीह नगर निगम के सिटी मैनेजर अरविंद कुमार मोदी और धनबाद नगर निगम के सिटी मैनेजर प्रेम प्रकाश।

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 249

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में जलगांव शहर का दौरा किया। यहां एक बच्ची ने अपने पैर से फडणवीस के माथे पर टीका लगाया।




## सौगात : मुख्यमंत्री के हाथों पांच सौ विद्यार्थियों को मिली नौकरी

# राज्य के युवाओं का कौशल विकास करेगी सरकार : हेमंत

- रांची में तीन सौ करोड़ रुपये की लागत से कौशल विकास कॉलेज खोला जायेगा
- आइटीआइ कौशल कॉलेज, नर्सिंग एवं कल्याण गुरुकुल के युवा हुए लाभांन्वित
- आइटीआइ कौशल कॉलेज की छात्राओं द्वारा संचालित सेवा कैफे का भी हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज तकनीक का जमाना है। कल- कारखानों से लेकर आम जनजीवन में मशीनें जगह लेती जा रही हैं। ऐसे में युवाओं का स्किल्ड होना हर हाल में जरूरी है। ऐसे में राज्य के युवाओं को स्किल्ड करने पर सरकार का विशेष जोर है। इसी कड़ी में राजधानी रांची में लगभग तीन सौ करोड़ रुपये की लागत से कौशल विकास कॉलेज खोला जायेगा। यहां अलग-अलग युवक-युवतियों को प्रशिक्षित किया जायेंगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित आइटीआइ कौशल विकास कॉलेज, नर्सिंग एवं कल्याण गुरुकुल के लगभग पांच सौ विद्यार्थियों को विभिन्न संस्थाओं-संस्थानों के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए ये बातें कहीं।

### आर्थिक गतिविधियों को दे रहे हैं बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की गिनती देश के पिछड़े राज्यों में होती है। ऐसे में गरीबी और पिछड़ेपन से राज्य को कैसे निकालें, इस दिशा में तेजी के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यहां की 80 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। इन्हें जीविका के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है । इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है, ताकि ग्रामीण युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय बढ़ा सके।

### आप चलेंगे तो राज्य की अर्थव्यवस्था का पहिया घूमेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर आमदनी और बेहतर भविष्य के लिए युवाओं का पलायन होता है, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जब युवा आगे बढ़ेंगे, अपने कार्यों को बेहतर तरीके से संपादित करेंगे, तो निश्चित तौर पर राज्य की अर्थव्यवस्था का पहिया भी घूमेगा। सभी के सहयोग से सशक्त और विकसित झारखंड बनायेंगे।

**सरकार ने जो योजनाएं बनायीं, उसके मिल रहे हैं बेहतर परिणाम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती विशेषकर आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा, किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा और बुजुर्गों के लिए सरकार ने जो योजनाएं बनायी हैं, उसके बेहतर और सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। इसमें जिन सहयोगियों को सरकार के साथ जोड़ा गया, उन्होंने भी पूरा सहयोग किया है। एक बेहतर टीम से बेहतर राज्य बनाने का संकल्प पूरा कर रहे हैं।



### राज्य में कई बड़े समूहों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश की जतायी इच्छा, लड़के भी कर सकेंगे नर्सिंग कोर्स

मुख्यमंत्री ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और अपोलो समूह ने राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश की इच्छा जतायी है। इनके द्वारा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोला जाना है। इसके अलावा भी और कई अस्पताल राज्य में खुल रहे हैं। टाटा समूह द्वारा कुछ दिनों पहले रांची में आधुनिक कैंसर अस्पताल खोला गया है। ऐसे में नर्सिंग के क्षेत्र में युवाओं के लिए काफी संभावनाएं हैं। हमारी सरकार का निर्णय लिया है कि अब नर्सिंग कोर्स लड़के भी कर सकेंगे। इसके लिए जल्द सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

### मेडिकल सर्किट करेंगे तैयार, कई कड़ियां जुड़ेंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में पंचायत स्तर पर शिक्षित ग्रामीण युवाओं को दवा दुकान संचालित करने का लाइसेंस दिया जा रहा है। इस व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए हम मेडिकल सर्किट बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसके तहत चिकित्सकों के साथ दवा दुकान संचालक ऑनलाइन जुड़े रहेंगे, ताकि इमरजेंसी में विशेषज्ञ चिकित्सक से सलाह लेकर वे दवा मरीजों को दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तो शुरुआत है। आने वाले दिनों में पंचायत स्तरीय दवा दुकानों में जांच घर और एंबुलेंस सेवा आदि की भी कड़ियां जुड़ेंगी।

### ट्रेनिंग देने वाली संस्थाएं अपने विद्यार्थियों का डेटाबेस सरकार से साझा करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जो भी संस्थाएं यहां के युवाओं को स्किल्ड करने के लिए प्रशिक्षण दे रही हैं, वे उसका डेटाबेस तैयार कर सरकार के साथ भी साझा करें, ताकि उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने में सहूलियत हो। सरकार ने राज्य में निजी क्षेत्र में 40 हजार तक मासिक वेतन वाली नौकरियों में 75 प्रतिशत स्थानीय के लिए आरक्षित करने का कानून बनाया है। ऐसे में प्रशिक्षित युवाओं को यहां भी जॉब मिलेगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चंपाई सोरेन, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे आदिवासी कल्याण आयुक्त लोकेश मिश्रा, रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल और प्रेझा फाउंडेशन के सीइओ कल्याण चक्रवर्ती मौजूद थे।

## झारखंड युवा आयोग के अध्यक्ष बने कुमार गौरव



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव कुमार गौरव को झारखंड युवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध में बुधवार को पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना के अनुसार विशाल तिर्की और सुनील टुडू को आयोग का सदस्य बनाया गया है। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। कुमार गौरव को झारखंड युवा आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत, डॉ अजय कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, गीता कोड़ा, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद सहित अन्य नेताओं ने बधाई दी है।

## समान नागरिक संहिता के समर्थन में आप

- पार्टी ने सबकी सहमति से कानून बनाने की वकालत की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया है। पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने बुधवार को कहा कि हम यूसीसी का समर्थन करते हैं, क्योंकि संविधान का आर्टिकल 44 भी कहता है कि देश में यूसीसी होना चाहिए। हालांकि इसके लिए सभी धर्म के लोगों, राजनीतिक पार्टियों और संगठनों से सलाह-मशविरा कर आम सहमति बनायी जानी चाहिए। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 जून को यूनिफॉर्म सिविल कोड देशभर में लागू करने की वकालत की थी। इसके बाद कांग्रेस, एआइएमआइएम चीफ असदुद्दीन आवैसी समेत विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर इसे मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश बताया था। मुस्लिम पर्सनल लॉ बॉर्ड ने भी मंगलवार को बैठक बुलायी और अपना पक्ष लॉ कमीशन के सामने रखने की बात कही। इधर बुधवार को लॉ कमीशन के चेयरमैन जस्टिस ऋतुराज अवस्थी का भी बयान सामने आया। जस्टिस अवस्थी ने कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। हमने परामर्श प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके लिए कमीशन ने आम जनता की राय मांगी है। कमीशन को यूनिफॉर्म सिविल कोड का नोटिफिकेशन जारी करने से लेकर अब तक साढ़े आठ लाख जवाब भी मिल चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 जून को भोपाल में भाजपा के 10 लाख बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए देशभर में यूनिफॉर्म सिविल कोड जल्द लागू करने की वकालत की थी।

## पूर्व डिप्टी डायरेक्टर के यहां इडी का छापा, रिमांड पर लिया

- पांच सौ करोड़ रुपये के हेरफेर में दर्ज है केस
- लखनऊ में तैनात हैं आइआरएस अफसर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर सचिन सावंत के लखनऊ स्थित घर पर बुधवार को छापेमारी की गयी। इडी की टीम ने छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया और अपने साथ मुंबई ले आयी। यहां उन्हें मुंबई हाइकोर्ट के सामने पेश किया गया। अदालत ने उन्हें सात दिन की रिमांड पर भेज दिया। इडी की तरफ से अधिवक्ता ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी। कोर्ट से बाहर लाते वक्त जब सचिन सावंत से मीडिया ने बात करने का प्रयास किया, तो वह हाथ हिलाते हुए कार में बैठ गये। उन्होंने मामले में कुछ नहीं कहने का इशारा किया।

### क्या है आरोप

आरोप है कि सचिन सावंत जब मुंबई में प्रवर्तन निदेशालय में तैनात थे, तब डायमंड कंपनी की पांच सौ करोड़ रुपये की हेराफेरी में वह शामिल थे। इस मामले में सीबीआइ एफआइआर दर्ज कर चुकी है। इस प्रकरण को लेकर ही इडी की टीम ने उनके लखनऊ और मुंबई स्थित आवास पर छापेमारी की। कहा जा रहा है कि लखनऊ में उनके गोमतीनगर विस्तार स्थित शालीमार विस्टा अपार्टमेंट से टीम ने कई दस्तावेज, बैंक खातों से जुड़ी डिटेल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को कब्जे में लिया है। सचिन सावंत यहीं पर रहते हैं। टीम फ्लैट पर गहन छानबीन करती रही। वहां मिले हर दस्तावेज जांचे गये। सचिन सावंत मुंबई में इडी के डिप्टी डायरेक्टर थे। उसी समय उन पर आरोप लगा था। इस समय सचिन सावंत एडिशनल कमिश्नर कस्टम लखनऊ हैं।

### जेल अधीक्षक हामिद अख्तर ने हाइकोर्ट से वापस ली याचिका

**रांची (आजाद सिपाही)। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार के अधीक्षक हामिद अख्तर ने हाइकोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। इडी की कार्रवाई के खिलाफ अधीक्षक हामिद अख्तर ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जेल मैनुअल और अन्य सुरक्षा पहलुओं का हवाला देते हुए उन्होंने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।**

**वकील से पूछताछ : इधर हाइकोर्ट के अधिवक्ता हिमांशु मेहता बुधवार को इडी के सामने पेश हुए। इडी की टीम ने उनसे करीब छह घंटे पूछताछ की। अधिवक्ता पर रांची में सेना के कब्जे वाली जमीन की सौदेबाजी में हुई गड़बड़ी में मदद करने का आरोप है। पूछताछ के बाद उन्हें घर जाने की इजाजत दे दी गयी।**

## सरयू राय के खिलाफ मंत्री की मानहानि याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा विधायक सरयू राय के खिलाफ चाइबासा स्थित विशेष एमपी-एमएलए न्यायालय में दायर मानहानि की याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मंत्री ने 10 मई को अपने अधिवक्ता प्रकाश झा के माध्यम से शिकायतवाद दाखिल किया था, जिसमें विधायक सरयू राय के खिलाफ आरोप लगाया गया था कि उन्होंने राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण अपने सोशल मीडिया (ट्विटर



एवं फेसबुक) हैंडल और स्थानीय समाचार पत्रों में गलत जानकारी एवं असत्य तथ्य प्रसारित किया है कि मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा प्रतिबंधित हथियार रखा गया है और उसका उपयोग किया गया है। इसके बाद तीन मई को मंत्री बन्ना गुप्ता के अधिवक्ता प्रकाश झा द्वारा लीगल नोटिस भेजा गया था, जिसका विधायक सरयू राय द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया था और उक्त लीगल नोटिस की जगह कूड़ेदान में बताया गया था। जन प्रतिनिधियों के विशेष न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार के न्यायालय द्वारा शिकायतकर्ता के एसए एवं कोर्ट में जमा किये गये दस्तावेज का परीक्षण किया गया, जिस पर कोर्ट ने शिकायकर्ता बन्ना गुप्ता की शिकायत को 'नन मेंटनेबल' करार दिया। साथ ही कोर्ट में शिकायतकर्ता बन्ना गुप्ता द्वारा कराये गये तथ्यों और परिस्थितियों से यह नहीं पाया कि आरोपी सरयू राय के खिलाफ आगे बढ़ने के लिए रिकॉर्ड पर पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है। इसलिए कोर्ट ने विधायक सरयू राय के विरुद्ध दायर शिकायत (सं. 182/2023) को खारिज कर दिया। विधायक सरयू राय की ओर से कोर्ट में अधिवक्ता अनिंदा मिश्रा, सौरव सिन्हा, प्रतीक शर्मा और महादेव शर्मा पक्ष रख रहे थे।






आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 जून, 2023
www.azadsipahi.in



## मुख्यमंत्री से अमेरिका के एफिसीएंस सिस्टम के सीइओ ने की मुलाकात

# कई सेक्टर में राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य करने की जतायी इच्छा

**सरकार ने एंबुलेंस सिस्टम को मजबूत करने की योजना बनायी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को अमेरिका के एफिसीएंस सिस्टम (इएफआइ सीइएनएस) के सीइओ संजीव कुमार, रामू और शिवनाथ ने औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर, एजुकेशन, हेल्थ केयर और स्मार्ट सिटी समेत कई और सेक्टर में डिजिटली काम कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि झारखंड के विकास के लिए आपका जो विजन है, उसके अनुरूप हमारी कंपनी राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य करने को इच्छुक है। राज्य सरकार को इन सभी सेक्टर्स के तकनीकी और डिजिटल क्षेत्र में जो भी सहयोग चाहिए, उसे हमारी कंपनी प्रोवाइड करायेगी।



### हेल्थ सेक्टर की बेहतरी के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के भौगोलिक परिवेश को देखते हुए हेल्थ सेक्टर को बेहतर करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में सरकार ने एक योजना बनायी है, जिसमें जिलों के अस्पतालों को सभी आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध करायी जायेगी। इसके साथ अन्य अस्पताल भी टेलीमेडिसिन के माध्यम से जुड़े रहेंगे, ताकि मरीजों को दूसरे राज्यों के बड़े और बेहतर अस्पतालों की तरह अपने ही राज्य में उच्च कोटि का चिकित्सीय इलाज और संसाधन उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि ओला और उबर की तर्ज पर झारखंड में भी सरकार एंबुलेंस सिस्टम को मजबूत करने की योजना बनायी है, ताकि मरीजों को निकट के अस्पतालों में भर्ती कराने में किसी प्रकार का कोई विलंब या परेशानी नहीं हो। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि इस क्षेत्र में अगर आप डिजिटली सहयोग करना चाहेंगे तो सरकार आवश्यक पहल करेगी।

# 'मनरेगा से संचालित योजनाएं धरातल पर दिखायी दें'

**ग्रामीण विकास विभाग की उप विकास आयुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर की अध्यक्षता में बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग सभागार में ग्रामीण विकास की योजनाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गयी। बैठक में सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि मनरेगा योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों के रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम है। इस दौरान उन्होंने सभी उप विकास आयुक्तों को मनरेगा कार्य की पूरी तरह से निगरानी करते हुए मनरेगा से संचालित योजनाएं धरातल पर दिखायीं दें, इसे सुनिश्चित करने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में मनरेगा से संचालित योजनाओं को लेकर अन्य कई महत्वपूर्ण निर्देश उप विकास आयुक्तों को दिये गये।



**ससमय लक्ष्य पूरा करें, नहीं मिलनी चाहिए शिकायत : सचिव**

सचिव, ग्रामीण विकास ने कहा कि ग्रामीण विकास की योजनाओं में उप विकास आयुक्त का महत्वपूर्ण रोल है। लक्ष्य पूरा करने पर ध्यान दें, लेकिन शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए। अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत 75 तालाबों का जीर्णोद्धार/निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सचिव ने ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त रूर्बन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जेएसएलपीएएस और जलछाजन की भी समीक्षा की गयी।

**मानव दिवस सृजन में आवश्यक प्रगति का निर्देश**

बैठक के दौरान सचिव चंद्रशेखर ने मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में आवश्यक प्रगति का भी निर्देश दिया। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी के द्वारा लंबित योजनाओं की जानकारी लेते हुए कार्ययोजना बना कर सभी उप विकास आयुक्तों को उसे अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सभी उप विकास आयुक्तों को निर्देशित किया कि 30 जुलाई तक बिरसा हरित ग्राम के तहत गड्ढों की भराई कार्य पूर्ण करें एवं बिरसा हरित ग्राम के तहत जो भी लक्ष्य मिले हैं, उसे पूर्ण करें।

## हाइकोर्ट में कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र मामले की हुई सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट में बुधवार को कांके विधायक समरी लाल द्वारा वर्ष 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिये गये जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की चुनाव याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका (आइए) पर रिटर्निंग ऑफिसर को जवाब के लिए अंतिम मौका दिया है।

आइए दाखिल याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि रिटर्निंग ऑफिसर आर्डर शीट का सर्टिफाइड कॉपी जो उन्हें रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से दिया गया था, वह अधूरा है।

इसलिए कोर्ट का आदेश नहीं मानने को लेकर रिटर्निंग ऑफिसर के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाये। इसके अलावा आइए में याचिकाकर्ता ने कोर्ट से रिटर्निंग ऑफिसर आर्डर शीट की संपूर्ण दस्तावेज मंगवाने का आग्रह भी किया है।

कोर्ट ने मामले की सुनवाई साम जुलाई निर्धारित की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विभास सिन्हा ने पैरवी की। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पैरवी की।

## फ्लैट का ताला तोड़ कर एक लाख 20 हजार की चोरी

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सफा अपार्टमेंट के तीसरे तल्ले के एक फ्लैट का ताला तोड़ कर नगदी सहित लाखों के सामान की चोरी कर ली गयी। इस संबंध में मोहम्मद मुस्तफा कमाल ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि मोहम्मद मुस्तफा कमाल परिवार के साथ बाहर गये थे। बुधवार को लौटे तो देखा कि फ्लैट का ताला टूटा हुआ है और अलमारी से 30 हजार नकदी और 90 हजार के जेवर की चोरी हो गयी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर रही है।

## झामुमो का राज्यपाल और भाजपा पर निशाना

# राज्यपाल सिर्फ केंद्र की योजनाओं का जिक्र करते हैंः सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य राज्यपाल और विपक्षी दल भाजपा जमकर निशाना साधा। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में एक नया ट्रेंड शुरू हुआ है। हर सप्ताह केंद्रीय मंत्री झारखंड राज्य पहुंच रहे हैं और 9 साल मोदी बेमिसाल की रट लगा रहे हैं। वहीं राज्यपाल भी राज्य के कुछ हिस्सों में दौरा कर रहे हैं लेकिन वे सिर्फ केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र जनता के समक्ष कर रहे हैं। वहीं राज्य सरकार की योजनाओं पर क्यों नहीं बोलते। उक्त बातें श्री भट्टाचार्य बुधवार को झामुमो केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से कहीं। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि हम चाहेंगे कि साल 2024 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मौजूदा राज्यपाल के सामने ही अपना शपथ ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश कहते हैं कि स्पीकर को बर्खास्त करें। क्या विधानसभा स्पीकर फोर्थ ग्रेड के कर्मचारी हैं। 27 जून को भाजपा नेता राज्यपाल को कोल्हान का दौरा के लिए टास्क देने राजभवन गये थे। भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य ने गति पकड़ी ही है कि भाजपा खोलपाल करने में लग गयी है। हमें जवाब भी देने आता है। 27 जून को पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन हुआ लेकिन इस मौके पर सीएम हेमंत सोरेन को आमंत्रण तक नहीं मिला। यह एक गंभीर मामला है। आखिर भाजपा के नेता अपने राज्यपाल से क्या संदेश देना चाहते हैं। अगर वे फेडरेशन सिस्टम को नहीं मानते हैं तो बोल दें। भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा हमारी सरकार की पहल से गड़बड़ा गयी है। आज साढ़े तीन साल हो गये। सीपी सिंह प्रदेश भाजपा में सबसे अनुभवी नेता हैं फिर पार्टी उन्हें नेता प्रतिपक्ष क्यों नहीं बनाती है। भट्टाचार्य ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता सरकारी नौकरी देने की है और इसका एक सिलसिला चल पड़ा है। बहुत जल्द और भी नियुक्तियां आपको देखने को मिलेगी।



# बकरीद और रथ मेला को लेकर पुलिस पदाधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में बकरीद और रथ मेला को लेकर बुधवार को पुलिस पदाधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकाला। शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस ने गश्ती की। सीनियर एसपी के नेतृत्व में बकरीद को लेकर डोरंडा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व सीनियर एसपी, ग्रामीण एसपी, सिटी एसपी सहित एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, हटिया डीएसपी, डोरंडा थाना प्रभारी सहित पुलिस के जवानों इसमें शामिल हुए। बकरीद और रथ मेला को देखते हुए पुलिस की ओर से आम लोगों से अपील भी की गयी है।



### पुलिस ने आमजन से की है अपील

रांची पुलिस की ओर से बकरीद को लेकर अपील की गयी है। पुलिस ने कहा है कि त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनायें। सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द्र के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखें। किसी भी प्रकार के तथ्यहीन, भ्रामक, झूठी सूचना, फोटो, वीडियो और धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर शेयर करने से बचें एवं किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान देने से बचें। पुलिस ने लोगों से किसी भी तरह की परेशानी को लेकर सूचना देने को कहा है।

**हेल्पलाइन नंबर किया जारी**

पुलिस ने एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। पुलिस ने कहा है कि अप्रिय घटना, उसका प्रयास या असामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना कंट्रोल रूम को दें। इसके लिए व्हाट्सएप कर सकते हैं। पुलिस ने इसके लिए 6299423768 नंबर जारी किया है। इसके अतिरिक्त 112 नंबर पर कॉल करने को भी कहा है।

# मुख्य सचिव से मिला झाप्रसे संघ का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) संघ की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 15 सूत्री लंबित मांगों (प्रीमियर सेवा, वेतन विसंगति, प्रोन्नति, लंबित विभागीय कार्रवाई, चाइल्ड केयर लीव और स्वास्थ्य बीमा इत्यादि) के समाधान के लिए बुधवार को मुख्य सचिव से मुलाकात की। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने संघ के सभी मांगों पर बिंदुवार गंभीरता से विचार करने के बाद उन पर यथोचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## आज से झारखंड सचिवालय में चार दिनों तक रहेगी छुट्टी

**रांची।** झारखंड सरकार के सचिवालय और इसके संलग्न कार्यालयों में गुरुवार से चार दिनों तक छुट्टी रहेगी। दरअसल 29 जून को इद-उल-अजहा (बकरीद) के कारण छुट्टी रहेगी। इसके अगले दिन 30 जून को हूल दिवस की छुट्टी है। जबकि एक और दो जुलाई को शनिवार और रविवार होने के कारण सचिवालय की छुट्टी है।

# खनन पदाधिकारी संजय कुमार शर्मा पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने खान निरीक्षक और पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के प्रभारी खनन पदाधिकारी संजय कुमार शर्मा पर लगे आरोपों को प्रथम दृष्टया में सही पाया है। अब शर्मा के विरुद्ध विभागीय जांच और कार्यवाही होगी। इसे लेकर राजभवन ने संकल्प जारी कर दिया है। इसके लिए राजभवन ने खान निदेशालय के सेवानिवृत अवर खान सचिव विनोद कुमार शर्मा को जांच पदाधिकारी और विभागीय कार्यवाही संचालन के लिए अधिकृत किया है। इन्हें आदेश दिया गया है कि आदेश निर्गत होने की तिथि से 15 दिनों के अंदर जांच के लिए संचालन पदाधिकारी को लिखित बचाव बयान उपलब्ध कराते हुए उसकी प्रति विभाग को उपलब्ध करायें। बताते चलें कि प्रभारी खनन पदाधिकारी संजय कुमार शर्मा पर पूर्वी सिंहभूम जिले के हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा सुरदा कॉपर खनन पट्टा के संविदा के निष्पादन समय पर नहीं कराने और खनन पट्टा संविदा का निष्पादन लंबित रहने पर भी खनिज उत्पादन की अवैध अनुमति प्रदान किया था। जो खनन और खनिज संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा-4 और झारखंड मिनिरल्स रूल 2017 के नियम-9 के प्रावधानों का दुरुपयोग और उल्लंघन है।

# इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड 2023 शैक्षणिक वर्ष में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड ने शैक्षणिक वर्ष 2023 के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए प्रवेश परीक्षा तिथियों की घोषणा की है। प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित की जायेगी, जहां इच्छुक उम्मीदवार अपने घर से ऑनलाइन परीक्षा दे सकते हैं। प्रेस को संबोधित करते हुए इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रमन कुमार झा ने कहा, झारखंड के छात्रों को उत्कृष्ट स्तर की शिक्षा प्रदान करने के लिए, इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड सत्र 2024-25 में कई नये पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इक्फाई विश्वविद्यालय पूरी तरह से उभरती इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी, भाषाविज्ञान, नेतृत्व और एफडीपी/एमडीपी कार्यक्रमों के क्षेत्र में केंद्रित है। फिलहाल नये सत्र से हम अपने स्कूलों के माध्यम से फैकल्टी सर्टिफिकेट प्रोग्राम देंगे और उन्हें यहां प्रदर्शित भी करेंगे। यह सत्र बच्चों के करियर ओरिएंटेशन की ताकत बढ़ाने और कौशल सिखाने पर भी केंद्रित है। शिक्षा के इन सभी विषयों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा जोर इनोवेशन और स्टार्टअप पर रहेगा, इसलिए हमने विन (वर्ल्ड इनोवेशन नेटवर्क) के साथ समझौता किया है। इसके लिए हमने इनक्यूबेटर और इनोवेशन लैब्स भी बनायी हैं।

इसके जरिए हम छात्रों को प्रशिक्षित करेंगे। इस पूरी प्रक्रिया में फैकल्टी को भी शामिल किया जायेगा ताकि विश्वविद्यालय के छात्र तीन से चार साल में पास होने के बाद अपना स्टार्टअप शुरू कर सकें। यह सर्टिफिकेट प्रोग्राम छात्रों के लिए पूरी तरह से निःशुल्क होगा। प्रवेश परीक्षा के तौर-तरीकों के बारे में बताते हुए, रजिस्ट्रार प्रोफेसर अरविंद कुमार ने कहा, आइयूजेट यूनिवर्सिटी झारखंड एंट्रेंस टेस्ट (आइयूजेट-2023) सभी पंजीकृत छात्रों के लिए दो बार आयोजित किया जायेगा। बैच 1 के लिए टेस्ट की तारीख 8 और 9 जुलाई, 2022 है और बैच 2 के लिए 22 और 23 जुलाई है। इच्छुक उम्मीदवार पंजीकरण फॉर्म भरकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं, जिसका लिंक https:// forms.gle/6wj39oWdLCnAhVV4A है। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट (https://iujharhand.edu.in/IUJ-Entrance-Test.html) पर जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा परिणाम और प्रवेश के आगे के चरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जायेंगे। किसी भी प्रश्न के मामले में, छात्र ईमेल studentservices @ iujharhand.edu.in पर कर सकते हैं।

## जायजा : झिरी में निर्माणाधीन कचरा संधारण प्लांट का सांसद संजय सेठ ने किया निरीक्षण

# प्रतिदिन 300 टन कचरे का होगा संधारण, रांची को कचरे से मिलेगी मुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत सांसद संजय सेठ ने बुधवार को झिरी में गेल इंडिया द्वारा बनाये जा रहे कचरा संधारण प्लांट का अवलोकन किया। इस दौरान सांसद के साथ गेल इंडिया के निदेशक संजय कश्यप और सिटीजन फाउंडेशन के सचिव गणेश रेड्डी, राजीव कमल बिट्टू भी मौजूद रहे।

झिरी में गेल के द्वारा 300 टन के कचरा संधारण का प्लांट निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। सांसद ने वहां पर प्लांट निर्माण से संबंधित जानकारियां प्राप्त कीं। जनता को होने वाले लाभ की भी जानकारी ली। सांसद ने अधिकारियों से कार्यस्थल का नक्शा देखा और उन्हें इस कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान सांसद संजय सेठ ने उक्त निर्माण कार्य स्थल पर पौधरोपण भी किया। इस दौरान सेठ ने कहा कि 2 वर्ष पूर्व मेरे आग्रह पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पूरी ने यहां 150 टन कचरा संधारण के प्लांट की स्वीकृति दी थी।



रांची की बढ़ती आबादी और कचरे की स्थिति को देखते हुए मैंने उनसे इसे 300 टन का प्लांट बनाने का आग्रह किया था। इस आलोक में उन्होंने इसकी भी त्वरित स्वीकृति दी। खुशी की बात है कि युद्ध स्तर पर यहां निर्माण कार्य चालू है। कार्य के पूर्ण होने के बाद यहां प्रतिदिन 300 टन तक कचरे का संधारण किया जा सकेगा। सांसद ने बताया कि प्रथम चरण में दिसंबर तक 150 टन कचरे का संधारण कार्य शुरू हो जायेगा। मई 2024 तक 150 टन का दूसरा प्लांट भी चालू हो जायेगा। सेठ ने बताया कि यहां कचरे से खाद और ईंधन-सीएनजी भी बनाया जायेगा। इसके लिए भी सेंटर स्थापित करने का कार्य प्रक्रियाधीन है। इससे यहां पर कचरा प्रबंधन का बेहतर कार्य हो सकेगा। रांची को एक बड़ी समस्या से मुक्ति मिलेगी और उसका सदुपयोग भी दिखेगा। सांसद ने इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। सांसद ने कहा कि उन्होंने रांची लोकसभा क्षेत्र की जनता के हित के लिए सदैव अपना आशीर्वाद दिया है।

# जानबूझकर टाना भगतों को फंसाया जा रहा हैः शिवाजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष बुधवार को झारखंड प्रदेश टाना भगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक निर्माण समिति ने टाना भगत रैली निकाली और सत्याग्रह किया। इसमें केडी टाना भगत समेत सैकड़ों टाना भगत शामिल हुए। टाना भगतों ने कहा कि पिछले साल लातेहार में हिंसा व पुलिस लाठी जार्च के दौरान गिरफ्तार किये टाना भगतों को सितंबर तक जेल से रिहा नहीं किया गया तो अक्टूबर में गांधी जयंती पर पूरे राज्य में उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि टाना भगतों के साथ अन्याय हो रहा है। नागपुर से आये शिवाजी राव माघे ने कहा कि टाना भगत देश के सच्चे अनुयायी हैं। जानबूझकर उन्हें फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री से सकारात्मक पहल करने का भरोसा है। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि 200 टाना भगतों को नामजद किया गया और 38 को झारखंड की जेलों में डाल दिया गया। यह अन्याय पूर्ण है। कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप बालमुचू बोले, यदि टाना भगतों को न्याय नहीं मिला तो लोगों का न्याय और न्यायालय से भरोस उठ जायेगा। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत बोले, झारखंड में आदिवासियों-मूलवासियों के अधिकारों को कुचला जाना गंभीर चिंता की बात है।

# गोल ने बिहार और झारखंड के मेडिकल में सफल सैकड़ों छात्रों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिहार और झारखंड में मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों की पहली पसंद बन चुके गोल इंस्टीट्यूट ने बुधवार को वापू सभागार, गांधी मैदान पटना में आयोजित सम्मान समारोह में अपने सैकड़ों सफल छात्रों को सम्मानित किया।

गोल के द्वारा आयोजित इस समारोह में गोल इंस्टीट्यूट के बिहार और झारखंड से लगभग 700 से अधिक सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। काय्रक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में वक्तव्य देते हुए बिहार सरकार के विकास आयुक्त, विवेक कुमार सिंह, आइएएस ने कहा कि सफल छात्रों को आने वाले समय में समाज की कई अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा। उन्होंने छात्रों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया इस समारोह में पीएमसीएच पटना के प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ विद्यापती चौधरी, प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट पद्मश्री डॉ. विजय प्रकाश, प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. गौरव मिश्रा के अलावा कई अन्य गणमान्य अतिथि ने सफल छात्रों से अपने अनुभव को साझा किये और चिकित्सा और स्वास्थ के क्षेत्र में भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिये।



वहीं सफल छात्रों को सफलता पर बधाई देते हुए गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर और एमडी विपीन सिंह ने कहा कि विषम परिस्थितियों के बावजूद सफलता प्राप्त करने वाले इन सफल छात्रों पर हमारा संस्थान गौरवान्वित है। उन्होंने सफलता का श्रेय छात्रों के अथक परिश्रम और उनके अभिभावकों के सहयोग को देते हुए कहा कि हमारी टीम लगातार छात्रों के सफलता के लिए प्रतियोगिता के नए प्रारूप के अनुसार तैयादी करवा रही है। उसी का परिणाम है कि आज बिहार एवं झारखंड से साधारण प्रतिभा वाले छात्र भी सफल हो रहे हैं।

वहीं गोल इंस्टीट्यूट की ज्वाइंट डॉयरेक्टर डॉ ममता सिंह ने कहा कि मेडिकल प्रोफेशन में छात्रों को अपने हित के पहले अपने मटीजों का ख्याल रखना होता है। इसलिए छात्र इस नोबल प्रोफेशन में समाज सेवा को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ेगी। इसके साथ इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने बताया की इस वर्ष में 6521 छात्रों ने क्वालिफाई किया जिनमें से 752 छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेज में एडमीशन मिलने की संभावना है।

# संत जेवियर्स कॉलेज क्षेत्रवार सर्वे में पूर्वी भारत में फिर अव्वल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इंडिया टुडे के एनुअल सर्वे 2023 में पढ़ाई के मामले में संत जेवियर्स रांची ने पूर्वी भारत में सर्वश्रेष्ठ कॉलेज के रूप में अपनी जगह बनायी है।

कॉलेज ने कला संकाय के क्षेत्र में देश भर के 173 कॉलेजों के सर्वे में 32वां स्थान हासिल किया है। वहीं विज्ञान संकाय में 198 कॉलेजों में 75 वां स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य संकाय के सर्वे में 225 कॉलेजों में 35वां स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही बीबीए 201 कॉलेजों के सर्वे में 31वां स्थान प्राप्त किया है। क्षेत्रवार सर्वे रिपोर्ट 2023 के अनुसार पूर्वी भारत में संत जेवियर्स कॉलेज रांची ने वाणिज्य व आर्ट्स में दूसरे स्थान पर अपना परचम लहराया है। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक भारत में तेजी से उभरते कॉलेज में संत जेवियर्स ने अपना स्थान बरकरार रखा है। यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य फादर नबोर लकड़ा एसजे और उप-प्राचार्य फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एस जेने दी।

# पीएलएफआइ से जुड़े 3 अपराधी गिरफ्तार

## बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे अपराधी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस ने घटना को अंजाम देने की फिराक में पहुंचे पीएलएफआई से जुड़े तीन अपराधी को पिस्टल और कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी में आकाश सिंह उर्फ एलेक्स, बिनय तिरंगा ओर अजय नायक का नाम शामिल है। आरोपी के पास से चोरी की एक मोटरसाईकिल, एक कार, एक देशी पिस्टल मैगजीन सहीत एक देशी कट्टा तथा पांच जिन्दा गोली बरामद किया गया। तीनों आरोपी पीएलएफआई प्रतिबंधित संगठन का सदस्य होना, लेवी, रंगदारी वसूलना अवैध रूप से जमीन कब्जा करना वगैरह अपराध कारित करने की बात स्वीकार किया गया है।

रांची एसएसपी को सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी आकाश सिंह उर्फ एलेक्स, बिनय तिरंगा ओर अजय नायक घटना को अंजाम देने के फिराक में है, इन अपराधी द्वारा पूर्व मे हत्या, लूट, रंगदारी लेवी वसूलना वगैरह जैसे गम्भीर अपराधिक कांडों में आरोपित है, जो पीएलएफआई से भी संबंध रखते हैं। वर्तमान में अपने गैंग के साथ अवैध हथियारों का प्रयोग कर जबरदस्ती पैसा लेकर जमीन पर अवैध कब्जा दिलवाने एवं जमीन खरीद बिक्री करने वालों से पीएलएफआई संगठन का धमकी देकर अवैध लेवी, रंगदारी वसूली करने का अपराध करते है। इनका बात नहीं मानने बालो को हत्या जैसे जघन्य कांड का भी अपराध करते है। वर्तमान में इनके गैंग में अवैध हथियार भी है। इन अपराधियो ने गैंग के साथ कोई बड़ी अपराधिक घटना करने का मनसूबा बनायें हुए हैं। सूचना पर छापामारी कर तीनो अपराधी को गिरफ्तार किया गया। इन अपराधियों पर रांची के विभिन्न थाना में करीब डेढ़ दर्जन मामला दर्ज है।

# अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक में संगठन मजबूती पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुधवार को करम टोली स्थित प्रदेश कार्यालय में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी, जिसमें संगठन को मजबूत करने और जल्द से जल्द संगठन का विस्तार करने पर गहण चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा कि प्रदेश में वैश्य का हक मारा जा रहा है और ऐसे में आज वैश्य समाज को एकजुट होना होगा। अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना ही पड़ेगा। आज के समय में बिना कुछ मांगे मिलता नहीं है। अपना अधिकार लेना पड़ता है और इसके लिए हमें संगठित होना ही पड़ेगा। वहीं इस बैठक में तय किया गया कि 5 सदस्य टीम का गठन कर झारखंड के सभी क्षेत्रों का दौरा किया जाएगा। इस दौरान समाज की समस्याओं से अवगत होते हुए सभी को संगठन से जोड़ने का काम किया जाएगा। वहीं प्रदेश महामंत्री संजय चौधरी ने बताया जल्दी सभी आजीवन सदस्यों की एक बैठक आयोजित की जाएगी और बैठक के बाद प्रदेश कमेटी की घोषणा की जाएगी। इस बैठक में सर्वसम्मति से संजय पोद्दार को रांची जिला का अध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक में डॉ विजय प्रकाश उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी, परमानंद मोदी, डॉ दिलीप सोनी, ललित चौधरी, अरविंद गुप्ता प्रमोद साहू, अमित साहू, बद्री भगत, राज किशोर साहू सहित सैकड़ों की संख्या में वैश्य बंधु उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने समाजसेवियों को किया सम्मानित

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने जनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को कई लोगों को सम्मानित किया। रांची के बरियातू में स्थित गुरु नानक होम फॉर हैंडिकैप्ड चिल्ड्रेन में वहां के मेडिकल डायरेक्टर डॉ सुरेश्वर पांडेय, सचिव व सेवानिवृत मेजर गुरुदयाल सिंह एवं कोषाध्यक्ष एस कवलजीत सिंह को समाज की बेहतरी में अहम योगदान देने के लिए उन्हें सम्मानित किया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


**AFFIDAVIT**



As per affidavit Ref. No. 559 dated 27.06.2023 I, Bhola shankar Mahto s/o Sri Ramdas Mahto R/o Vill. Paratu PO & Ps- Tatisilwai, Dist. Ranchi, Jharkhand, do hereby solemnly affirm as under :-

1. That I am an Indian citizen.
2. That Rounak Mahto is my son.
3. That a Adhar Card has been issued in the name of my son Rounak Mahto being Adhar no. 7360 0297 6701 & in said Adhar Card his date of birth is writ ten as 13/03/2010.
4. **That now I want to change the name of my son from Rounak Mahto to shiv Raj Mahto in the said Adhar Card**
5. That my son's true and correct date of birth is 13/03/2009. & now I want to change the date of birth of my son from 13/03/2010 to 13/03/2009 in Adhar Card of my said son from concerned authority.


## हाइकोर्ट ने एसएसपी, गृह विभाग से जवाब मांगा, कहा-

# शहर में भू-माफियाओं का जमीन पर कब्जा करना बेहद गंभीर मामला है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जस्टिस की जमीन हड़पने और बाउंड्री तोड़े जाने का मामला बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट तक जा पहुंचा। हाईकोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी और गृह विभाग से जवाब मांगा है। अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि शहर के बीचो-बीच दिन के चकाचौंध में भू माफियाओं का जमीन पर कब्जा करना बेहद गंभीर मामला है। जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा के कोर्ट ने इस मामले को सुनवाई के लिए चीफ जस्टिस के कोर्ट में भेज दिया है। अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 18 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। दरअसल भू माफियाओं ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जस्टिस स्वर्गीय युसूफ इकबाल की जमीन हड़पने कोशिश की थी। इसको लेकर लोअर बाजार थाना में जमीन की देखरेख के लिए प्रतिनियुक्त हवलदार जैनुल अंसारी द्वारा रविवार को मामला दर्ज कराया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि रविवार की सुबह अचानक जुनेद राज पप्पू अपने साथ 20-25 अज्ञात लोगों और मजदूरों को लेकर आए और स्वर्गीय न्यायाधीश की जमीन पर बनी दीवार को तोड़ने लगे। इसी दौरान लोअर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची, तो सभी लोग मौके से भाग गए। मौके पर सिर्फ मजदूर ही मौजूद थे। इन लोगों पर अवैध रूप से दीवार तोड़ कर जमीन में प्रवेश करने और धक्का-मुक्की और मारपीट का भी आरोप लगा है।

# नामकुम और जामताड़ा के कुंडहित सीओ के खिलाफ इटखोरी में केस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीसी अबू इमरान के आदेश पर सीओ रामविनय शर्मा ने इटखोरी के पूर्व सीओ बिनोद कुमार प्रजापति (वर्तमान में रांची जिला के नामकुम सीओ), पूर्व सीआइ नित्यानंद प्रसाद (वर्तमान में जामताड़ा जिला के कुंडहित सीओ) और पूर्व हल्का कर्मचारी गोविंद लाल (वर्तमान में पत्थलगड्डा में पदस्थापित) के खिलाफ इटखोरी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। इनके खिलाफ सरकारी दस्तावेजों (पंजी टू) से छेड़छाड़ का आरोप है। उक्त अधिकारियों ने वर्ष 2016 में इटखोरी में पदस्थापित रहते हुए सरकारी जमीन का घोटाला किया था।

**क्या है पूरा मामला**

मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 में सीओ बिनोद कुमार प्रजापति, सीआइ नित्यानंद प्रसाद और हल्का कर्मचारी गोविंद लाल इटखोरी में पदस्थापित थे। इन्होंने थाना नंबर 41, खाता नंबर 147, प्लॉट नंबर 1063 व रकवा 1.26 एकड़ सरकारी जमीन को रैयती बताते हुए लिलो कुंवरी (पति परमेश्वर दयाल) के नाम पर दर्शा कर पंजी टू में अंकित कर दिया था। उक्त अधिकारियों ने सरकारी जमीन का स्वरूप बदल कर उसे रैयती बता कर जमीन घोटाला किया है। मामले की जांच वर्ष 2022 में पूरी हुई। डीसी ने घटना को सही पाया। डीसी ने इसे गंभीरता से लेते हुए 21 जून को प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया। उनके आदेश पर 27 जून को प्राथमिकी दर्ज की गयी। जानकारी के अनुसार इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए सरकार को सूचित किया गया है।

# खेल और खिलाड़ियों के बीच समन्वय स्थापित करेगी राज्य सरकार: बन्ना गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के बीच समन्वय स्थापित करेगी। वह बुधवार को खेलगांव स्थित 13वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप और प्रथम झारखंड इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप के उद्घाटन के दौरान बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के विकास के लिए हरसंभव सहायता सरकार प्रदान करेगी। साथ ही कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए 40 खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को नियुक्त किया है। झारखंड के लोग शुरू से निशाना लगाने में माहिर होते हैं और तीर-धनुष से निशाना लगाते हैं। इसलिए राइफल शूटिंग में भी यहां के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बाद में पिस्टल से निशाना दाग कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

जेएसएसपीएस के सीओ जीके राठौर ने कहा कि सीसीएल और झारखंड सरकार मिल कर खिलाड़ियों के विकास के लिए काम कर रही है। खेलगांव स्थित स्टेडियमों का बेहतर उपयोग हो, इस दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।


E-mail - mdjscb@jscb.gov.in
Ph. No. 0651-2913111

**JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LTD, RANCHI**

1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001

Ref. : 938
Date:28.06.2023

FORM A
BALANCE SHEET AS ON 31ST MARCH' 2023

| PARTICULARS | SCHEDULE NO. | As on 31.03.2023 | As on 31.03.2022 |
|---|---|---|---|
| **CAPITAL & LIABILITIES** | | | |
| Capital & Grants | 1 | 1,62,82,67,172.51 | 1,62,67,91,972.51 |
| Reserves & Surplus | 2 | 61,15,70,131.35 | 60,96,15,836.35 |
| Deposits | 3 | 21,10,84,83,380.66 | 20,33,76,25,292.27 |
| Borrowings | 4 | 5,41,74,58,782.57 | 2,48,58,782.57 |
| Other Liabilties & Provisions | 5 | 3,41,47,90,428.67 | 3,95,12,25,288.97 |
| | **TOTAL** | **32,18,05,69,895.76** | **26,55,01,17,172.67** |
| **ASSETS** | | | |
| Cash & Balances with RBI | 6 | 14,64,60,963.31 | 13,35,74,083.69 |
| Balance with Banks & Money at call & short notice | 7 | 8,99,78,75,861.36 | 3,72,61,44,851.36 |
| | | | |
| Investments | 8 | 12,12,36,46,262.35 | 13,12,71,82,397.76 |
| Advances | 9 | 7,54,50,29,470.28 | 5,38,83,31,503.55 |
| Fixed Assets | 10 | 42,56,83,101.42 | 45,27,77,384.52 |
| Other Assets | 11 | 2,94,18,74,237.04 | 3,72,21,06,951.79 |
| | **TOTAL** | **32,18,05,69,895.76** | **26,55,01,17,172.67** |
| Contingent Liabilities | 12 | 7,83,36,014.78 | 96,81,651.12 |
| Off Balance Sheet Item | 17 | 56,10,09,198.54 | 10,18,413.01 |
| **FORM-B** | | | |
| **PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED 31ST MARCH' 2023** | | | |
| **INCOME** | | | |
| Interest Earned | 13 | 1,71,05,17,941.04 | 1,47,88,29,951.57 |
| Other Income | 14 | 6,05,03,480.33 | 8,93,14,257.48 |
| | **TOTAL** | **1,77,10,21,421.37** | **1,56,81,44,209.05** |
| **EXPENDITURE** | | | |
| Interest Expended | 15 | 89,28,88,587.64 | 70,19,15,611.73 |
| Operating Expenses | 16 | 47,10,87,154.31 | 45,67,81,519.65 |
| Provisions & Contingencies | | 10,10,41,846.65 | 20,45,85,938.00 |
| | **TOTAL:** | **1,46,50,17,588.60** | **1,36,32,83,069.38** |
| **PROFIT/LOSS ( I-II)** | | | |
| Net Profit /Loss for the year | | **30,60,03,832.77** | **20,48,61,139.67** |

In terms of our even date attached to the balance sheet for D. N. Dokania & Associates
Sd/-
CA.Naman K Dokania
MN: 417251
FRN: 050042C

Sd/- Sunil Kumar (Manager Accounts)
Sd/- S.K.Dhiraj (Manager Audit)
Sd/- Mukesh Kumar (Manager Credit)
Sd/- Dr. Manoj Kumar (C.E.O.)
Sd/- Smt. Bibha Singh (Chairman)


## राष्ट्रीय नारी शक्ति महिला संगठन ने झारखंड प्रदेश की नयी कमेटी का गठन किया

# आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन अपना प्रतिनिधि मैदान में उतारेगा : आरती बेहरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय नारी शक्ति महिला संगठन ने झारखंड प्रदेश की नयी कमेटी का गठन किया है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष डोली कुमारी, रांची जिल्ला अध्यक्ष प्रज्ञा भारती, खूंटी जिला के प्रभारी कांति देवी, खूंटी के जिला अध्यक्ष मालती देवी, गुमला जिला के जिला अध्यक्ष परदशीया देवी, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मीना उराइन, अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी, सिली के प्रखंड अध्यक्ष रूबी देवी को बनाया गया। वहीं बिहार से पूर्णिया जिला के जिला अध्यक्ष गीता झा, नारी शक्ति नेशनल सचिव सोनी सिंह, नारी शक्ति ट्रस्ट के नेशन

**राष्ट्रीय अध्यक्ष आरती बेहरा ने नयी कमेटी के सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया**

सचिन मिथिलेश कुमार नेशनल मीडिया सलाहकार चंदन कुमार नेशनल मीडिया प्रभारी रफी समी, सुनील साहू, सोहन मुंडा को जिम्मेवारी दी गयी। बुधवार को रांची के लालपुर स्थित सिटी पैलेस में संगठन का विस्तारित बैठक में निर्णय लिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आरती बेहरा ने नयी कमेटी के सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया। आरती बेहरा ने कहा कि महिलाओं के संघर्ष के लिए नारी शक्ति के सदस्य हमेशा तैयार रहे। महिलाओं की अधिकार देने में कोताही बरती जाती है। इसलिए संगठन ने फैसला लिया है आगामी विधानसभा चुनाव में उनके महिला प्रतिनिधि मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का महिला उत्थान के लिए बड़ा कदम उठाया जा रहा है। इसमें नारी शक्ति का महिला आसमानी ऑटो के नयी टीम का गठन किया गया है। वहीं झारखंड सरकार से मांग किया कि दिल्ली और महाराष्ट्र के तर्ज पर झारखंड राज्य में सरकारी बसों में लंबी दुरी पर आधा भाड़ा और रांची सिटी बस में भाड़ा मुफ्त किया जाये।

# एनएचएम के अभियान निदेशक बने आलोक त्रिवेदी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी को बनाया गया है। बता दें कि आलोक भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच के अधिकारी हैं. पूर्व में विशेष सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के पद पर पदस्थापित थे। वहीं झारखंड एड्स कंट्रोल सोसायटी के परियोजना निदेशक पद पर पदस्थापित 2012 बैच के आईएएस अधिकारी भुवनेश प्रताप सिंह को समाज कल्याण विभाग का निदेशक बनाया गया है। अपने कार्यों के अतिरिक्त भवनेश सामाजिक सुरक्षा, राज्य निशक्तता आयुक्त, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी तेजस्विनी परियोजना झारखंड के भी अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे।

# चुनावों में भागीदारी जरूरी

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का यह बयान महत्वपूर्ण है कि उनकी पार्टी अब जम्मू-कश्मीर में होने वाले हर चुनाव में शामिल होगी। उन्होंने कहा कि 2018 के बाद से पार्टी की सोच में काफी बदलाव आया है। ध्यान रहे, 2018 में पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों के चुनावों का जम्मू-कश्मीर के दोनों प्रमुख दलों- नैशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी- ने बहिष्कार किया था। चूंकि वे चुनाव पीडीपी-बीजेपी सरकार गिरने और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने के बाद हो रहे थे, इसलिए दोनों दलों ने यह कहते हुए इसका विरोध किया था कि राज्य में कोई निर्वाचित सरकार नहीं है। उनका कहना था कि वे अपनी ऊर्जा विधानसभा चुनावों के लिए बचाकर रखना चाहते हैं। बहरहाल, उसके बाद 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा समाप्त कर दिया गया और यह एक अलग राज्य भी नहीं रहा, दो केंद्र शासित क्षेत्रों में बंट गया। इसका विरोध करते हुए पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती और नैशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला दोनों ने फिर चुनावों से दूर रहने का ही एलान किया। महबूबा मुफ्ती ने कहा था कि जब तक अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष दर्जा वापस नहीं मिलता, वह चुनाव नहीं लड़ेंगी। इसी तरह उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस मिलने तक वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। निजी तौर पर चुनाव न लड़ने की दोनों नेताओं की घोषणा तो अभी कायम है, उसमें किसी तरह के संशोधन की बात इन लोगों ने नहीं कही है, लेकिन राज्य में चुनावों की जरूरत किसी न किसी रूप में सभी स्वीकारते हैं। नैशनल कॉन्फ्रेंस के एक अन्य प्रमुख नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला ने पार्टी का अध्यक्ष चुने जाने के बाद 2022 में ही कह दिया था कि 2018 का चुनाव बहिष्कार का फैसला गलत था। इस रोशनी में उमर अब्दुल्ला के ताजा बयान को देखा जाए तो यह जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक हलकों में इस मजबूत होते अहसास का संकेत है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली जरूरी है और किसी भी तर्क से इसमें बाधा डालना हर किसी के लिए नुकसानदेह होगा। यह अहसास इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि अब जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव की न सिर्फ जरूरत महसूस की जा रही है, बल्कि संभावना भी जताई जा रही है। इस बीच, केंद्र सरकार ने भी यहां शांति और विकास सुनिश्चित करने के प्रयास किए हैं। इनकी सफलता की मात्रा को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन सबकी सार्थकता आखिरकार इसी बात में है कि वहां निर्वाचित सरकार कामकाज संभाले और लोग अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए शांति के साथ विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

**जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नैशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उनकी पार्टी राज्य के हर चुनाव में हिस्सा लेगी। 2018 के स्थानीय चुनाव का पार्टी ने बहिष्कार किया था। उनके साथ ही पीडीपी की महबूबा मुफ्ती ने भी चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आर्टेमिस समझौता एक गैर-बाध्यकारी समझौता है, जिसके तहत कोई वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं है। इस समझौते पर 13 अक्टूबर, 2020 को आठ संस्थापक राष्ट्रों - ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इटली, जापान, लक्जमबर्ग, यूएई, यूके और संयुक्त राज्य अमेरिका ने हस्ताक्षर किए थे। इसके सदस्यों में जापान, फ्रांस, न्यूजीलैंड, यूके, कनाडा, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन जैसे पारंपरिक अमेरिकी सहयोगी देश शामिल हैं, जबकि रवांडा, नाइजीरिया जैसे अफ्रीकी देश नए भागीदार हैं।**

# भारत और अमेरिका ने प्रौद्योगिकी संचालित सामान के सहयोग युग की शुरुआत की



**डॉ. जितेंद्र सिंह**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल ही में समाप्त हुई संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा इस अर्थ में ऐतिहासिक है कि इसने आने वाले वर्षों के लिए भारत को एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया है। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका प्रौद्योगिकी संचालित समान सहयोग के युग में प्रवेश कर रहे हैं और यह सहयोग उस यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है, 'आकाश ही सीमा नहीं है।'

वास्तव में, इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है, जिन्होंने पिछले 9 वर्षों के दौरान कई गैर-परंपरागत और नयी राह दिखाने वाले अभिनव निर्णय लिए, जिनकी वजह से भारत प्रमुख क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम हुआ। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका, जिसने भारत से कई वर्ष पहले अपनी अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत की थी, आज भारत को अपने भविष्य के प्रयासों में एक समान भागीदार के रूप में आमंत्रित करता है।

21 जून को वाशिंगटन स्थित विलार्ड इंटर-कॉन्टिनेंटल होटल में एक समारोह के दौरान, भारत आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 27वां देश बन गया।

**21 जून को भारत आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 27वां देश बन गया।**

आर्टेमिस समझौता, शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए राष्ट्रों के बीच नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए सिद्धांतों के एक व्यावहारिक समूह की स्थापना करता है। यह भारत को चंद्रमा और अन्य खगोलीय पिंडों की खोज के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले आर्टेमिस कार्यक्रम में भाग लेने में सक्षम बनाता है। ध्यान देने योग्य है कि यह समझौता अंतरिक्ष क्षेत्र में, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के आयात से जुड़े प्रतिबंधों में छूट देने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे भारतीय कंपनियों को अमेरिकी बाजारों के लिए प्रणाली विकसित करने और नवाचार करने में लाभ होगा। यह अन्य वैज्ञानिक कार्यक्रमों में भारत को संयुक्त रूप से भागीदार बनने की सुविधा प्रदान करेगा, मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रमों समेत विभिन्न गतिविधियों में दीर्घकालिक सहयोग के लिए सामान्य मानकों तक पहुंच की अनुमति देगा और माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, क्वांटम, अंतरिक्ष सुरक्षा आदि रणनीतिक क्षेत्रों में अमेरिका के साथ मजबूत भागीदारी की सुविधा प्रदान करेगा।

आर्टेमिस समझौता एक गैर-बाध्यकारी समझौता है, जिसके तहत कोई वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं है। इस समझौते पर 13 अक्टूबर, 2020 को आठ संस्थापक राष्ट्रों -ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इटली, जापान, लक्जमबर्ग, यूएई, यूके और संयुक्त राज्य अमेरिका ने हस्ताक्षर किए थे। इसके सदस्यों में जापान, फ्रांस, न्यूजीलैंड, यूके, कनाडा, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन जैसे पारंपरिक अमेरिकी सहयोगी देश शामिल हैं, जबकि रवांडा, नाइजीरिया जैसे अफ्रीकी देश नए भागीदार हैं।

आइए, यह समझने की कोशिश करें कि आर्टेमिस समझौते में शामिल होने से भारत को क्या लाभ होगा। एक अनुमान के मुताबिक, अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए वैश्विक सरकारी खर्च पिछले साल लगभग 103 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। लगभग 62 बिलियन डॉलर के साथ, अमेरिकी सरकार ने अकेले कुल धनराशि का आधे से अधिक खर्च किया। अमेरिका के बाद चीन ने लगभग 12 बिलियन डॉलर खर्च किये, जो इस समूह का हिस्सा नहीं है। रूस 3.4 बिलियन डॉलर के वार्षिक खर्च के साथ 5वें स्थान पर है। भारत 1.93 बिलियन डॉलर के वार्षिक बजट के साथ 7वें स्थान पर है।

आइए, हम वर्ष 2022 में ऑर्बिटल लॉन्च की संख्या के आधार पर विभिन्न देशों के अंतरिक्ष कार्यक्रमों की तुलना करते हैं। पेलोडस्पेस वेबसाइट कहता है कि पिछले साल 186 ऑर्बिटल लॉन्च के प्रयास किये गए, जिनमें अमेरिका ने 76, चीन ने 62, रूस ने 21 और भारत ने 5 ऑर्बिटल लॉन्च किए। अब, हम तीसरे प्रमुख मानक - अंतरिक्ष में उपग्रहों की संख्या - की तुलना करते हैं। उपग्रहों की निगरानी करने वाली वेबसाइट, 'ऑर्बिटिंग नाउ' के अनुसार, 4 मई 2023 तक, विभिन्न पृथ्वी कक्षाओं में 7,702 उपग्रह सक्रिय थे। अमेरिका के पास अधिकतम 2,926 सक्रिय उपग्रह हैं, इसके बाद चीन - 493, यूके - 450, रूस - 167 आते हैं, जबकि भारत 58 उपग्रहों के साथ 8वें स्थान पर है।

भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम छह दशक पुराना है और इसके सात साल बाद, 1969 में इसरो की स्थापना हुई। अंतरराष्ट्रीय सहयोग इसरो की पहचान रही है तथा इसने रूस की रुस्कोस्मोस और यूरोप की ईएसए जैसी विभिन्न लॉन्च एजेंसियों के साथ सहयोग किया है। इसरो ने 34 से अधिक देशों के 385 से अधिक विदेशी उपग्रह लॉन्च किए हैं।

2014 से पहले, इसरो कभी-कभार उपग्रह लॉन्च करता था, लेकिन पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी की शुरुआत के बाद, आज इसरो लगभग 150 निजी स्टार्टअप के साथ काम कर रहा है। सुदूर अंतरिक्ष मिशनों के लिए अरबों डॉलर की आवश्यकता होती है और इससे पूरी मानवता लाभान्वित होती है। इसलिए, यह जरूरी है कि राष्ट्र मानवता के लाभ के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करें। बिना समय गंवाए, समान विचारधारा वाले देशों को आगे आना होगा, सहयोग करना होगा और एक-दूसरे के लाभ और अनुभवों पर काम करना होगा, जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है, 'हमें अलग-थलग होकर काम नहीं करना चाहिए!'।

अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच नए सहयोग का पहला बड़ा स्पष्ट लाभ देखने के लिए हमें शायद लंबे समय तक इंतजार नहीं करना होगा। अगले साल एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजा जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद व्हाइट हाउस में इसकी पुष्टि कर चुके हैं।

पीएम मोदी की मौजूदा यात्रा के दौरान भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि नासा अपने एक सुविधा केंद्र में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को 'उन्नत प्रशिक्षण' प्रदान करेगा।

दोनों पक्षों के समान, अन्य क्षेत्रों के लिए भी परस्पर लाभ में तेजी देखने को मिलेगी। अमेरिकी मेमोरी चिप कंपनी, माइक्रोन टेक्नोलॉजी, इंक ने गुरुवार को कहा कि वह भारत के गुजरात में एक नई चिप असेंबली और परीक्षण सुविधा इकाई के लिए 825 मिलियन डॉलर तक का निवेश करेगी, जो देश में इसकी पहली निर्माण-इकाई होगी। केंद्र सरकार और गुजरात राज्य सरकार के सहयोग से इस सुविधा केंद्र में 2.75 बिलियन डॉलर का कुल निवेश किया जाएगा।

राष्ट्रपति बाइडेन और पीएम मोदी संयुक्त भारत-अमेरिका क्वांटम सहयोग व्यवस्था की स्थापना पर भी सहमत हुए, ताकि उद्योग, शिक्षा जगत और सरकार के बीच सहयोग को सुविधाजनक बनाया जा सके तथा एक व्यापक क्वांटम सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी समझौते की दिशा में काम किया जा सके। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्वांटम प्रौद्योगिकियों के संयुक्त विकास और व्यवसायीकरण और भारत में उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) सुविधाओं को विकसित करने के क्रम में सार्वजनिक-निजी सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए; यूएस-भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी एकमुश्त निधि के तहत 2 मिलियन डॉलर का अनुदान कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

राष्ट्रपति बाइडेन ने भारत को एचपीसी प्रौद्योगिकी और स्रोत कोड के अमेरिकी निर्यात में बाधाओं को कम करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस के साथ काम करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। अमेरिकी पक्ष ने भारत के उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक) के अमेरिकी एक्सेलरेटेड डेटा एनालिटिक्स और कंप्यूटिंग (एडीएसी) संस्थान के साथ सहयोग की शुरुआत के समर्थन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का वादा किया। साथ ही, अमेरिकी नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ) और भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा उभरती प्रौद्योगिकियों में 35 अभिनव संयुक्त अनुसंधान सहयोग को वित्त पोषित किया जाएगा।

राष्ट्रपति बाइडेन ने एआई पर वैश्विक साझेदारी के अध्यक्ष के रूप में भारत को अमेरिकी समर्थन का आश्वासन दिया। दोनों राजनेताओं ने गूगल के अपने 10 बिलियन डॉलर के भारत डिजिटलीकरण फंड के माध्यम से शुरुआती चरण के भारतीय स्टार्टअप तथा अन्य में निवेश जारी रखने के इरादे की सराहना की।

भारत का परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) प्रोटॉन इम्प्रूवमेंट प्लान-2 एक्सेलेरेटर की लॉन्ग बेसलाइन न्यूट्रिनो फैसिलिटी के सहयोगात्मक विकास के लिए अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) की फर्मी नेशनल लेबोरेटरी को 140 मिलियन डॉलर का योगदान देगा, जो अमेरिका की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सुविधा केंद्र होगी।

स्वास्थ्य क्षेत्र में, दोनों देशों के अनुसंधान संस्थान किफायती कैंसर प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों पर सहयोग करेंगे, जिनमें एआई सक्षम निदान और पूर्वानुमान भविष्यवाणी उपकरणों का विकास और मधुमेह अनुसंधान शामिल होंगे।

भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र को गति देते हुए एयर इंडिया 34 बिलियन डॉलर में 220 बोइंग विमान खरीदेगी। भारत-अमेरिका संबंधों के सबसे अच्छे होने का सबसे स्पष्ट संकेत यह है कि जैसा पीएम मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के अपने संबोधन में उल्लेख किया था, अमेरिका आज न केवल भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है; बल्कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग, भरोसेमंद संबंध को रेखांकित करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की यात्रा के अंत में जारी संयुक्त वक्तव्य के समापन वाक्य का निष्कर्ष के तौर पर उल्लेख किया जा सकता है, 'हमारी (भारत और अमेरिका) महत्वाकांक्षाएं और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने की हैं...।'

**(लेखक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं)**



अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच नए सहयोग का पहला बड़ा स्पष्ट लाभ देखने के लिए हमें शायद लंबे समय तक इंतजार नहीं करना होगा। अगले साल एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजा जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद व्हाइट हाउस में इसकी पुष्टि कर चुके हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# गुरुद्वारा प्रधान से मिले सांसद, मांगा समर्थन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** वैश्विक पहचान बन चुके देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर 'संपर्क से समर्थन' अभियान चलाया गया। बुधवार को अभियान के दौरान सांसद विद्युत वरण महतो शामिल हुए। मौके पर सांसद ने सीजीपीसी कार्यालय में सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह से आत्मीय मुलाकात कर उन्हे 9 सालों में मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। साथ ही मोदी सरकार की उपलब्धियों की पुस्तिका देकर समर्थन प्राप्त की। इस अवसर पर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के प्रधान भगवान सिंह और सीजीपीसी के प्रतिनिधि ने सांसद विद्युत वरण महतो को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सलाहकार सुरजीत सिंह खुशीपुर, महासचिव गुरचरण सिंह बिल्ला, अर्जुन सिंह वालिया, गुरदीप सिंह पप्पू, दलजीत सिंह, हरजिंदर सिंह, गुरनाम सिंह ,कुलदीप सिंह बुके, कुलदीप सिंह, ज्ञानी तेजपाल सिंह ,सुरेंद्र सिंह शिंदे ,सुखदेव सिंह बिट्टू ,दमनप्रीत सिंह,त्रिलोचन सिंह पांडे ,दर्शन सिंह काले, टिंकू सिंह,नवजोत सिंह सोहल , हरविंदर सिंह ,नीरज सिंह सहित अन्य शामिल रहे।



# ट्रेन से गिर कर महिला घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में ट्रेन से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बुधवार की सुबह रेल दुर्घटना में महिला की एक पैर कट गई। साथ ही महिला के शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई है। जानकारी मिलते ही रेल पुलिस व स्थानीय यात्रियों के सहयोग से गंभीर अवस्था में महिला को अस्पताल ले जाया गया। जहा महिला की इलाज चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार महिला आजमगढ़ की रहने वाली शीला चौहान है। फिलहाल रेल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सामाजिक सेवा संघ ने मजदूरों के अधिकार की मांग पर उप श्रमायुक्त को सौंपा मांग पत्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी के नाम पर जाना जाने वाले जमशेदपुर व आसपास के क्षेत्र में सैकड़ो कंपनियां है जहा हजारों हजार मजदूर प्रतिदिन अपने भरण पोषण के लिए कार्य करते है। लेकिन आये दिन मजदूरों के साथ ठेका कंपनियों के द्वारा शोषण होने की मामला प्रकाश में आती है। उधर शहर व आसपास क्षेत्र में समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कई वर्षों से मजदूरों का हक और अधिकार दिलाने का काम कर रहे। उन्होंने अब तक कई मजदूरों को उनका अधिकार दिलाने में भी सफल रहे। वैसे बुधवार को संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल ने टाटा मोटर्स कंपनी में कार्यरत ठेकेदार एस के टिंबर के द्वारा 6 वर्ष कार्य कराने के बाद मजदूरों को काम से बैठा देने पर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया मजदूर मनोज कुमार 6 साल,दीपांकर दुले 7 साल,सुभाष बधूक 6 साल कार्य कराने के बाद काम से बैठा दिया गया। ठेका कंपनी के द्वारा मजदूरों का फाइनल,छुट्टी और बोनस का रुपिया नहीं दिया गया। मांग करने पर आश्वासन देकर ऑफिस से भगा दिया जाता।समाजिक सेवा संघ उपश्रमायुक्त के नाम पत्र सोप कर मजदूरों न्याय दिलाने की मांग करती है। मौके पर संघ अध्यक्ष राजेश सामंत,अमित दास, सोनू श्रीवास्तव, डॉ भादूक,छोटे सरदार,मनोज बिश्राम,दीपांकर दुले, सुभाष बधुक सहित अन्य मौजूद रहे।

## एक दिवसीय निःशुल्क चर्मरोग जांच शिविर का आयोजन हुआ

# जल्द पहचान होने पर कुष्ठ रोगी को दिव्यांगता से बचाया जा सकता हैः डॉ राजीव लोचन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाकुलिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाकुलिया में एक दिवसीय निःशुल्क चर्मरोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को जांच शिविर में कुल 37 मरीजों की जांच कर 13 नया कुष्ठ रोगियों की सम्पुष्टि कि गयी। सभी को निःशुल्क एमडीटी दिया गया। वही कुष्ठ रोग से ग्रसित हो कर दिव्यांग हुए 4 पुराने मरीजों को एमसीआर चप्पल और शेल्फ केयर किट प्रदान किया गया। वही सहियाओं के द्वारा कुष्ठ रोग खोज अभियान में चिन्हित संदेहास्पद कुष्ठ मरीजों को डॉ राजीव के द्वारा संपुष्टि कर एमडीटी दवा दिया गया। उन्होंने कहा कुष्ठ रोगियों से समान्य रोगी जैसा व्यवहार करना चाहिए। वे नियमित रूप से एमडीटी दवा का सेवन करने से बिल्कुल ठीक हो सकता। उन्होंने कहा कुष्ठ रोग छुने से नहीं फैलता, न यह पिछले जन्म का पाप है। इसका ईलाज सभी सरकारी स्वास्थ केन्द्रों में निःशुल्क है। दवा एवं परामर्श भी निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा जल्द इलाज कराने से दिव्यांगता से बचाया जा सकता। मौके पर कायचिकित्सक राज कुमार मिश्रा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजीत मुर्मू, पीएमडब्लू संगीता चाकी और संजय चटर्जी शामिल रहे।



# शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी मोर्चा ने खेल मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी मोर्चा के एक प्रतिनिधि मंडल ने झारखंड सरकार के युवा और खेल मंत्री हाफिजुल हसन अंसारी से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने एक मांग पत्र सौप कर झारखंड के 62 अंगीभुत महाविद्यालय में 11३ का नामांकन बंद होने पर लगभग 5000 शिक्षक और कर्मचारी के ऊपर बेरोजगारी का संकट मंडराने की जानकारी दी। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि समस्याओं में मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया गया। बहुत जल्द समायोजन की दिशा में सरकार काम करेगी। वही झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय शिक्षक और कर्मचारी तीसरे दिन भी महाविद्यालय परिसर में काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। मौके पर संजलि कौसर, जावेद अख्तर,राज किशोर मुर्मू,विनोद दास,संगीता , समीर मिश्रा, जीवेश सिंह सहित अन्य शामिल रहे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### थाना प्रभारी ने आरके प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भारत के इतिहास के बारे में पढ़ाया



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के आरके प्लस टू उच्च विद्यालय की 12वीं कक्षा के छात्र छात्राओं को इतिहास विषय की जानकारी बुधवार को रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने दी। उन्होंने भारत के आधुनिक इतिहास, प्राचीन इतिहास एवं मध्यकालीन इतिहास के बारे में बच्चों को पढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने गुलाम वंश, चंदेल बंश, इब्राहिम लोदी, पानीपत का युद्ध, मुगल साम्राज्य के अभ्युदय एवं पतन तथा अन्य विषयों की भी जानकारी दी। इस क्रम में भारत की संप्रभुता और इस पर आए आक्रमणकारियों की जानकारियां भी प्रस्तुत की। छात्र- छात्राओं को मोटिवेशनल क्लास देते हुए उन्होंने कहा कि 16 वर्ष से लेकर 25 वर्ष की आयु के छात्र-छात्राओं का सुनहरा मौका होता है। इस काल में आप अपने समय का सही उपयोग कर अपने जीवन को निखार सकते हैं तथा भारत का सभ्य नागरिक बनने में अपनी भूमिका अदा कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शहनाज अख्तर, इंद्र देव नारायण, अमित कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### आरकेवीएस में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय आरकेवीएस संस्थान में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में पौधरोपण किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार वृक्षों के पौधे लगाये गये तथा पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने उपस्थित प्राध्यापक व छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने पर्यावरण के महत्व व पेड़-पौधों से मिलने वाले लाभ और जल संरक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। यह भी बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में 500 वृक्ष लगाने चाहिए तब जाकर पर्यावरण से शुद्ध ऑक्सीजन और वातावरण संतुलित रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य चंद्रदीप पांडेय ने भी सभी छात्र-छात्राओं को पेड़-पौधों को संरक्षित रखने और अपने आसपास पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधा लगाने पर और पेड़-पौधों के कटाई को रोकने के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. सतीश तिवारी, राजेंद्र चौबे, रितेश जयसवाल, प्रवीण दुबे, आनंद मिश्रा, रंजना दुबे, रोहित कुमार तथा महाविद्यालय के छात्राध्यापक विवेक पांडेय, अंगद कुमार, श्रवण कुमार, प्रमोद सिंह, मंगल कुमार रवि, निशा केसरी, रुद्राणी, मनीषा, पूजा रानी व प्रिया के साथ-साथ काफी संख्या में छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाओं ने भाग लिया।

### झारखंड पेंशनर कल्याण समाज की मासिक बैठक में कई प्रस्ताव किये गये पारित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज की मासिक बैठक में अध्यक्ष केके यादव ने सभा को संबोधित करते हुए उपस्थित सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं जिले के कोने-कोने से आए पेंशनर बंधुओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैठक में चौकीदारों की काफी अच्छी उपस्थिति पर उन्होंने उपायुक्त का पुनः आभार जताया, जिन्होंने सेवानिवृत्त चौकीदारों को प्रोन्नति देकर उनके चेहरे पर खुशी लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह सब आपके संगठित होने का प्रतिफल है। मंच के संचालन सचिव अशर्फी राम ने किया। सभा को लक्ष्मण राम, श्रवण कुमार, सत्येंद्र सिंह, इंदु भूषण मिश्रा, हरिवंश प्रसाद मेहता, संतोष कुमार एवं श्याम बिहारी राम के द्वारा संबोधित किया गया। सभी ने संगठन की मजबूती, सदस्यता को बढ़ाने एवं संगठन के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किये गये। विगत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि ध्वनि मत से की गई। संतोष कुमार कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे ध्वनिमत से अनुमोदित कर दिया गया। कल्याण कोष को मजबूत करने एवं सदस्यता अभियान को चलाने का भी निर्णय लिया गया। संगठन के द्वारा पौधारोपण करने का निर्णय लिया गया। सभी सदस्यों से आग्रह किया गया कि अपने अपने क्षेत्र में पांच पौधा लगाकर उसका चित्र संगठन को भेजें। जिले में पुनः पेंशन अदालत लगाने हेतु उपायुक्त से भेंट करने का निर्णय लिया गया। मौके पर अशर्फी राम, श्याम बिहारी राम, संतोष कुमार ,श्रवण कुमार, इंदु भूषण मिश्रा, शशि भूषण राम, माखन प्रसाद यादव, रामाधार प्रसाद यादव, नकुल पासवान, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, मूरत राम, लक्ष्मण राम, रितु मंडल, बैजनाथ सिंह रामदास पाल, हरिवंश प्रसाद मेहता, रहम तुल्ला शेख, सुदामा राम ,मुद्रिका राम मूंग बिहारी राम, गनौरी महतो, कृष्ण कुमार प्रसाद आदि उपस्थित थे।

**उत्साह : बकरीद को लेकर इस्लाम धर्मावलंबियों ने की जमकर खरीदारी**

## गढ़वा में कुर्बानी का बकरा 50 हजार रुपये तक में बिका

**ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर नमाज का वक्त कर दिया गया है मुकर्रर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** ईद उल अजहा (बकरीद) गुरुवार को मनाई जाएगी। बकरीद को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों में उत्साह है। बुधवार को लोगों ने जमकर खरीदारी की। बाजारों में दिनभर चहल-पहल रही। कुर्बानी के लिए बकरों की खूब खरीदारी हुई। लोगों ने सेवई सहित अन्य सामानों की खरीदारी की। ईद-उल-अजहा को लेकर गढ़वा में 50 हजार रुपए तक का बकरा कुर्बानी के लिए बिका। इसके अलावा लोगों ने अपने सामर्थ के अनुसार बकरे की खरीदारी की।

बकरीद को लेकर शहर के मझिआंव मोड़ पर सेवईं का विशेष बाजार लगा है। जहां लोगों ने सेवईयों की भी जमकर खरीदारी की। बकरीद की पूर्व संध्या पर मुस्लिम मोहल्लों व ग्रामीण इलाकों में काफी चहल पहल देखी गई। ईद-उल-अजहा को लेकर अलका बजाज के प्रोपराइटर शौकत खान ने एक 85 हजार रुपए में दो बकरा कुर्बानी के लिए खरीदे हैं।

इधर बकरीद को लेकर महिलाएं बुधवार को दिन भर घर की साफ-सफाई करने के साथ ही पर्व की तैयारी में जुटी रहीं।

इधर सेवई विक्रेता नौशाद खान ने कहा कि इस वर्ष बाजार में लोकल सेवई सौ रुपए, बनारस, गया, रांची व पटना का सेवई 160 रुपए, बनारस का दुधफेनी सेवई 180 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बेची जा रही है।

**बकरीद को लेकर नमाज-ए वक्त मुकर्रर :** ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर नमाज का वक्त मुकर्रर कर दिया गया है। मुकर्रर वक्त के अनुसार गढ़वा ईदगाह व अली नगर मस्जिद में 6:45 बजे, टंडवा, ऊंचरी मस्जिद, कल्याणपुर ईदगाह व मस्जिद-ए-बेलाल में 7:00 बजे व मदरसा तब्लीगुल इस्लाम के मैदान 7:15 बजे नमाज-ए-ईद-उल अजहा अदा की जाएगी।

### बकरीद की कुर्बानी से पहले शौकत खान ने गरीबों में बांटी जरूरी सामग्री



**बकरीद पर खर्च होने वाले कुर्बानी के पैसे से गरीबों के बीच बांटी खुशियां**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बकरीद की कुर्बानी से पहले शौकत खान ने अनोखी कुर्बानी दी। शौकत खान ने बताया कि मैं बकरीद पर कुर्बानी में खर्च होने वाले पैसे को बचाकर आज उस पैसे से जरूरतमंदों के लिए उनकी जरूरत की चीजें खरीदकर उन्हें भेंट कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की खुशियों की खातिर उपहार स्वरूप अपनी खुशियों की कुर्बानी देकर मुझे काफी खुशी होती है। हम तो अपने-अपने परिवार और दोस्तों के बीच अपना त्योहार मना लेते हैं लेकिन वे लोग कैसे त्योहार मनाएंगे, जिनके पास घर परिवार बच्चे सभी हैं, लेकिन उतनी उनकी आमदनी नहीं है। जिससे कि वे अपने बच्चों के लिए नये कपड़े और अच्छे पकवान के लिए राशन खरीद सकें। उन्हीं में से हजारों ऐसे परिवार भी हैं जो शौकत खान के अनेक निःशुल्क बैंक पर निर्भर हैं और शौकत खान से उम्मीद लगाकर रहते हैं कि वहां जाने पर कभी हम खाली हाथ नहीं लौटते। जरूरतमंदों की इसी विश्वास को शौकत खान आज आठ वर्षों से निभाते आ रहे हैं। किसी भी धर्म मजहब का कोई भी त्योहार हो शौकत खान दिल खोलकर जरूरतमंदों पर खर्च करते हैं और उनकी जरूरत की चीजें उपलब्ध कराते हैं।

कल बकरीद पर सभी लोग कुर्बानी देंगे, ऐसे में भला शौकत खान कहां पीछे रहने वाले हैं। उन्होंने भी अपने अरमानों की कुर्बानी जरूरतमंदों की खुशियों की खातिर और आज आये हुए सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कपड़े, राशन, एवं बच्चों के लिए पठन-पाठन सामग्री का वितरण कर अपना पर्व मनाया।

### पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई के अध्यक्ष की माता के निधन पर शोक

**शव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास पर जमा हो गई लोगों की भीड़**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई के अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर की माता मुन्नी देवी का निधन मंगलवार कि शाम इलाज के दौरान रांची में हो गया। वे कई महीनों से किडनी की बीमारी से ग्रसित थीं। उनका इलाज रांची के प्रसिद्ध मेडिका हॉस्पिटल में चल रहा था। अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद पिछले 20 दिनों से वे कोमा में चली गई थीं। इसी दरमियान मंगलवार की शाम 7:00 बजे मेडिका अस्पताल में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से शहर में शोक की लहर फैल गई।

बुधवार कि सुबह बांकी नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया। शव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मुखाग्नि उनके पति मुनीलाल कसेरा ने दी। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, उदय जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र चोबे, राधेरमण चौबे, डॉ निशिथ निरव, चेंबर संरक्षक रविप्रकाश, रामजी कांश्यकार, सचिव गोपाल जायसवाल, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, उपाध्यक्ष उमेश कुमार, सह सचिव छोटू रंजन, मनोज कुमार, अनुप निराला, दिलु चोबे चन्द्र प्रकाश, शरद कुमार, संजय कांश्यकार, बिरेंद्र अग्रहरि, राहुल जायसवाल, दीपक कमलापुरी, बिनोद काश्यकार, विद्या भास्कर, मुकतेश्वर पाण्डेय, लक्ष्मण राम, ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक सेठ आदि शामिल हैं।

### मेराल के युवक की रमुना में सड़क दुर्घटना में मौत

**शव घर पहुंचने पर गांव में मचा कोहराम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** एनएच 75 पर मंगलवार की रात्रि में रमुना पीपल के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मृतक युवक मेराल थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव निवासी कुलदीप ठाकुर का पुत्र सुनील कुमार ठाकुर उर्फ छोटू (22) देर रात्रि में अपने घर से रमुना स्टेशन रोड स्थित ससुराल जा रहा था कि पीपल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बुधवार को उसका शव घर पहुंचने पर कोहराम मच गया। दुर्घटना की सूचना पर ससुराल वालों ने घटनास्थल पर पहुंच मृतक सुनील कुमार ठाकुर के रूप में उसकी पहचान की तथा मृतक के घर रात्रि में ही घटना की जानकारी दी। मृतक सुनील ठाकुर अपने पीछे पत्नी, एक साल की लड़की तथा मां-बाप को छोड़ दुनिया से चला गया।


## कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गढ़वा
(महात्मा गाँधी नरेगा कोषांग)

**अति अल्पकालीन निविदा (Very Short Term Tender)**
(इच्छा की अभिव्यक्ति)
**प्रेस विज्ञप्ति**

सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक–(N)543 (अनु0) दिनांक–21.04.2023 एवं पत्रांक–(N)628 (अनु0) दिनांक–10.05.2023 आलोक मे मनरेगा अन्तर्गत "बिरसा हरित ग्राम योजना" के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24 में गढवा जिला के 20 प्रखण्डों के विभिन्न पंचायतों में योजना स्थल पर बागवानी के लिए गुणवत्तापूर्ण आम, अमरूद,नींबू,संतरा एवं बांस (Cutting) के पौधा NHB के Website Link पर अंकित निबंधित नर्सरियों सआपूर्ति करने हेतु L1 दर निर्धारण करने के लिए NHB में संबंधित पौधों के निबंधित नर्सरी से मोहरबंद अतिअल्पकालीन निविदा निम्नांकित मानक एवं शर्तों पर आमंत्रित की जाती है :–

अतः उपरोक्त सूचीबद्ध पौधशालाओं (Nursery) के इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता दिनांक– 08.07.2023 तक अपराहन–01:00 बजे कार्यालय अवधि में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गढ़वा में निविदा समर्पित कर सकते हैं। समर्पित निविदा दिनांक–08.07.2023 को अपराहन–03:00 बजे जिला तकनीकी समिति एवं निविदादाता के समक्ष खोली जायेगी। निविदा का नियम एवं शर्त्त एवं NHB में निबंधित आपूर्तिकर्ता की विस्तृत विवरणी गढ़वा की वेबसाईट–garhwa.nic.in पर एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गढ़वा के सूचना पट्ट से देखा जा सकता है।

ह0/– परियोजना पदाधिकारी, मनरेगा कोषांग, गढ़वा।
ह0/– निदेशक (लेखा), डी.आर.डी.ए., गढ़वा।
ह0/– उप विकास आयुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, गढ़वा।

PR 301054 Rural Development (23-24)_D

## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।
*Phone Number:- 06526-222064* *email-id:* lohardagazilaparisad@gmail.com

**ई–निविदा**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 09/2023–24 दिनांक 27.06.2023

| क्र0सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम हनहट में जमीलन के घर से नहर तक पक्की नाली निर्माण | कैरो | 344000.00 | 750.00 | 6900.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | ग्राम कौआखाप में अखरा से बाबर के घर तक पक्की नाली निर्माण | कुडू | 570300.00 | 1250.00 | 11500.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | ग्राम बडा टोली टिको पण्डाटोली अर्जुन मुण्डा के घर के बीच पाईप लाईन जलापूर्ति योजना | कुडू | 1126300.00 | 2500.00 | 22600.00 | 03 (तीन) माह |
| 4 | ग्राम कोलसिमरी में अशोक यादव के घर से स्कूल गेट तक पक्की नाली निर्माण | कुडू | 1622200.00 | 5000.00 | 32500.00 | 03 (तीन) माह |

2 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 01.07.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 06.07.2023/05:00 बजे अपराह्न तक
4 अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 07.07.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 08.07.2023/02:00 बजे अपराह्न में
6 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिशद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 301026 Lohardaga(23-24)D

## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

**बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, हजारीबाग क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित तालाबों को खुला डाक के माध्यम से बन्दोवस्ती दिनांक 11.07.2023 को किया जाना है। निबंधित स्वयं सेवी संस्था/सर्विस प्रोवाईडर/निबंधित फर्म/मत्स्यजीवी समिति/इच्छुक व्यक्ति दिनांक 08.07.2023 तक नगर निगम कार्यालय के एकल खिड़की से फार्म प्राप्त कर सकते है।

| क्र॰ सं॰ | वार्ड सं॰ | तालबा का नाम | मौजा का नाम | खेसरा सं॰ | क्षेत्रफल (एकड़ में) | डाक की राशि (प्रति वर्ष) | सुरक्षित जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | पुरैनी आहार | मंडईकला | 3357, 3358 | 2.78 | 50,000/- | 5,000/- |
| 2 | 01 | डमरैया आहार– 02 | मंडईकला | 3513, 3512 | 0.82 | 20,000/- | 2,000/- |
| 3 | 01 | करबला तालाब | मंडईकला– 1 | 2205, 2204 | 0.95 | 20,000/- | 2,000/- |
| 4 | 01 | बोंगता तालाब | मंडईकला– 1 | 3090 | 0.66 | 20,000/- | 2,000/- |
| 5 | 02 | कोलघट्टी तालाब | कोलघट्टी– II | 225 | 0.78 | 15,000/- | 1,500/- |
| 6 | 04 | पुलिस लाई टेंक– 1 | चपार | 04 | 1.70 | 20,000/- | 2,000/- |
| 7 | 04 | पुलिस लाई टेंक– 2 | चपार | 03 | 1.65 | 30,000/- | 3,000/- |
| 8 | 07 | कृष्णापुरी तालाब | मटवारी, कोर्रा | 231 | 1.40 | 10,000/- | 1,000/- |
| 9 | 08 | कुम्हार टोली तालाब (मटवारी) | सारले+मटवारी | 307, 308, 132, 133 | 1.70 | 30,000/- | 3,000/- |
| 10 | 12 | धोबिया तालाब | कैन्टुनमेन्ट | 45 | 7.50 | 70,000/- | 7,000/- |
| 11 | 14 | मीठा तालाब (बुढवा महादेव) | कैन्टुनमेन्ट | 1095 | 1.77 | 50,000/- | 5,000/- |
| 12 | 14 | मीठा तालाब (काली बाडी) | नवादा | 163 | 4.33 | 50,000/- | 5,000/- |
| 13 | 21 | ओकनी तालाब | ओकनी | 122 | 13.50 | 50,000/- | 5,000/- |
| 14 | 23 | कुंडिलवा आहार | कदमा– II | 1335, 1387 | 1.40 | 20,000/- | 2,000/- |
| 15 | 23 | नावाटांड आहार | कदमा– II | 1354 | 2.20 | 20,000/- | 2,000/- |
| 16 | 23 | गुही पोखर | कस्तुरीखाप | 387 | 0.70 | 20,000/- | 2,000/- |
| 17 | 23 | कस्तुरीखाप आहार | कस्तुरीखाप | 317 | 10.80 | 50,000/- | 5,000/- |
| 18 | 24 | कूद आहार | कूद | 110, 210, 208 | 1.77 | 20,000/- | 2,000/- |
| 19 | 24 | कूद | कूद + रेवाली | 1, 2, 1425 | 15.47 | 70,000/- | 7,000/- |
| 20 | 27 | खजांची तालाब | हजारीबाग | 472 | 1.80 | 50,000/- | 5,000/- |
| 21 | 32 | कोलेन्द्री आहार | खिरगांव | 1381 | 1.35 | 20,000/- | 2,000/- |
| 22 | 33 | बनाही आहार | सिरसी | 348, 289, 290 | 1.23 | 15,000/- | 1,500/- |
| 23 | 33 | गवाही आहार | सिरसी | 240, 244 | 1.50 | 15,000/- | 1,500/- |
| 24 | 34 | हुरहुरू आहार | हुरहुरू + सिरका | 231, 230, 101 | 5.70 | 50,000/- | 5,000/- |

नोट :– डाक की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 301069 Urban Development and Housing (23-24)_D


**कार्यक्रम : राजकीयकृत रामा साहू उच्च विद्यालय में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान**

## विद्यार्थियों और शिक्षकों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव की दी जानकारी

**सड़क सुरक्षा की टीम ने ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने और करवाने पर दिया जोर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा द्वारा राजकीयकृत रामासाहू उच्च विद्यालय, गढ़वा में विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा की टीम द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओ को आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दूसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी विद्यार्थियों से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है, इससे पता चलता है कि बाइक की गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से एवं अल्कोहल सेवन करने से तथा ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है, इसलिए बाइक एवं कार आदि वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट एवं सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना अत्यंत ही आवश्यक है। साथ ही सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील की कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दें, शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं पीकर चलाने भी ना दें। उन्होंने बताया थोड़ी सी चूक सड़क दुर्घटना का कारण होती है। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ायें। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के नियमों का पालन नियमित रूप से किया जाए तो भविष्य उज्जवल हो सकता है। जागरूकता कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक नीरज कुमार पाण्डेय, विनय रंजन तिवारी एवं शिक्षकगण शामिल थे।

## सांसद संजय सेठ ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच किया खिलौनों का वितरण



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सांसद संजय सेठ के द्वारा बुधवार को सोनाहातू प्रखंड के मुरूतडीह गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे-छोटे बच्चों के बीच खिलौने का वितरण किया। सांसद सेठ द्वारा टॉय बैंक खोला गया है। गरीब बच्चों को ध्यान में रखते हुए खिलौना से वंचित ना रहें इसी मकसद से टॉय बैंक का स्टाल खुला। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोइरी ने की। मौके पर धीरज महतो, परिक्षित मंडल, गहन महतो, रामदास महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## रांची सांसद ने सोनाहातू के बूथ 216 और 217 में चलाया महाजनसंपर्क अभियान

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत प्रखंड के काशीडीह गांव के बूथ 216 ओर 217 पर रांची सांसद संजय सेठ ने महाजनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को केंद्र सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को बताया गया। लोगों को उपलब्धि के साथ आने वाले दिनों में सरकार द्वारा विजन को बताया गया। मौके पर जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी, परीक्षित मंडल, महिपाल सिंह, रामदास महतो, गहन महतो, आदि मौजूद थे।

## महुआडीह गांव में चार साल से खुद प्यासी है जलमीनार, पानी के लिए लोग परेशान

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड के सिदरी पंचायत के बलामदा टोला महुआडीह गांव में जलमीनार चार साल से खुद प्यासी है। यह लोगों की प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो रही है। चार साल पहले टावर तो बना लेकिन पाइप वगैरह नहीं लगे और न ही पानी की आपूर्ति एक दिन भी हुई। आज तक ग्रामीण पानी की प्यास नहीं बुझा पा रहे हैं। इससे लोग काफी आक्रोश में हैं। लाखों रुपए की यह योजना फेल हो गयी है। ग्रमीण कहते हैं कि सभी जगह शिकायत की गयी लेकिन कुछ नहीं हुआ और लाखों रुपए सरकार के खर्च हो गये।

## शॉर्ट सर्किट से एसडीएम कोर्ट के कार्यालय में लगी, लाखों रुपये का सामान जला

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय बुंडू में बिजली की शॉर्ट सर्किट से एसडीएम कोर्ट के कार्यालय में आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपये का सामान जल गया। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर में बिजली के शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई आग लगने से दो एसी, कुछ फर्नीचर, पर्दे आदि जल गए। घटना के वक्त कोर्ट नहीं चल रही थी। वरना बड़ा हादसा से इनकार नहीं किया जा सकता है। मौके पर दमकल आने से आग पर काबू पा लिया गया।

## अवैध बालू लदे दो हाईवा एसडीओ बुंडू की ओर से प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट ने पकड़ा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पूरे अनुमंडल क्षेत्र में बीती रात अवैध बालू के परिवहन की रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। अवैध बालू को लेकर बुंडू टोल प्लाजा में एसडीओ बुंडू की ओर से प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट ने दो हाईवा गाड़ी को पकड़ा है। दोनों गाड़ियों के चालान की वैधता की जांच की जा रही है। इधर तमाड़ के रांगामाटी में भी बालू लदे दो हाईवा गाड़ियों को जब्त किया गया है। बुंडू डीएसपी ने बताया कि ईचागढ़ के रास्ते बालू की अवैध ढुलाई करने की सूचना मिल रही थी। जिसके बाद एसडीओ बुंडू तथा डीएसपी बुंडू ने संयुक्त रूप से छापामारी कर गाड़ियों को पकड़ा है।

## भगवान का रथ राधा रानी मंदिर पहुंचने के साथ मौसी बाड़ी परिसर में रथ यात्रा संपन्न



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के मौसी बाड़ी परिसर में घुरती रथ यात्रा मेला का समापन हो गया। पारंपरिक रिवाज के अनुसार मौसी बाड़ी मंदिर से भगवान कृष्ण राधा का रथ श्री श्री राधा रानी मंदिर के परिसर में लाया गया। मेला को देखने के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे और मेला का आनंद उठाए। भगवान का रथ नौ दिन बाद राधा रानी मंदिर वापस पहुंचा। मेला समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण महतो ने बताया कि तीन दिन तक लगातार हरिकीर्तन का मौसी बाड़ी मंदिर में आयोजन किया गया। इस मौके पर गणेश महतो, रौशन महतो, रंजीत लोहरी, मदन कुमार महतो, राजीव लोचन महतो, राज किशोर कुशवाहा के अलावा बुंडू के गणमान्य लोग रथ यात्रा में शामिल हुए।

## खलारी में नगर भ्रमण के साथ मां विपत्ततारिणी की प्रतिमा का हुआ विसर्जन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी पहाड़ी मंदिर मार्ग स्थित कालीबाड़ी में विपत्ततारिणी पूजा समिति के द्वारा की जा रही दो दिवसीय मां विपत्ततारिणी पूजा के अंतिम दिन बुधवार की सुबह में मां का पूजन एवं आरती की गयी। वहीं हवन कर खीर तथा खीचड़ी का भोग लगाया गया। इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। रांची सहित खलारी कोयलांचल पिपरवार से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पूजन में शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद मां विपत्ततारिणी की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराते हुए स्थानीय तालाब में विसर्जन कर दिया गया। विसर्जन में काफी संख्या में महिला पुरूष शामिल हुए। सम्पूर्ण पूजन पण्डित नवकुमार बनर्जी, डॉ. एस.के घोषाल, अभिषेक पाठक एवं वेद प्रकाश तिवारी के द्वारा कराया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से समिति के मौके पर मुख्य रूप से समिति के संयोजक डॉ. चन्द्रशेखर रत्ना, अध्यक्ष नवकुमार बनर्जी, सचिव समर कुमार सेन, सीएस रत्ना, डॉ एस के घोषाल, आचार्य विष्वजीत घोषाल, बेबी घोषाल, सुमित कुमार सिंह तथा कार्यसमिति सदस्यों सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : खूंटी विधायक ने कर्रा में किया नवनिर्मित पुल का उद्घाटन

# जनता की समस्या को पूरा करना ही मेरा लक्ष्य : नीलकंठ सिंह मुंडा

**कहा- 1999 में यहां की जनता ने जब पहली बार मुझे अपना विधायक चुना, उस वक्त क्षेत्र में समस्याओं का अंबार था**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने बुधवार को कर्रा. प्रखंड के झारिया-चंगाटोली से प्रभात तारा स्कूल पथ के हुटुंगगढ़ा नाला पर नवनिमित पुल का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि 1999 में यहां की जनता ने जब पहली बार मुझे अपना विधायक चुना, उस वक्त क्षेत्र में समस्याओं का अंबार था, विकास के नाम पर कुछ नहीं था, लेकिन मैं धीरे-धीरे प्राथमिकता के आधार पर जनता की मांगों को पूरा करता गया। यही कारण है कि जनता ने मुझे लगातार चौथी बार अपना विधायक चुना। विधायक ने कहा, मुझे खुशी होती है कि मैं जनता के विश्वास पर हर जगह सड़क, पुल-पुलिया, नाले, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, जैसी मूलभूत समस्याओं से जनता को निजात दिला पाया हूं। और अब भी मैं जनता की मांगों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत हूं। कार्यक्रम को जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष काशीनाथ महतो, राजेन्द्र केशरी, डहरू पाहन, तेम्बा उरांव, चरण खलखो, अनिल बारला, अहलाद मुंडा, कार्यपालक अभियंता सिकन्दर साहू ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा कर्रा मंडल अध्यक्ष बालकिशुन महतो और धन्यवाद ज्ञापन बिरसा धान ने किया।

मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम महतो, मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल, कंचन सिंह, चरण खलखो, ज्ञान रंजन सिंह, वीरेंद्र सोनी, रामप्रताप देव, अंजय महतो, अशरफ सिंह सीत काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## तीन महीने तक मध्यस्थता के माध्यम से सभी प्रकार के मामलों का किया जाएगा निष्पादन : सत्य प्रकाश

**विधिक सेवा प्रांगण में तीन माह के मन का मिलन के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रांगण में मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन तीन माह के आयोजन को लेकर बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डालसा अध्यक्ष ने कहा कि झालसा रांची के निर्देश पर एक जुलाई से 30 सितंबर तक मध्यस्थता के माध्यम से सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस तर्ज पर मन का मिलन पकवाड़ा 29 मई से 14 जून तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था, यह कार्यक्रम उसी का वृहद रूप है। इसका प्रचार-प्रसार जोरों से चल रहा है। इस संबंध में विद्वान न्यायिक पदाधिकारी, जिला प्रशासन, अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता पीएलवी और अन्य के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि इस पखवाड़े के दौरान लोग अपने लंबित पुराने और नए मामले तथा वाद पूर्व मामलों का निष्पादन दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर किया जाएगा। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि एक बार फिर खूंटी के लोगों को आपसी सहमति के आधार पर अपना विवाद जमीन, जायदाद, पारिवारिक मामले, चेक बाउंस, वाणिज्य, आपराधिक सुलहनीय मामले, वाहन दुर्घटना मुआवजा, एक्साइज विभाग आदि मामलों का निष्पादन करा सकेंगे। आमजन से अपील की गई है कि तीन माह तक चलने वाले मन का मिलन कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से शाम पांच बजे तक मोबाइल नंबर 87896 97771 पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में न्यायिक पदाधिकारी डीएसपी खूटी, एलडीसी, अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता आदि उपस्थित थे।

## चूरी बस्ती में दो दिवसीय मण्डा पूजा आज से

**खलारी (आजाद सिपाही)।** चूरी बस्ती खलारी में श्री श्री मण्डा पूजा समिति के तत्वावधान में 29 जून गुरुवार से दो दिवसीय मण्डा पूजा का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को मण्डा पूजा आयोजिन समिति की बैठक हुई। जिसमें पूजा की अंतिम तैयारी को लेकर विषेश रूप से समीक्षा की गयी। साथ ही पूजन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के कामेश्वर माहतो (रूबी यादव) ने बताया कि 29 जून दिन गुरुवार को फुलखुंदी एवं रात्रि में नागपुरी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन होगा। वहीं 30 जून दिन शुक्रवार को झूलन एवं नाच कार्यक्रम किया जाएगा। पूजा समिति की ओर से क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को मण्डा पूजा में आमंत्रित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से जगरनाथ माहतो, भूषण यादव, गौतम यादव, मंदिप यादव, सुरेन्द्र यादव, राजू यादव, गणेष यादव, अनिता यादव, मेघनाथ यादव, संदीप यादव, अर्जुन राम, जयराम यादव, मनरूप यादव, सुनील, अरूण, नकूल, अनोज, प्रदीप सहित अन्य उपस्थित थे।

## पिपरवार के साप्ताहिक हाट बाजारों में कूड़े-कचरों का लगा अंबार

**कूड़ों की ढेर पर बैठ कर सब्जियां बेचने को मजबूर हैं किसान**



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के साप्ताहिक हाट बाजारों में कूड़े कचरों का अंबार लग गया है। क्षेत्र में लगने वाले दो प्रमुख साप्ताहिक हाटों में राय बाजार में मंगलवार को एवं बचरा में रविवार को बड़े पैमाने पर बाजार लगता है, जहां से स्थानीय लोगों के साथ सीसीएल कर्मी एवं अन्य कंपनियों के लोग सप्ताह भर की सब्जी लेते हैं। लेकिन इन दोनों हाटों में सब्जी विक्रेताओं द्वारा फेंकी गई सड़ी गली सब्जियों के साथ अन्य प्रकार के कूड़ों से माहौल काफी गंदगी भरा हो गया है।

इस संबंध में कोई भी स्थानीय जनप्रतिनिधि या सीसीएल प्रबंधन सजग नहीं है। बरसात का मौसम आने के कारण बाजार में फैले कुड़ो से बदबू भी आने लगती है जिससे बिमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इस संबंध में सब्जी बेचने वाले किसानों ने बताया कि जगह नहीं होने के कारण बाजारों में कूड़े कचरो के अगल-बगल और उस पर बैठकर सब्जी बेचने को मजबूर हैं। सब्जी बेचने के दौरान खतरों से गंदगी और बदबू से लोग परेशान हैं। लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं है। बाजार में साफ सफाई कराने के बाद सब्जी बेचने वालों को भी गंदगी नहीं करने की हिदायत देने की जरूरत है।

### तैयारी : ईद उल अजहा बकरीद आज, सारी तैयारी पूरी

## विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए पिपरवार पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**त्यौहार को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और गड़बड़ी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा : थाना प्रभारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में ईद उल अजहा बकरीद का त्यौहार आज मनाया जाएगा। त्यौहार को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। मस्जिदों और ईदगाह में साफ-सफाई और सजावट का काम पूरा कर लिया गया है। क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे, राय जामा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे, नूरी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 7:00 बजे, बड़ी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 6:30 बजे, न्यू मंगरदाहा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे, बहेरा ईदगाह में सुबह 7:00 बजे, पुरानीराय मस्जिद में 7:30 बजे बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। बकरीद को लेकर थाना क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था कायम रखने हेतु पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में पिपरवार पुलिस ने पुरे क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि त्यौहार को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और गड़बड़ी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बकरीद पर क्षेत्र के सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा क्षेत्र में गड़बड़ी फैलाने की नियत से कोई विधि विरुद्ध कार्य किया जाएगा तो पुलिस द्वारा इस प्रकार के तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। त्योहार के दौरान पुलिस द्वारा क्षेत्र की सघन निगरानी के साथ सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस अवसर पर शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी को भी अगर कोई असामाजिक गतिविधियों एवं तत्वों के बारे में पता चले तो स्थानीय पुलिस को सुचित करें। पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक, बाजारटाड़, बिशुझापा, मस्जिद कॉलोनी, बहेरा, कल्याणपूर, न्युमंगरदाहा सहित अन्य जगहों पर पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## खूंटी में भक्ति पूर्ण वातावरण में धूमधाम से संपन्न हुई घुरती रथयात्रा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय खूंटी में बुधवार को घुरती रथ यात्रा भक्ति पूर्ण वातावरण में धूमधाम से संपन्न हो गई। सीआरपीएफ 94 बटालियन के तत्वावधान में आयोजित घुरती रथयात्रा सार्वजनिक दुर्गा मंदिर मिश्राटोली से आरंभ होकर नेताजी चौक, भगत सिंह चौक, बाजारटांड़ होते हुए सीआरपीएफ 94 बटालियन के मुख्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इसके पूर्व सार्वजनिक दुर्गा पूजा मंदिर में एक सप्ताह पूर्व लाए गए भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के विग्रहों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महाआरती के बाद तीनों विग्रहों को फूलों से सुसज्जित रथ में विराजमान किया गया और भक्तों द्वारा रथ को रस्सी के सहारे खींचते हुए उसे सीआरपीएफ 94 बटालियन के मुख्यालय तक ले जाया गया। मौके पर सीआरपीएफ 94 बटालियन के कमांडेंट राधेश्याम सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जवानों के अलावा बड़ी संख्या में शहर के श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए। रिमझिम वर्षा के बीच संपन्न घूरती रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान की जयकारे लगा रहे थे और भजन-कीर्तन करते चल रहे थे।

## केडीएच बन्द खदान में लगी आग के मुहाने को किया गया बन्द



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केडीएच बन्द पड़े खदान से निकल रहे आग को लेकर केडीएच प्रबंधन ने बुधवार को डोजर से बंद किया। प्रबंधन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बुधवार को डोजर से अगलगी मुहाने को बन्द किया गया। केडीएच के नए पीओ अनिल कुमार सिंह, साइडिंग मैनेजर राजीव रंजन, सेफ्टी अधिकारी पी बेहरा सहित सीआईएसएफ जवान बन्द खदान स्थित आग लगे स्थल पर पहुचे और डोजर मशीन से अगलगी स्थल के मुहाने को बन्द किया गया। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व में केडीएच बन्द खदान में आग की लपटें निकल रही थीं जिसके कारण आसपास के लोग काफी भयभीत थे लोगो का कहना था कि केडीएच बन्द खदान से आग लगी है जिससे लोग भयभीत थे लेकिन प्रबंधन ने कोई ध्यान नहीं दिया। प्रबंधन को ध्यान देना चाहिए कि खिलानधौड़ा चारों तरफ आग से घिरा हुआ है इसलिए प्रबंधन खिलानधौड़ा के ग्रामीणों के लिए उचित समाधान करें। हालांकि केडीएच प्रबंधन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि प्रबंधन इस पर पूरी तरह सकारात्मक पहल करेगा।साथ ही विस्थापन की जो प्रक्रिया है उस पर सकारात्मक पहल होगी।

## भाजपा खलारी मंडल ने मोहननगर में चलाया जनसंपर्क अभियान



**खलारी (आजाद सिपाही)।** भाजपा खलारी मंडल के द्वारा चूरी मध्य पंचायत के मोहननगर में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत रजक के नेतृत्व में चूरी मध्य पंचायत के मोहननगर के 36, 37, 38 व 39 नंबर बुथ में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर संपर्क कर पर्ची बांटा, मोदी जी के 9 वर्षो की उपलब्धियों को बताया तथा दरवाजे पर स्टीकर चस्पा किया। साथ ही 9090902024 पर मिसकॉल करवाकर समर्थन मांगा गया। खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि 29 जून को चूरी मध्य, चूरी दक्षिण एवं बुकबुका पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। आज के जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री अनिल गंझू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मिथिलेश प्रजापति, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अंशु सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष दिलीप पासवान, खलारी मंडल संयोजक रामसूरत यादव, प्रदीप ठाकुर, बूथ अध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर, नारद राम, रवि भूषण सिंह, रामचंद्र शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो खलारी ने मायापुर पंचायत में चलाया सदस्यता अभियान



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झामुमो खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल पासवान के निर्देश पर बुधवार को मायापुर पंचायत में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान मायापुर पंचायत के चीनाटांड एवं कोनका में 100 लोगों का सदस्यता रसीद काटा गया जिन्होने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण किया। इस सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से सक्रिय सदस्य शम्भु दास, मायापुर पंचायत अध्यक्ष रामदेव गंझू, कलमतिया भोगता, विलासो देवी, मनीषा भोगता, मैना देवी, कोशिला भोगता, सुरेश गंझू, कपिलदेव गंझू, सीमा देवी, आरती देवी, सुभाश गंझू, अमित गंझू, जितन गंझू, शलदेव गंझू सहित अन्य कार्यकर्ता षामिल थे।

## सीएसआर मद से विद्यालय में लगाए गए आरओ वॉटर फिल्टर का हुआ उद्घाटन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सीसीएल एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार के मार्गदर्शन में बुधवार को एसीसी सदस्यों ने झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर डकरा एवं रॉयल प्रोग्रेसिव स्कूल डकरा में विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल हेतु सीएसआर मद से लगाए गए आरओ वॉटर फिल्टर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बच्चों के बीच 'सिंगल यूज प्लास्टिक' एवं 'वेस्ट टु वेल्थ' थीम पर पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर एसीसी सदस्य शैलेश कुमार, डीपी सिंह, सुनील सिंह, स्कूल प्रिंसिपल रामबली चौहान, अभिषेक चौहान सहित सभी शिक्षक एवं सीसीएल एनके अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 जून, 2023
www.azadsipahi.in


# जिला अभियंता के खिलाफ जिप सदस्यों ने खोला मोर्चा



**भ्रष्टाचार की जननी हैं जिला अभियंता मिथिलेश कुमार पांडे : निर्मला भगत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला परिषद के जिला अभियंता मिथिलेश कुमार पांडे के विरुद्ध जिला परिषद के सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। टेंडर बेचने एवं अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत के नेतृत्व में जिला परिषद के सदस्यों ने उपायुक्त रांची राहुल कुमार के नाम अपर समाहर्ता को एक ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। सदस्यों का आरोप है कि श्रीकांत पांडे नामक व्यक्ति को आगे कर जिला अभियंता उगाही के लिए कार्यालय में नियुक्त कर ठेकेदारों से पैसे वसूली करवाते हैं। और टेंडर को गलत तरीके से मैनेज कर ठेकेदारों को बेच दिया जाता है उचित जांच कर भ्रष्ट अभियंता के विरुद्ध जांच कर दंडित करने का निवेदन जिप सदस्यों द्वारा किया गया है और श्रीकांत कुमार को कार्यालय में प्रवेश वर्जित करने की भी मांग की गई है। जिला अभियंता एवं सभी सहायक अभियंता जिला परिषद के कार्यकाल की जांच कर इनकी आय एवं संपत्ति की जांच की मांग की गई। सहायक अभियंता बल्ली पुराण पर भी गंभीर आरोप जिप सदस्यों ने लगाया है। टेंडर मैनेज खेल में उनकी भी मुख्य भूमिका मानी जाती है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, जिप उपाध्यक्ष बीना चौधरी, जिप सदस्य आदिल अजीम, आसुतोष तिवारी, परमेश्वर भगत, किरण देवी, सुषमा देवी, विपिन टोप्पो, पूनम देवी, रीना देवी संजय कुमार महतो, मंजू सिंह शामिल थे।

## साल्हन पंचायत में आजसू का महिला सम्मेलन में संगठन का किया गया विस्तार



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के साल्हन पंचायत भवन में बुधवार को आजसू पार्टी द्वारा महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महिला पंचायत अध्यक्ष गीता देवी ने किया। सम्मेलन में संगठनात्मक मुद्धों पर चर्चा करते हुए महिला संगठन का विस्तार किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि खिजरी विस के पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि महिलाएं सशक्त होंगी तब ही देश राज्य और समाज मजबूत होगा। आजसू महिलाओं को सामाजिक और राजनीतिक तौर पर मजबूत कर उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करने को लेकर प्रतिबद्ध है। महिला स्वयं सहायता समूह जिसके माध्यम से आज महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बन चुकी हैं। कहीं ना कहीं आजसू की सोच आज धरातल पर दिखाई दे रही है। आजसू महिला समिति की जिलाध्यक्ष वीणा देवी ने महिलाओं को एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने तथा 2024 में अपनी ताकत का एहसास कराने का आहवान किया। सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ नेता जलनाथ चौधरी, प्रखण्ड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, ज्योतिष महतो, किशोर मुण्डा, विष्णु महतो, सुनीता देवी, आलोका देवी, नहरबाला देवी, मीना देवी, बचन देवी, यशोदा देवी, सरिता, पियासो, चंचला, उर्मिला, तारा, मुनिता, सविता सहित सैकड़ो महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रखंड प्रमुख ने गेतलसूद बाजार में नये बिजली ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड प्रमुख दीपा उरांव ने बुधवार को गेतलसूद बाजार में 200 केवीए के नए ट्रांसफॉर्मर का उदघाटन फीता काटकर किया। यहां का ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने की वजह से पिछले एक सप्ताह से गेतलसूद बाजार सहित आसपास के इलाका अंधेरा में था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना समाजसेवी अजय राज के माध्यम से विधायक राजेश कच्छप को दी। विधायक ने इस पर तुरंत संज्ञान लिया तथा बिजली विभाग से बात कर 200 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर आवंटित करा दिया। नया ट्रांसफॉर्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी तथा इस कार्य के लिए विधायक के प्रति आभार जताया। मौके पर कांग्रेस नेता एतवा उरांव, शिवदास गोस्वामी, युवा नेता अजय तिर्की, अशोक बेदिया, पूर्व मुखिया गौरी शंकर सिंह, बबलु साहू आदि मौजूद थे।

## जोहार पार्टी ने घूरती रथ मेला और बकरीद के अवसर पर वृद्ध महिलाओं के बीच किया साड़ी का वितरण



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** जोहार पार्टी के द्वारा नगड़ी प्रखंड के उत्तरी टुंडूल पंचायत में गुरुवार को घूरती रथ मेला और बकरीद के शुभ अवसर पर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार और पंचायत के उपमुखिया जहाना प्रवीण के नेतृत्व में वृद्ध महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर सैयदा खातून, इशरत खातून, हकीमन खातून, महेंद्र मिर्धा सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## स्थापना दिवस पर नौ जुलाई को कलश यात्रा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम पुरुलिया रोड स्थित श्री जोड़ा मंदिर जोरार के स्थापना दिवस को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि इसके तहत दो दिवसय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। नौ जुलाई (रविवार) को सुबह 6 बजे गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा सपाही नदी घाट के लिये निकाली जायेंगी और उसके बाद 9 बजे से 24 घंटे का रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया है। 10 जुलाई (सोमवार) को सुबह 9 बजे से सुंदरकांड तद्रोपरांत पूजा, हवन, आरती के बाद दोपहर 2 बजे से भव्य भंडारा एवं 4 बजे भजन संध्या का आयोजन किया गया है। समिति के सचिव जानकी साव कैशरी, सदस्य शशि सिंह, प्रमोद कैशरी, कामदेव वर्मा, सुरेश प्रसाद, अरविंद सिंह, शिवजी शर्मा, नीरज दुबे, सतीश वर्मा, मनोज सिंह, अनिल, सुबोध ने सभी भक्तों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**तैयारी : श्रावण महीने की शुरुआत चार जुलाई से हो रही है, तैयारियां जोरों पर**

# बाबा आम्रेश्वर धाम में लगेगा दो महीने का श्रावणी मेला

**श्रृंगार पूजा और रुद्राभिषेक के लिए पहले रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** बाबा भोलेनाथ के सबसे प्रिय माने जानोले श्रावण महीने की शुरुआत चार जुलाई से हो रही है। अधिमास होने के कारण इस बार दो महीने का सावन है। सावन पूर्णिमा और रक्षा बंधन 31 अगस्त को है। छोटानागपुर का मिनी बाबाधम के रूप में विख्यात बाबा आम्रेश्वर धाम में दो महीने तक लगने वाले श्रावणी मेले को लेकर प्रशासन के साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति द्वारा भक्तों को सुविधा देने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि बनई नदी, जहां से भक्त जल उठाकर बाबाधाम पहुंचते हैं, वहा से मंदिर परिसर तक विद्युत व्यवस्था की गई है। साथ ही नदी के पास अस्थायी शौचालय, चेंजिंग रूम आदि की व्यवस्था की गई है।

महामंत्री ने बताया श्रावण महीने में श्रृंगार पूजा और रुद्राभिषेक के लिए भक्तों को समिति में पहले ही रजिस्ट्रेयन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद ही भक्तों को इसकी अनुमति दी जाएगी।

इधर बाबा मंदिर के पुजारी हरिहर कर ने बताया कि इस वर्ष श्रावण में अधिमास लग रहा है, जिससे श्रावण माह 59 दिनों का होगा। जिस चंद्रमास में सूर्य की संक्रांति न हो, उसे अधिमास कहते हैं।,पुराणों में इसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि सावन चार जुलाई से शुरू होगा और 31 अगस्त को इसका समापन होगा। उन्होंने बताया कि अधिमास 18 जुलाई से 16 अगस्त तक है। श्रावण कृष्ण पक्ष चार जुलाई से 17 जुलाई तक और 17 से 31 अगस्त तक शुद्ध श्रावण है। पूरे श्रावण माह में आठ सोमवारी होगी। पहली सोमवारी 10 जुलाई को और अंतिम सोमवारी 28 अगस्त को होगी। होगी। मास शिवरात्रि 15 जुलाई और सोमवती अमावस्य 17 जुलाई को है।

पंडित हरिहर कर ने बताया कि पुरुषोत्तम एकादशी 29 जुलाई को होगा। अधिक श्रावण शुक्ल पक्ष पूर्णिमा एक अगस्त को, अधिक श्रावण अमावस्या 16 अगस्त को, श्रीनाग पंचमी 21 अगस्त को और श्रावण पूर्णिमा 30 अगस्त को व्रत के लिए और स्नान दान की पूर्णिमा 31 अगस्त को है। रक्षा बंधन 30 अगस्त बुधवार को रात्रि 8.58 से 31 अगस्त प्रातः 7.45 तक होगा। उदया तिथि के अनुसार 31 अस्त को ही दिन भर पूर्णिमा तिथि मान्य होगी और रक्षा बंधन का त्यौहार बनाया जाएगा।

# अनगड़ा में भाजपा ने चलाया घर-घर महा जनसंपर्क अभियान

**लोगों को बतायी गयी केन्द्र सरकार की 9 साल की उपलब्धि**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर 30 जून तक चलने वाले महाजनसंपर्क अभियान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत बुधवार को अनगड़ा मंडल के विभिन्न बूथ और शक्ति केन्द्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस क्रम में साल्हन पंचायत के बेड़वारी एवं बीसा पंचायत के पाहन टोली, कड़रू टोली आदि इलाकों में घर-घर जनसंपर्क कर लोगों को मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को बताया गया तथा पंपलेट बांटा गया। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू एवं मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो के नेतृत्व में चलाए गए इस जनसंपर्क अभियान में लोगों को केन्द्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया गया।

मौके पर कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ये 9 वर्ष विकास, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के जीवन में खुशहाली लाने के लिए समर्पित रहा है।

इस अभियान में सत्यदेव मुण्डा, मानेश्वर मुण्डा, मंजोती देवी, हर्षनाथ भोगता, बनु बेदिया, संजय भोगता, दीपक, एतवा बेदिया आदि शामिल थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं, जरूरत उन्हें निखारने की है : कड़िया मुंडा

**बिरसा कॉलेज के बहुउद्देशीय भवन में युवा उत्सव का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** नेहरू युवा केंद्र, रांची (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) तथा बिरसा कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जिला प्रशासन के सहयोग से बिरसा कॉलेज के बहुउद्देशीय भवन में जिला युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने किया। स्वागत भाषण में अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान और बिरसा महाविद्यालय की प्राचार्या जेरमेन कुल्लू किडो और नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक रवींद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि कड़िया मुंडा ने युवाओं की प्रतिभा को उल्लेख करते हुए ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें तराशने की है। परियोजना निदेशक आइटीडीए संजय कुमार भगत ने कहा कि युवक-युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को निखारने का सतत प्रयास करना चाहिए ताकि उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हों। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने भी युवाओं को युवा उत्सव के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए भारत सरकार द्वारा चलाई जा रहीयोजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। युवा उत्सव में कृषि विभाग, कौशल विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी, ब्लॉकचेन, पोस्टल सर्विसेज, पर्यटन खेल एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल एनिमिया जांच कैंप स्टॉल लगाया गया था। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, खूंटी द्वारा जिले के पर्यटन स्थलों एवं भगवान बिरसा मुंडा, मारंग गोमके जयपाल सिंह मुडा की जीवनी से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गयी थी।

कार्यक्रम के दौरान विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रभिागियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। आयोजित सांस्कृतिक लोकनृत्य में प्रथम स्थान बिरसा कॉलेज, खूंटी , द्वितीय स्थान तेलानी एंड ग्रुप, तृतीय स्थान कस्तूरबा बालिका विद्यालय, मुरहू को मिला। कविता लेखन में प्रथम स्थान बरीरा फिरोज, द्वितीय स्थान खुशी कुमारी, तृतीय स्थान मुस्कान कुमारी ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवम कुमार सिंह, द्वितीय स्थान तकिंदा मिस्कान, तृतीय स्थान प्रकाश टूटी को प्राप्त हुआ। फोटोग्राफी में प्रथम स्थान अतुल कुमार राम, द्वितीय स्थान रोहन कुमार सिंह, तृतीय स्थान रुस्तम कुमार को मिला। पेंटिंग कांटेस्ट में प्रथम स्थान आयुषी कुमारी, द्वितीय स्थान आशीष महतो, तृतिय स्थान सोमनाथ मुंडा को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि एवं मेमेंटो प्रदान किया गया।

## खूंटी में ड्रॉप आउट बच्चों के लिए शुरू हुआ रूआर कार्यक्रम

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय मुरहू परिसर में बुधवार को शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की अध्यक्षता में सरकार के कार्यक्रम रूआर की शुरूआत की। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़ेया, उप प्रमुख अरूण कुमार साबू, प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह, अंचल अधिकारी मुनिया लता शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति धान ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ ने कहा बच्चों के समुचित विकास के लिए सभी शिक्षक और अभिभावक सहित स्कूल प्रबंधन समिति को ध्यान देना होगा। ड्रॉप आउट बच्चों का नामांकन के लिए प्रयास करना होगा। सीओ ने कहा कि आत्मविश्वास के साथ शिक्षक बच्चों को शिक्षा दें और ऐसे बच्चे जो स्कूल छोड़ चुके हैं, उन्हें स्कूल चलो अभियान के तहत जोड़ें। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख छोटराया मुंडा, उप प्रमुख शंति देवी, 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जिला परिषद के सदस्य और विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : महाजनसंपर्क अभियान के तहत सुदर्शन भगत ने पद्मश्री सिमोन उरांव को किया सम्मानित**

# पद्मश्री सिमोन उरांव हमारे राज्य के गौरव हैं : सांसद

**नरेंद्र मोदी की 9 सालों की सरकार ने सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं को बढ़ावा दिया है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** भाजपा के तत्वावधान में चलाए जा रहे लोहरदगा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को प्रखंड के विशेष व्यक्तित्व को सम्मानित करने के कार्यक्रम में सांसद सुदर्शन भगत ने बुधवार को साईं मंदिर बेड़ो रोड स्थित आवास पहुंचकर पद्मश्री सिमोन उरांव को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर सांसद ने कहा सिमोन उरांव हमारे राज्य के गौरव है। हमारे समाज व युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की 9 सालों की सरकार ने सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं को बढ़ावा दिया है। वहीं गरीबों और वंचितों को सम्मान दिया। किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर कृषि के क्षेत्र में बढ़ावा दिया है। नारी शक्ति को गति देने का काम किया है। इन सारी बातों की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने के लिए भाजपा द्वारा एक महीने के लिए चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत सांसद सुदर्शन भगत ने बेड़ो में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही उन्होंने प्रबुद्धजनों से केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बातचीत किया। उन्होंने पार्टी की ओर से जारी नंबर पर मिस्ड कॉल करा के महासंपर्क अभियान से जोड़ा। वहीं मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत व धनंजय कुमार राय समेत कई लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रांची विधायक ने प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य के पुत्र की शादी में वर-वधु को दिया आशीर्वाद



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व भाजपा महिला मोर्चा रांची जिला महामंत्री शारदा सिंह के पुत्र राहुल सिंह की शादी की रिसेप्शन पार्टी में रांची विधायक सीपी सिंह टाटा रोड पतरा टोली स्थित आशीर्वाद भवन में आशीर्वाद देने पहुंचे। विधायक ने राहुल सिंह की माता को शुभकामनाएं दी और राहुल सिंह और वधु रितु सिंह को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर झारखंड किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहु, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिप सदस्य बिपिन टोप्पो, बरगावां मुखिया अनिता तिर्की, मोदी विचार मंच झारखंड प्रदेश संयोजक मनोज सिंह, भाजपा नेता सह समाजसेवी बिक्कू सिंह राजा साहब, सांसद प्रतिनिधि बिरसा पाहन, पूर्व रांची जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामगढ़ शनि कुशवाहा, संजय सिंह, गोल्डी सिन्हा, मुकेश ठाकुर, अरुण कोरियार, रामानंद पांडे, आशीष बेक, प्रकाश भारती और बिनोद एक्का मौजूद रहे।

### आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम के तहत योग हैप्पी योगा का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे लालगंज स्थित सूर्य नगर कॉलोनी में भूतपूर्व ले कर्नल बिरेंद्र कुमार सिंह के आवास पर बुधवार को आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्गत योग हैप्पी योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों ने योग किया और योग से स्वास्थ्य को कैसे अच्छा रखें उसको जाना। बिरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आधुनिक युग में मनुष्य परिस्थितियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने के चक्कर में संघर्ष और मानसिक दबाव की जिंदगी जीने के लिये मजबूर रहता है और इससे बचने के लिये योग ही एकमात्र साधन और उपाय है। इसको विचार में रखते हुये इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर्ट ऑफ लिविंग के डॉ (मेजर) बिनीता सिन्हा, अयोन मजूमदार, सूचित दुबे और सुमित कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर सुधीर सिन्हा, सुनील तिवारी, अमरेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, सरोज सिंह, उपेंद्र नाथ तिवारी, इंदु पांडे, डेजी सिंह, चंपा देवी, मंजू पांडे, पुष्पा देवी, पिंकी आनंद, गायत्री देवी, उषा शर्मा के साथ अन्य उपस्थित थे।

### टाटीसिलवे मंडल भाजपा ने लाली पंचायत के विभिन्न गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधानसभा अंतर्गत टाटीसिलवे मंडल ने लाली पंचायत के विभिन्न गांवों एवं टोलों में बुधवार को मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची सांसद संजय सेठ उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्षों के कार्यकाल के कार्यों को विस्तार पूर्वक बताते हुये सभी को जागरूक किया। मौके पर पूर्व विधायक खिजरी रामकुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह, उमाकांत राय, अशोक नायक, रमेश लकड़ा, रमेश ठाकुर, मुखिया जिरेन टोपनो, पंसस सुनिता देवी, पासकल लकड़ा, जितेंद्र महतो, लखींद्र नायक, रूद्रेश्वर राय, नागु लाल महतो, महिनद महतो, जयराम महतो, आनंद राय महतो एवं भाजपा कार्यकर्ता के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

### घघारी धाम में मुनि आश्रम के निर्माण को लेकर निकली कलशयात्रा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में बुधवार को मुनी आश्रम में नवनिर्मित मंदिर निर्माण के अवसर पर भव्य कलश यात्रा सह प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में माताओं बहनों के द्वारा घघारी नदी से कलश में जल लेकर मंदिर प्रांगण में पहुंचकर जल अर्पण किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान सारे अनुष्ठान पुजारी राम शंकर पाठक व सहयोगियों के द्वारा कराया गया वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अनुष्ठान किया गया। प्रतिमा को गंगाजल, अन्न आदि से सराबोर करने के बाद उनकी विधि विधान से पूजा की गई। मौके पर गंगाधर साहु, भुवन महतो, सेवक सिंह संजय महतो, सोमरा लोहरा समेत कई लोग मौजूद रहे।

### हेल्थ एवं वेनलेस सेंटर में जन आरोग्य समिति की बैठक आयोजित



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नेहालू पंचायत के रोगाडीह पतराटोली में हेल्थ एवं वेनलेस सेंटर में जन आरोग्य समिति का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वच्छता तथा समस्याओं व उनके समाधानों के बारे में विशेष चर्चा करते हुए सभी सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं सभी सदस्यों को अपने कर्तव्यों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए ग्रामीणों को जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही अतिरिक्त गतिविधि के माध्यम से लोगों को प्रेरित करते हुए सेन्टर तक लाकर उचित स्वास्थ्य लाभ दिलाने की बात कही गई। इस दौरान सीएचओ दीदी द्वारा सेन्टर में उपलब्ध जांच एवं दवाईयों के बारे में बिस्तृत जानकारी दी गई। वहीं मौके पर मुखिया वीरेंद्र भगत ने ग्रामीणों से सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। बैठक में उप मुखिया जीतिया उरांव समेत समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

# केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे लाभुक तक पंहुच रहा है : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी(पलामू)।** पांकी प्रखंड अंतर्गत थाना रोड बाबा मैरेज हॉल में भाजपा के द्वारा नौ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किए गए प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओ को लेकर लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता और जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरवात की गयी। मौके पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि ऐसी पार्टी को सबक सिखाने की जरूरत है। जिसकी सरकार में केंद्र सरकार से 100 रुपया भेजे जाने के बाद लाभुक तक 10 रुपया पंहुच पाता था। ये बाते मैं नही कह रहा हूं कांग्रेस पार्टी के सरकार में उनके प्रधानमंत्री ने खुद ही कहा था। नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा चलाये जा योजनाओं का लाभ जैसे पीएम आवास, उज्वला योजना, जनधन योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना,आयुष्मान कार्ड योजना जैसे विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे लाभुक तक पंहुच रहा है। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबी नजदीक से देखा था। इसलिए गरीबो के लिए पीएम आवास योजना की शुरूवात की गयी। लेकिन राज्य सरकार के द्वारा बालू पर रोक लगाकर गरीबो का आवास नही बनने दिया जा रहा है। और बालू दूसरे राज्य भेजा जा रहा है। मौके पर किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, अविनाश वर्मा, जिला महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा,भाजपा नेता अमरनाथ गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र उपाध्याय,अरविंद गुप्ता, बचन ठाकुर, शंकर प्रसाद गुप्ता,मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, सुनील प्रसाद गुप्ता, विजय ठाकुर, चुनमुन पाण्डे, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिस बस्ती में सदियों से अंधेरा है, उस बस्ती में बिजली जलाने चला हूं: डॉ शशिभूषण मेहता

**पांकी(पलामू)।** पांकी प्रखण्ड मुख्यालय में पांकी थाना और और पांकी ब्लॉक के बीचोबीच दलित मुहल्ला में आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क और बिजली के लिए लोग तरस रहे है। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने भाजपा द्वारा 9 साल सेवा सुशाशन और गरीब कल्याण जनहित में किए गए योजनवाओ को लेकर लाभुक सम्मेलन में भाग लेने पंहुचे थे। कार्यक्रम स्थल पर ही दलित बस्ती के ग्रामीणों ने पंहुचकर अपनी बस्ती का दुखड़ा सुनाया। विधायक डॉ मेहता ने तुरंत पंहुचकर बिजली विभाग के पदाधिकारी को बुलाकर बिजली चालू करवाने का निर्देश दिया और तत्काल सड़क बनवाने का भी ग्रामीणों से कहा कि कल से सड़क बनवाने का काम किया जायेगा। ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया।

## सीएस ने किया हुसैनाबाद में अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का उद्घाटन

# शहरी स्वास्थ्य केंद्र से मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा: पलामू सीएस

आजाद सिपाही संवाददाता



फोटो उद्घाटन के मौके पर उपस्थित पलामू सीएस,कार्यपालक पदाधिकारी और अन्य

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड एक स्थित कृष्णा नगर चर्च के समीप अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का उद्घाटन पलामू सिविल सर्जन अशोक कुमार और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद परवेज, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी दीपक कुमार,निवर्तमान वार्ड पार्षद अखलेश यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर सिविल सर्जन अशोक कुमार ने कहा कि इस शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से शहर वाशियों को काफी सुविधा होगा।लोग आसानी से अपना इलाज करा पायेंगे। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ सुविधा बेहतर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग संकल्पित है। शहर वाशियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की शुरूआत की जा रही हैं ,धीरे-धीरे इस सेंटर में सुविधा बढ़ायी जायेगी और जो भी कमियां होंगी उसे दूर कर ली जाएगी । मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद परवेज ने कहा कि शहर वासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा को लेकर हुसैनाबाद नगर पंचायत कटिबद्ध है।

यहां के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर इस अर्बन अस्पताल का संचालन हुसैनाबाद नगर पंचायत द्वारा किया जायेगा। निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि इस तरह का शहरी अस्पताल खुलने से शहर वासियों के स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा।

मौके पर रतन लाल समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## पंचायत समिति सदस्यों की मासिक समीक्षा बैठक

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रम्भा देवी व संचालन बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने किया। बैठक में प्रखंड व पंचायत से संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, उप प्रमुख सतेंद्र सिंह, पंसस रीना चौबे,मुखिया मंजू देवी, किरण देवी, संख्याकी पदाधिकारी बैजनाथ राम,पंकज पांडेय, राजकुमार चौधरी सहित कई विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## जेएनवी कंपनी के मैनेजर पर हमला निर्माण कार्य बंद करने की दी धमकी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लंगरकोट गांव के समीप जवाहर नवोदय विद्यालय का निर्माण कार्य कर रही ओएसएस कंपनी नोएडा उतर प्रदेश की कंपनी के जेनरल मैनेजर शिवशंकर कुमार पर अपराधियों ने बुधवार को करीब 11 बजे दिन में हमला कर घायल कर दिया। इस घटना को लेकर शिवशंकर कुमार ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात नकाबपोश अपराधियों के खिलाफ लिखित शिकायत कर सुरक्षा की गुहार लगायी है। लिखित शिकायत में कहा है की प्रतिदिन की तरह थाना क्षेत्र के लंगरकोट पहाड़ी के समीप जवाहर नवोदय विद्यालय निर्माण कार्य स्थल पर अपने स्कॉर्पियो से जा रहा था। इसी क्रम में मुरली पहाड़ी के समीप बाइक पर सवार तीन नाकाबपोस अपराधियों ने मेरे वाहन के आगे आकर मेरे वाहन को रोक दिया और हाथ में रखे लोहे के रॉड से मेरे वाहन को छतिग्रस्त कर दीया और चालक से चाभी छीनने लगा, जब हम वाहन से उतर कर नीचे उतरा तो लोगों ने मुझपर डंडे से प्रहार शुरू कर दिया और विद्यालय निर्माण कार्य को बंद करने की धमकी देते हुए कहा की अगली बार तुम्हें गोली मार देंगे।यह कहते हुए बाइक पर सवार हो शकर पथरा की ओर भाग गये। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि जेनरल मैनेजर द्वारा लिखित आवेदन मिला है। घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

## बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** बकरीद त्यौहार को लेकर बुधवार को सतबरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बीडीओ राज किशोर प्रसाद की अध्यक्षता में की गयी। इस दौरान सीओ प्रशांत कुमार व बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने कहा कि बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाये। बकरीद में कुबार्नी खुली जगहों पर ना दें। सामाजिक और संप्रदायिक सौहार्द बनाये रखें। वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा कि व्हाट्सएप, फेसबुक और सोशल मीडिया के अफवाहों पर ध्यान ना दें। कोई भी आपत्तिजनक स्थिति या कोई वैसा मामला जिससे माहौल खराब हो सकता है तो वैसी स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचना दें। जो व्हाट्सएप ग्रुप चलाते हैं वे लोग ओन्ली एडमिन सेंड मोड में ग्रुप को चलाएं। इधर बैठक में उपस्थित गणमान्य एवं प्रतिनिधियों ने कहा कि हम लोग शांति पूर्वक अपना अपना त्यौहार मनाते हैं किसी तरह का कोई दिक्कत नहीं होता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव,समाजसेवी कमलेश प्रसाद, मुखिया गिरवर राम, पोलपोल मुखिया पति भरदुल सिंह, रबदा मुखिया पति शंभू उरांव, धीरज प्रसाद, हदीस मियां, हाफिज जुबेर जुल्फिकार अहमद मुख्य रूप से मौजूद थे।

# पलामू में अलग पहचान बना रहा है राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय लेस्लीगंज

रामप्रकाश तिवारी



**नीलांबर पीतांबरपुर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर नीलाम्बर-पीतांबरपुर प्रखंड में अवस्थित है राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय लेस्लीगंज। देश की स्वतंत्रता के कुछ ही वर्षों बाद सन 1955 में तत्कालीन लेस्लीगंज प्रखंड के प्रबुद्ध लोगों के दूरदर्शी सोच ने एक उच्च विद्यालय स्थापना की कल्पना की तथा उसका साकार रूप देने के लिए बैठक कर विद्यालय निर्माण का निर्णय लिया। ऐसे में विद्यालय के लिए भूमि की आवश्यकता पड़ी, जिसे पूरा किया पथरही गांव के दुबे परिवार ने। इस परिवार ने लेस्लीगंज से सटे लगभग पांच एकड़ भूमि का विद्यालय के लिए दान किया। भूमि मिलने के बाद वहां के स्थानीय लोगों ने अपने श्रम और सामान से कुछ ही दिनों में विद्यालय का ढांचा खड़ा कर दिया, और एक कमेटी का निर्माण कर विद्यालय संचालन की व्यवस्था की। जिसके सचिव बने रामेश्वर तिवारी एवं प्रधानाध्यापक की जिम्मेवारी रमा बल्लभ तिवारी को मिला। विद्यालय की कमेटी और प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में विद्यालय ने जिले में एक अलग पहचान बनाई तथा वहां के छात्रों ने कई कीर्तिमान स्थापित किया। सन 1982 में इसे राज्य सरकार ने अपने अधीन लेकर सरकारी दर्जा दिया। सन 2008 से यहाँ+2 की भी पढाई प्रारंभ कर दी गई लेकिन उस अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापन नहीं होने से धीरे-धीरे विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था और छात्र उपस्थिति में लगातार ह्रास दिखाई देने लगा। ऐसी स्थिति में सन् 2017 के सितंबर माह में अमरेश कुमार सिंह को विद्यालय का प्रभार मिला। इस समय पुनः विद्यालय में कुछ बदलाव दिखा परंतु कुछ ही समय बाद कोरोना महामारी ने पुनः बाधा किया। कोरोना काल के बाद विद्यालय टीम के द्वारा किये गए सामूहिक प्रयास ने रंग लाया और फिर से इसके पुराने गौरव से तुलना की जाने लगी। लोगों का रुझान पुनः विद्यालय के प्रति बढ़ने लगी और पूरे जिले में इसकी अलग पहचान बनी।

# राज्य सरकार की छवि धूमिल करने में लगे है उंटारी रोड के अंचलकर्मी

लवकुश कुमार सिंह

**उंटारी रोड/पलाम (आजाद सिपाही)।** जिले में आये दिन भ्रष्टाचार व घुसखोरी के मामले उजागर होते रहता है। ताजा मामला उंटारी रोड अंचल का है यहाँ अंचल कर्मियों द्वारा हर कार्य के लिए रेट पहले से फिक्स रहता है। चेक स्लिप के लिए अलग रेट है तो एलपीसी बनाने के लिए अलग रेट है तो वहीं मोटेसन के लिए अलग रेट फिक्स है। क्षेत्र की जनता घुसखोरी और बिचौलिया गिरी से परेसान है। अगर पैसा नही है तो आपका उचित कार्य भी नहीं होगा और अगर पैसा है तो कैसा भी कार्य हो औन स्पॉट हो जायेगा। सरकार चाहे जितनी भ्रष्टाचार मुक्त का दावा करे परंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही है। ऐसा प्रतीत होता है मानो रिश्वत के पैसे में नीचे से उपर स्तर तक के कर्मियों का हिस्सा हो। 27 जून को आरटीआई कार्यकर्ता मोहम्मद सफी एलपीसी बनवाने के लिए जब अंचल कार्यालय गए तो कर्मचारी खिरोधर कुमार द्वारा पैसे की मांग किया गया। निवेदन के बाद भी कर्मचारी द्वारा कार्य करने से इंकार कर दिया जब पैसा देने को हाँ बोला तभी कार्य किया। इससे पहले भी 23 जून को वही एलपीसी के लिए चार हजार रुपए लिया था। उसी को सुधारने के लिए फिर 27 जून को चार हजार रुपए और मांग किया गया। पैसा नही देने पर पेपर देने से इंकार कर दिया गया। एक हजार रुपए लेकर और पेपर भी नहीं दिया। बोला जाओ पैसे लेकर आओ फिर पेपर देंगे। जब पूरा चार हजार रुपए ले लिया तभी एलपीसी दिया।

## प्रखंड स्तरीय कार्यशाला में खरीफ फसल के बारे में किसानों को दी गयी जानकारी



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में किसानों को खरीफ फसल के बारे में जानकारी दी गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रंभा देवी व संचालन बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने किया। बैठक में कई किसान शामिल हुये। किसानों को लाइन शोइंग से मडुआ,बाजरा,मक्का,धान,अरहर सहित खरीफ फसल की खेती करने की विधि के बारे के जानकारी दी गयी। इसके अलावा केंद्र व राज्य द्वारा प्रायोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना,झारखंड ऋण माफी योजना,पीएमकेएसवाई,केसीसी,कुसुम योजना सहित कई महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे भी विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय,विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह,मुखिया मंजू देवी,किरण देवी,सांख्यकी पदाधिकारी बैजनाथ राम,एटीएम शशि रंजन,एएसआई राजकुमार चौधरी,पंकज पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

# पर्यावरणविद और जिला पार्षद ने आयुक्त से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर ।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और उनके छोटे पुत्र सह छतरपुर के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार जायसवाल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पर्यावरणविद श्री कौशल ने आयुक्त को सिंगापुर का फिडल लिफ्ट बेडरूम का प्रदूषण मुक्त प्लांट का पौधा देकर मुलाकात को यादगार बनाया। श्री कौशल ने पर्यावरण के क्षेत्र में अपने द्वारा पिछले 56 वर्षो से चलाए जा रहे अभियान और अभी सिंगापुर और मलेशिया में पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारियां दी। उन्होंने यह भी बताया कि अपने पुत्र अमित कुमार जायसवाल लगातार दो बार ग्राम पंचायत डाली बाजार से मुखिया और इस बार छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद का दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने आयुक्त को वन राखी मूवमेंट के सम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारियां देते हुए यह भी बताया कि उन्होंने अपने पैतृक गांव जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार में पार्क और जैविक उद्यान विकसित किया है जिसमें देश व विदेश के करीब दो सौ प्रजातियों से ऊपर पौधे लगाए गए है। पर्यावरणविद ने यह भी बताया कि उक्त जैविक उद्यान में विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मन्दिर का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने प्रमंडलीय आयुक्त से उक्त पार्क,जैविक उद्यान और पर्यावरण मन्दिर का अवलोकन करने का न्यौता दिया। श्री कौशल किशोर ने बताया कि इस औपचारिक मुलाकात के दौरान आयुक्त ने अपने सहमति प्रदान करते हुए उक्त पार्क, जैविक उद्यान और पर्यावरण मन्दिर का अवलोकन करने की इच्छा जताई है।

## स्पोर्ट्स



# पहला आदिवासी क्रिकेटर, जो इंग्लैंड में लेगा ट्रेनिंग: नामकुम के रॉबिन मिंज को मुंबई इंडियंस ने चुना, अगस्त में होगी ट्रेनिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची से सटे 15 किमी दूर नामकुम से निकला झारखंड का पहला आदिवासी लड़का अब इंग्लैंड में क्रिकेट की ट्रेनिंग लेगा। उसे ट्रेनिंग देने का जिम्मा उठाया है आइपीएल की टीम मुंबई इंडियंस ने। हजारों किलोमीटर दूर क्रिकेट की ट्रेनिंग लेने के लिए जा रहे लड़के का नाम रॉबिन मिंज है। काफी कम उम्र से ही क्रिकेट के प्रति उसकी दीवानगी ने उसे आज यह मुकाम दिलाया है। उसकी ट्रेनिंग अगस्त में शुरू होगी। रॉबिन के कोच आशिफ ने बताया कि जिस टीम के ट्रायल से छंट कर और निराश होकर यह लड़का लौटा था, उसे उसी टीम ने तीन दिन पहले फोन कर पासपोर्ट तैयार करने को कहा। उसकी सफलता पर न केवल परिवार वाले बल्कि उसके गुरु चंचल भट्टाचार्य और आशिफ भी काफी खुश हैं। क्रिकेटर एसपी गौतम का भी सानिध्यविकेटकीपिंग बैट्समैन रॉबिन मिंज धोनी को अपना आदर्श मानता है। वह उन्हीं की तरह बनना चाहता है। उसके कोच चंचल भट्टाचार्य और आशिफ हैं। बातचीत के क्रम में कोच आशिफ ने बताया कि वह हमारे यहां बीते छह साल से ट्रेनिंग ले रहा है। वह काफी मेहनती भी है। उन्होंने बताया कि हमलोग तो उसे प्रशिक्षित कर ही रहे हैं। साथ ही उसे क्रिकेटर एसपी गौतम का भी सहयोग मिलता रहता है। उनसे भी क्रिकेट की बारीकियां मिलती हैं। हालांकि उसके प्रशिक्षकों का कहना है कि वह खुद भी काफी मेहनत करता है।

**एक्स आर्मी मैन हैं रॉबिन के पिता**

रॉबिन मिंज के पारिवार की बात करें तो उसके पिता एक्स आमीर्मैन हैं। उनका नाम जेवियर फ्रांसिस मिंज है। वे फिलहाल रांची एयरपोर्ट में सेक्यूरिटी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इनकी दो बहनें हैं। रॉबिन के मुताबिक उसकी यहां तक की उपलब्धि में जितना सहयोग पिता का है, उतना ही सहयोग मां का भी है।

# स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** स्टीव स्मिथ टेस्ट क्रिकेट के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं। इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में स्मिथ ने एक खास रिकॉर्ड बनाया है।

**स्टीव स्मिथ:** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स के एतिहासिक मैदान पर एशेज टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही स्मिथ के नाम एक खास रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 2 विकेट से हरा दिया था। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी 1-0 से आगे चल रही है। स्मिथ के लिए ये बेहद खास पल रहा कि उन्होंने इस ऐतिहासिक मैदान पर एक दमदार रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

स्मिथ ने हासिल किया ये मुकाम इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे एशेज के दौरान स्मिथ ने जैसे ही अपने बल्ले से 31 रन बनाए उन्होंने 9000 रन के आंकड़े को छू लिया। उन्होंने 99 मैचों की 174 पारियों में इस मुकाम को हासिल किया। स्मिथ इस दौर के सबसे बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाज है। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 59.61 की औसत से अब तक बल्लेबाजी की है। उनके नाम 37 अर्धशतक और 31 शतक भी दर्ज है। स्मिथ का टेस्ट में सर्वाधिक स्कोर 239 रनों का है।

## भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा-यात्रा संपन्न



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात नगरी में भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा-यात्रा (वापसी) उसी उत्साह से संपन्न हुई जिस उत्साह से रथ यात्रा निकाली गयी। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाया गया और रथ पर आसीन किया गया। रथ की सफाई का कार्य छेरा-पन्हारा बीएसएल के अधिशासी निदेशक (कार्मिक और प्रशासन) राजन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर बोकारो महिला समिति की सदस्या और अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा श्रद्धालु उपस्थित थे। नगर वासियों के सम्मिलित प्रयास से रथ यात्रा जनवृत-1 स्थित राम मंदिर परिसर से आरंभ हुई। पूरे रास्ते नगरवासी तथा श्रद्धालु जन बारी-बारी से अपना योगदान देकर पुण्य अर्जन करते रहे। रथ यात्रा राम मंदिर से पत्थरकट्टा चौक, गांधी चौक सिटी सेंटर तथा बोकारो जनरल अस्पताल होते हुये जगन्नाथ मंदिर पहुंची, मार्ग में स्वयंसेवी संस्था महिला समिति, बोकारो के सदस्यों ने पानी और शरबत का वितरण किया जिसमें नगर के अन्य संस्थानों ने भी योगदान किया।

## रेलवे स्टेशन में मिला तीन साल का लावारिस बच्चा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर के पास से एक लावारिश बच्चा मिला है। बच्चे की उम्र लगभग तीन साल की बतायी जा रही है। रेलवे स्टेशन में बुधवार की सुबह बच्चे को यात्रियों ने लावारिश हालत में देखा। बच्चे की हालत खराब थी। उसके शरीर पर चोट के भी निशान थे। रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर के पास था।

## पत्थर खदान में डूबने से किशोर की मौत

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** बलियापुर के बेलगड़िया टाउनशिप स्थित एक पुराने पत्थर खदान में डूबने से बुधवार को बेलगड़िया टाउनशिप फेज वन के निवासी सुनील भुइयां के 13 वर्षीय पुत्र अहम भुइयां की मौत हो गई। वो अपने दो दोस्तों के साथ खदान में नहाने गया था। नहाने के क्रम में वो डूब गया। यह देख दोस्तों ने शोर मचाना शुरू किया। शोर सुनकर कॉलोनी के लोग पहुंचे। अहम को पानी से निकालकर बरमसिया स्थित एक निजी अस्पताल ले गये। स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कोचिंग सेंटर का ताला तोड़ असामाजिक तत्वों ने किया शराब का सेवन

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** बांसजोड़ा रोड स्थित स्वामी विवेकानंद कोचिंग सेंटर का ताला तोड़ कर असमाजिक तत्वों ने शराब का सेवन किया। शिक्षा के मंदिर को शराब खाना बनाए जाने से शिक्षकों और विद्यार्थियों में आक्रोश है। प्राचार्य केपी ठाकुर उर्फ प्रसादी सर ने पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। प्राचार्य ने बताया कि जब कोचिंग सेंटर खोलने के आया तो देखा कि कोचिंग सेंटर का ताला टूटा पड़ा है तथा दरवाजा खुला हुआ है। जहां-तहां शराब की बोतलें फेकी पड़ी है। शिक्षा के मंदिर को इस तरह नापाक किया जायेगा वह कभी सोचा नहीं था। पुलिस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे।

## चोरी का आरोप लगाकर आरपीएफ ने यात्री को किया परेशान

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** तीन मोबाइल चोरी के आरोप में चार बजे सुबह में पटना - रांची ट्रेन से उतरे एक फुसरो के यात्री जेपी पाठक को आरपीएफ के एक सिपाही दीपक कुमार के द्वारा सवा घंटा परेशान करने का काम किया गया। जेपी पाठक को आरपीएफ थाने में बैठाए रखा। यात्री जब प्रेस और मीडिया को फोन कर आने को कहा तब आरपीएफ वालों ने कहा कि जांच हो गया है, आप निर्दोष हैं कह कर छोड़ दिया गया। एक पत्रकार आकर आरपीएफ को झाड़ लगायी की मोबाइल चोरी का देखने का काम जीआरपीएफ का है, आरपीएफ का नहीं है। अगर ऐसा आप सभी करोगे तो फस जाओगे। तब आरपीएफ वालों ने मामले को हाइलाइट करने से मना कर दिया। लगता है कि कमजोर यात्री से ये पैसा उगाही का धंधा है। जिसका मोबाइल चोरी हुआ था, उसने बताया कि पैसा नहीं देने के कारण मामला आरपीएफ थाने में दर्ज भी नहीं हुआ। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कुछ यात्री रेलवे प्रतिक्षालय में अपना मोबाइल चार्ज कर रहे थे। रात्रि एक बजे मोबाइल चोर, 3 मोबाइल चोरी कर के ले गए। जब हटिया पटना ट्रेन से 4 बजे सुबह में उतरकर पाठक यात्री प्लेटफार्म पर चलने लगे तभी आरपीएफ के एक सिपाही ने टिकट मांगा। तब यात्री टिकट दिखाया। तब सिपाही ने कहा कि आप मोबाइल चोर हैं। आपका सीसीटीवी फुटेज में आपके कपड़े का रंग आया है। पाठक ने अपना बैग भी खोल कर दिखा दिया और बोला कि आप मेरा पूरा जांच कर लें। आप मेरा चेहरे की जांच कर लें। सवाल उठता है कि जब मोबाइल 1 बजे रात में चोरी हुई है और यात्री स्टेशन पर 4 बजे आया है तो वो मोबाइल चोरी कैसे कर सकता है। पर यात्री का कोई भी सफाई आरपीएफ वाले सिपाही नहीं मानी, और यात्री को डराते, धमकाते और परेशान करते रहा।

# वासेपुर के दो व्यापारियों के घर पर फायरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मंगलवार की अहले सुबह वासेपुर के मछली कारोबारी रसीद महाजन के घर चली गोली का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि मंगलवार और बुधवार की रात 1 बजकर 40 मिनट पर वासेपुर ओवरब्रिज के समीप अप्सरा बाजार के मालिक हाजी मोहम्मद सलीम के घर पर बाइक सवार अपराधियों ने गोली चला कर सनसनी फैला दी है। हालांकि इस बाबत मोहम्मद सलीम का कहना है कि हर रोज की तरह वे सुबह अपनी दुकान चले गए। वहां कुछ लोगों ने बताया कि उनके घर पर फायरिंग हुई है। और इस बात की चर्चा पुरे मुहल्ले में है। इसके बाद उन्हें एक पत्रकार का फोन आया उसने भी उनसे फायरिंग की बात पूछी। जिसके बाद हाजी सलीम अपने घर आये और पुत्र से सीसीटीवी फुटेज चेक करवाया। तो उसमें बाइक सवार दिखे। उन्होंने बताया कि एक वर्ष पूर्व भी हमारे घर पर फायरिंग हुआ था। ढेर सारा व्हाट्सअप और फोन कॉल के जरिये धमकी दी गयी थी। हम लोग ईमानदारी से कमाते हैं रंगदारी नहीं देंगे। इससे बढ़िया है कि मर जाये या फिर दूसरे जगह जाकर वयापार करेंगे। बताते चलें कि मंगकवार की अहले सुबह मछली कारोबारी के घर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चार खोखा भी बरामद किया था। हालांकि रशीद महाजन के घर वालों ने इस प्रकार की घटना पर अनभिज्ञता जताते हुये किसी प्रकार की शिकायत पुलिस से नहीं कि थी।

### दोनों घटना के बाद मेजर की चिट्ठी हुई वायरल

रशीद महाजन और अप्सरा ड्रेसेस के मालिक के घर पर फायरिंग के बाद अलग अलग चिट्ठी वायरल की गयी। जिसमें खुद को प्रिंस का शूटर मेजर बताते हुए पहली चिट्ठी में कहा गया है कि देगा व्यापारी....तो बचेगा व्याापारी....नहीं तो दुगार्पुर जायेगा व्यापारी। वहीं दूसरी चिट्ठी में अप्सरा ड्रेसेस के मालिक को संबोधित करते हुये दो दिन में मैनेज करने की धमकी दी गयी है। नहीं तो गोली मारने की धमकी दी गयी है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/03/2023-24

NOTICE INVITING QUOTATION

Sealed Quotation are hereby invited from registered & experience agency/forms for Supply of Item for the Work of Upgradation and Beautification of Police Line Stadium at Medininagar, Palamu. with all fitting and equipment with all labour charge and accessories. the completed Quotation will be received on 05.07.2023 up to 1:00 Pm in the Office of the Executive Engineer, Building Construction, Division, Daltonganj and S.E Office-2 at Ranchi and Same will be opened on the 06.07.2023 up to 3:00 Pm in the Office of the E.E B.C.D Daltonganj.

Detail Terms and Condition of Tender may be seen at www.jharkhand.gov.in& office notice board.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 301079 Building(23-24).D


### महुदा जलापूर्ति खतरे में, भाटडीह ओपी पुलिस खामोश

# जलापूर्ति केंद्र के नीचे चल रही अवैध खान

हजारों ग्रामीणों पर मंडरा रहा गंभीर जल समस्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** महुदा के भाटडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत महुदा जलापूर्ति खतरे में हैं। क्यूंकि इनदिनों अवैध कोयला कारोबारियों ने मुरलीडीह पांच नंबर स्थित चार पंचायतों के जनता के लीए बने महुदा जलापूर्ति के जलमीनार और विद्युत सब स्टेशन के समीप अवैध माइंस के दर्जनों मुहानें खोलकर प्रत्येक दिन, अवैध कोयला उत्खनन कर रात में कई भारी वाहनों के जरिये बंगाल बिहार सहित दूसरे कई अन्य राज्यों में भेजा जा रहा। वहीं अवैध उत्खनन से उक्त स्थान पर स्थित जलमीनार और विद्युत सब-स्टेशन का वजूद खतरे में दिख रहा हैं। बताते चले कि उक्त स्थल वन पंचायत की हैं, और अवैध माइंस की खुदायी के लीए दर्जनों पेड़ो को काटकर बर्बाद कर दिया गया, और उक्त मुहाने से अवैध कोयले की उत्खनन किया जा रहा हैं। जिससे जलमीनार कभी भी धराशाही होकर गीर जायेगा। जिससे हजारों ग्रामीणों के बीच गंभीर जल और बिजली की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। इस अवैध कारोबार के पीछे प्रदीप, संजय, मनोज, मनीष नामक व्यक्ति द्वारा संचालित किया गया हैं। ज्ञात हो कि सैकड़ो ग्रामीणों ने महीनों पहले अवैध माइंस को बंद करने के लीए विरोध किये थे। ग्रामीणों के विरोध के पश्चात स्थानीय जनप्रतिनिधि और जनता के आवेदन पर उस समय के तत्कालीन ओपी प्रभारी वीरेंद्र कुमार यादव द्वारा त्वरित कारवाई करते हुये अवैध माइंस के मुहानो की भराई कराकर बंद करा दिया गया था। वहीं ओपी प्रभारी के बदलते ही पुनः उक्त माइंस को चालू कर दिये गये। जिससे वर्तमान प्रभारी पर कई गंभीर सवाल खड़े करते हैं। इस मामले को लेकर सिंगड़ा पंचायत के मुखिया 'सूर्यकांत महतो' ने कहा पूर्व में आवेदन के माध्यम से उक्त अवैध माइंस को बंद करवाया गया था। वहीं सूचना मील रही हैं कि फिर से उक्त माइंस को कुछ अवैध कोयला कारोबारियों द्वारा खोलकर कोयला उत्खनन किया जा रहा हैं। ग्रामीणों के हितो के लीये हम पुनः उक्त माइंस को बंद करवाने के लीए आंदोलन करने पर बाध्य होंगे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०-02,गढ़वा

अति-अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या-RDD/SD/GARHWA/07/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टिफिकेसन न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के खरौन्धी प्रखण्ड में ग्राम पंचायत-राजी में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -1 |
| 2 | गढ़वा जिला के धुरकी प्रखण्ड में ग्राम-खुटीया में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -2 |
| 3 | गढ़वा जिला के नगर उँटारी प्रखण्ड में ग्राम-चितविश्राम में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -3 |
| 4 | गढ़वा जिला के नगर उँटारी प्रखण्ड में ग्राम-बम्बा में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -4 |
| 5 | गढ़वा जिला के मेराल प्रखण्ड में ग्राम-संगबरिया में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -5 |
| 6 | गढ़वा जिला के चिनियाँ प्रखण्ड में ग्राम-चपकली में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -6 |
| 7 | गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखण्ड में ग्राम-खरडीहा में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -7 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि -03.07.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक-03.07.2023 से दिनांक-10.07.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक-03.07.2023 से 13.07.2023 (कार्यालय अवधि तक)
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :-
1. जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
2. जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान - कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0-02, गढ़वा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय -14.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0-02, गढ़वा।
10. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 7004019730
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0-02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
13. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
14. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताएँ योजना का प्रखण्ड एवं ग्राम परिवर्तीत किये जा सकते है।
15. Experience एवं अन्य Certificate का Fake Paper निविदा में संलग्न करने पर कानुनी कार्रवाई की जा सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0-02,गढ़वा

PR 301113 Rural Development(23-24).D


# बीसीसीएल के सीएमडी ने खदानों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** डीजीमएस महानिदेशक प्रभात कुमार बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता सहित कई अधिकारियों ने बुधवार को बीसीसीएल बरोरा एरिया वन अंतर्गत बेनिडीह एएमपी कोलयरी के पीबी इनक्लाइन अंडरग्राउंड माइंस का दौरा किया। इससे पूर्व मुराइडीह लीक साइडिंग विटीसी ट्रेनिंग सेंटर का भी महानिदेशक ने दौरा किया। मौके पर महानिदेशक प्रभात कुमार ने पत्रकारों को बताया की खदान में पीट सेप्टी कमेटी किस प्रकार से काम कर रही है, पीबी इनक्लाइन भूमिगत खदान सेफ जोन में है की नही, नियमों का पालन माइंसों में हो रहा है या नहीं, इन्ही सब चीजों को लेकर निरीक्षण किया गया है। अग्नि प्रभावित क्षेत्र को लेकर बीसीसीएल द्वारा राहत कार्य समय से चलते आ रही है लेकिन अपेक्षित प्रगति नहीं हो पायी है। उम्मीद है की कुछ वर्षो बाद धनबाद जिले में अग्नि प्रभावित क्षेत्र नही रहेगा। वही अवैध माइंस को लेकर उन्होंने बताया की अवैध माइंस को बीसीसीएल द्वारा डोजरिंग कर भराई की जा रही है। यह लॉ एंड ऑर्डर का मामल है। इस दौरान माइंस से संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए गए। बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने समिति को आश्वासन दिया कि प्रस्तावित सुझाव को तत्परता से क्रियान्वित किया जायेगा। मौके पर बीडी प्रसाद, प्रभाष चौधरी, अभय नारायण, एके झा, काजल सरकार, दीपक कुमार, अजय राजभर सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना-09/2023-24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या-1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय :-दिनांक 15.07.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 17.07.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 17.07.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :-मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, राँची, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची एवं नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान :- अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :-

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of ADJ Qur. No. -3 & 9 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi. | 842700.00 | 16900.00 | 1250.00 | Two Months |
| 2 | Renovation of ADJ Qtr No. -13 & 20 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi. | 1039800.00 | 20800.00 | 2500.00 | Three Months |
| 3 | Renovation of ADJ Qtr No. -30 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi. | 1015050.00 | 20400.00 | 2500.00 | Three Months |
| 4 | Renovation of ADJ Qtr No. -33 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi. | 1196000.00 | 24000.00 | 2500.00 | Three Months |
| 5 | Renovation of ADI Qtr No. -35 at Judge Colony, Kanke, Ranchi. | 1011100.00 | 20300.00 | 2500.00 | Three Months |
| 6 | Renovation of ADJ Qtr No. -37 at Judge Colony, Kanke, Ranchi. | 1091500.00 | 21900.00 | 2500.00 | Three Months |
| 7 | Renovation of ADJ Qtr No.-22 at Judge Colony, Kanke, Ranchi. | 766800.00 | 15400.00 | 1250.00 | Two Months |
| 8 | Renovation of ADJ Qtr No.-34 at Judge Colony, Kanke, Ranchi. | 874950.00 | 17500.00 | 1250.00 | Two Months |
| 9 | Renovation of Qtr No.-41 at Judge Colony, Kanke, Ranchi. | 643450.00 | 12900.00 | 1250.00 | Two Months |
| 10 | Renovation of C type Quarter No. -A2 (10 Set) at New Police Line, Kanke Road, Ranchi | 426850.00 | 8600.00 | 750.00 | Two Months |
| 11 | Construction of Parking Tiles and Painting work for Outer surface in Main Building at Residence No.-01, Booty Road, Ranchi | 1506500.00 | 30200.00 | 5000.00 | Two Months |
| 12 | Renovation of 'A' Type Block No.-1 Quarter No. 7 at Near seth Sita Ram School Doranda. Ranchi. (High Court Pool) | 231500.00 | 4700.00 | 500.00 | Two Months |
| 13 | Renovation of 'B' Type Quarter No. B-9 (Block-B) 30 Set Near Nepal House. Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 260650.00 | 5300.00 | 750.00 | Two Months |
| 14 | Renovation of B Type Quarter No. -B/16, B/17 & B/20 High Court Colony. Behind Indira Palace, Hinoo. Ranchi. (High Court Pool) | 396400.00 | 8000.00 | 750.00 | Two Months |
| 15 | Renovation of 'A' Type Quarter No-17-18 & 19-20 (4 Unit) 48 Set at Near Seth Sita Ram School Doranda, Ranchi.(High Court Pool) | 1032850.00 | 20700.00 | 2500.00 | Three Months |
| 16 | Renovation of 'A' Type Quarter No.-13-14 Near Seth Sita Ram School at Doranda. Ranchi (High Court Pool) | 363800.00 | 7300.00 | 750.00 | Two Months |
| 17 | Renovation of Room No. 307, 308, 310, 311, 312, 313. 316, 317, 319, 319A, 323, 326 (Third (Floor) in Yojna Bhawan at Doranda, Ranchi | 2885150.00 | 57800.00 | 5000.00 | Three Months |
| 18 | Renovation of C type Quarter No-102 (Block B) at Ratu Road, Ranchi | 522900.00 | 10500.00 | 1250.00 | Two Months |
| 19 | Renovation of Family Judge Residence at Circluar Road, Ranchi | 1376500.00 | 27600.00 | 2500.00 | Three Months |

नोट :- निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या-1, राँची।

PR.NO.301081 Building(23-24):D


# गोपा में दस टन अवैध कोयला जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** लोयाबाद पुलिस और सीआइएसएफ जवानों ने बुधवार को लोयाबाद थाना अंतर्गत गोपा ग्राउंड में छापेमारी कर करीब आठ दस टन अवैध कोयला जब्त किया। सात आठ जगहों पर कोयला जमा कर के रखा गया था। एक माह के भीतर यहां पर कोयले की यह दुसरी बार छापेमारी है। इससे पहले 17 जून को छापेमारी कर करीब 13 टन कोयला जब्त किया गया था। बांसजोडा रेलवे साइडिंग में कोयले की तस्करी चरम पर है, कहा जाता है कि लोगों की शिकायत पर सिर्फ आई वास के लिए छापेमारी की जाती है। इस इलाके में एक संगठित गिरोह सक्रिय है। बांसजोडा कोलियरी रेलवे साइडिंग से कोयला तस्करी से जुड़े लोग बड़े इत्मीनान से कोयला टपाते है। साइडिंग के किनारे ही जमा कर के रखते हैं। रात के अंधेरे मारुति वैन या फिर ट्रकों से अन्यत्र टपाया जाता है। इसके अलावा इस अवैध धंधे से जुड़े लोग बाइक पर कोयला लाद कर केंदुआडिह थाना क्षेत्र के बासुदेवपुर में संचालित अवैध कोयला गोदाम में भी टपाया जाता है। कहा जाता है कि साइडिंग से रोजाना करीब 10 से 15 टन कोयला टपाया जाता है। बांसजोडा और निचितपूर कोलियरी का कोयला काफी मंहगा है। करीब 12000 रुपये प्रति टन कोयला बिकता है। इस हिसाब से बीसीसीएल को प्रति दिन एक से दो लाख रुपये का नुकसान हो रहा है। कोयले की तस्करी पर लगाम लगाने में न तो बीसीसीएल प्रबंधन और नहीं पुलिस गंभीर है।

सीआइएसएफ इंस्पेक्टर संजय कुमार ने कहा कि यदि इस अवैध कोयले के धंधे में उसका जवान संलिप्त है तो उस पर कार्रवाई करेंगे। कोयले की तस्करी पर रोक लगाना पुलिस का भी काम है।

थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने बताया कि कोयले की तस्करी की सूचना पर छापेमारी कर कोयला जब्त किया गया है। वे अभी नए हैं। कोयले की तस्करी नहीं होने दी जायेगी।

# झरिया में भाजपा का विकास तीर्थयात्रा कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** नरेंद्र मोदी जी की सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूरे होने पर महा जनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को झरिया विधानसभा भाजपा के द्वारा विकाश तीर्थयात्रा कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह के नेतृत्व में जामाडोबा स्थित डिग्री कॉलेज से शुरू हुआ। जिसके बाद सभी जोरापोखर मंडल अंतर्गत सुदामदीह स्थित दामोदर पूल और सीएफआरआइ गेट पर आयोजित कार्यक्रम पहुंचे। यहां सभा को संबोधित करते हुये सांसद पीएन सिंह ने नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल की जानकारी दी। कहा कि देश हर दिशा में प्रगति कर रहा है। विश्व स्तर पर भारत का मान सम्मान स्वाभिमान बढ़ा है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि देश के हर वर्ग का जीवन स्तर उत्तम हुआ है। शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा सेवाओं में मजबूती आयी है। ऐसे में समाज के विशिष्ट जनों से आग्रह है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने में सहयोग करे और 2024 के चुनाव में अपना पूर्ण समर्थन देकर देश को प्रगति की ओर बढ़ाने में सहायक बने। कार्यक्रम में मुख्य रूप जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, मानस प्रसून, जिला महामंत्री श्रवण राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राज कुमार अग्रवाल, विष्णु त्रिपाठी, दिलीप भारती, स्वरूप भट्टाचार्य, अरिंदम बनर्जी, दिलीप आडवाणी, मनोज प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

# द स्लीप कंपनी ने भुवनेश्वर में पहला फिजिटल स्टोर किया लांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्वी भारत में ग्राहकों की बढ़ती ऑफलाइन मांग को पूरा करने के लिए, शांतिपूर्ण नींद के लिए स्मार्ट ग्रिड तकनीक की एशिया की पहली और एकमात्र प्रदाता द स्लीप कंपनी ने भुवनेश्वर में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया है। यह नवीनतम फिजिटल स्टोर देश में कंपनी का 31वां स्टोर है और इस साल के अंत तक भारत भर में 100+ स्टोर खोलने के उसके दृष्टिकोण को मजबूत करता है। स्टोर के उद्घाटन में प्रसिद्ध ऑथोर्पेडिक्स और स्पोर्ट्स सर्जन, डॉ. सार्थक पटनायक की उपस्थिति रही, जिनके पास ऑथोर्पेडिक्स, लिगामेंट, संयुक्त संरक्षण और स्पोर्ट्स मेडिसिन में 13 वर्षों से अधिक की व्यापक विशेषज्ञता है। समृद्ध आईटी उद्योग और अपार्टमेंट में रहने की बढ़ती प्रवृत्ति के साथ, भुवनेश्वर पूर्वी भारत में सामाजिक-आर्थिक विकास का तेजी से उभरता हुआ केंद्र है। स्लीप कंपनी का नया 1200 वर्ग फुट का स्टोर ग्राहकों को एक व्यापक स्मार्टग्रिड अनुभव प्रदान करता है। उपभोक्ता अब गद्दे और तकिए से लेकर सोने के सामान और स्मार्टग्रिड कुर्सियों तक ब्रांड के उत्पादों के अनूठे एगोनौमिक डिजाइन और आराम को प्रत्यक्ष रूप से देख सकते हैं। द स्लीप कंपनी की सह-संस्थापक प्रियंका सलोट ने भुवनेश्वर स्टोर के लॉन्च के लिए उत्साह व्यक्त किया, और क्षेत्र में बढ़ती ऑफलाइन मांग को पूरा करने के लिए ब्रांड के समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ?हम तेजी से बढ़ते शहर भुवनेश्वर में स्मार्टग्रिड अनुभव पेश करते हुए रोमांचित हैं, जो पूर्वी भारत में हमारे प्रवेश द्वार के रूप में काम करेगा। यह फिजिटल स्टोर ग्राहकों के साथ सार्थक संबंध स्थापित करने के लिए हमारे समर्पण का उदाहरण देता है, जिससे उन्हें व्यक्तिगत रूप से हमारा अनुभव करने में मदद मिलती है। नवोन्वेषी नींद समाधान और उनकी नींद के स्वास्थ्य के संबंध में सुविज्ञ निर्णय लेते हैं। नवीन प्रौद्योगिकियों और एगोनौमिक डिजाइनों पर ध्यान केंद्रित करके ये उत्पाद नींद की आदतों में सकारात्मक बदलाव में योगदान करने और अंततः पूरे देश में लोगों के लिए बेहतर समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की क्षमता रखते हैं। मैं उनके प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं, प्रोफेसर डॉ. सार्थक पटनायक, वरिष्ठ सलाहकार, ऑथोर्पेडिक्स और स्पोर्ट्स सर्जन, स्पोर्ट्स साइंस इंडिया ने स्टोर के अनावरण कार्यक्रम के दौरान बताया।

## केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया उद्घाटन

# रांची में खुला झारखंड का पहला एडवांस्ड फर्टिलिटी क्लीनिक

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बुधवार को रांची में झारखंड के पहले एडवांस्ड फर्टिलिटी क्लीनिक मिराई फर्टिलिटी एंड आइवीएफ सेंटर का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। डॉ सर्बजया सिंह द्वारा संचालित यह क्लीनिक बरियातू में स्थित है और बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करता है। डॉ सर्बजया सिंह फर्टिलिटी की सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं, जिनके पास 17 वर्षों से ज्यादा का अनुभव है। इन्होंने पांच हजार से ज्यादा आइवीएफ ऑपरेशन किफायती दरों पर किया है। मिराई फर्टिलिटी एंड आइवीएफ सेंटर स्टेट-ऑफ-द-आर्ट टेक्नोलॉजी, सिस्टम इंक्यूबेटर्स और स्वयं डॉ सर्बजया का रिप्रोडक्टिव मेडिसिन में एक दशक से अधिक का अनुभव इस क्लीनिक को राज्य का सबसे बेहतरीन फर्टिलिटी सेंटर बनाते हैं। डॉ सिंह बताती हैं, हमारी जीवन शैली तेजी से बदल रही है। हर कोई अपने काम में व्यस्त है। इस भागती-दौड़ती जिंदगी में हम अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, जिसके कारणवश हमारी फर्टिलिटी पर भी असर हो रहा है और झारखंड निवासी सही इलाज के लिए दिल्ली एवं मुंबई जैसे बड़े शहरों की ओर जा रहे हैं। लेकिन मिराई के आने से अब सही इलाज एवं कंसल्टेशन के लिए मीलों का फासला नहीं तय करना होगा। यह क्लीनिक फर्टिलिटी से संबंधित समस्याओं को हल करने में अत्यधिक प्रभावी साबित होगा। उद्घाटन समारोह में शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। डॉ शोभा चक्रवर्ती गेस्ट ऑफ ऑनर थीं। इनके अलावा परमा सिंह, (पूर्व आरआरडीए चेयरमैन) राकेश प्रसाद, एसएन चौबे, पंडित रामशंकर मिश्र, अशोक सिंह, प्रो सुधीर मिश्रा, नवलकिशोर सिंह, लाल श्यामाचरण नाथ शहदेव, गोपाल प्रसाद साहू, मनीष यादव, त्रिधिराज आदि भी मौजूद थे।

## बाहानगा बाजार में पैसेंजर ट्रेनों के टिकट उपलब्ध




**भूवनेश्वर बालेश्वर।** बहानगा ट्रेन दुर्घटना के बाद मंगलवार से ट्रेन बाहानगा स्टेशन पर रुकी। आज से यानी बुधवार से यात्रियों को लोकल यात्रा के लिए ट्रेन टिकट मिलेंगे। पैसेंजर ट्रेन के स्टेशन पर रुकने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी देखी गयी। करमंडल एक्सप्रेस दुर्घटना के बाद बाहानगा स्टेसन बंद था। अब साउथ केबिन रेलवे लाइन पूरी तरह से स्बाभाबिक हो गयी है। रेलवे विभाग ने घोषणा की है कि बुधवार से बाहानगा स्टेशन बजार पर लोकल ट्रेनों के लिए टिकट उपलब्ध होंगे। ट्रैक को पूरी तरह से स्बाभाबिक कर दिया गया है।

# महाप्रभु जगन्नाथ नव दिनात्मक लीलाखेला समाप्त कर रत्नवेदी लौटे

- चतुर्धा मूर्ति को पहंडी बीजे नीति पूरी होनेके बाद गजपति महाराज को राज नअर से पालिंकि से लाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर पुरी।** विश्व प्रसिद्ध बाहुडा यात्रा। जन्मबेदी से चतुर्धा मूर्ति नव दिनात्मक लीलाखेला समाप्त कर रत्नवेदी को लौट रहे हैं, नाकचना के सामने तीन रथों में रथा रूढ़ हुए चतुर्धा मूर्ति। आज सुबह सभी रितिनिति निर्धारित समय से 3 घंटे पहले समाप्त हुआ। सबसे पहले सुदर्शन रथारूढ़ हुए, बाद में धाडी पहंडी में प्रभु बलभद्र, देवी सुभद्रा और कला ठाकुर प्रभु जगन्नाथ रथा रूढ़ हुए। चतुर्धा मूर्ति को पहंडी बीजे नीति पूरी होनेके बाद गजपति महाराज को राज नअर से पालिंकि से लाया गया और गजपति महाराजा सोने की झाडू से छेरा पंहरा नीति संपन्न किए। बाद में चारमाल को खोला गया और घोड़ा जोड़ा गया। रथ खींचने काम सुरु हुआ। सब से पहले प्रभु बलभद्र के तालध्वज रथ खींचा गया उनके पीछे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ अंत में श्रीजगन्नाथ के नंदीघोष रथ को खींचा गया। 5.30 बजे तक सिंहद्वार के पास तालध्वज रथ और दर्पदलन रथ पहंच चुका है। महाप्रभु की बाहुड़ा यात्रा को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किये गया हैं। 180 प्लाटून पुलिस बल मुतयन किया गया। कानून व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था और श्रृंखलित रथ खींचने का काम केसे सुचारू रुपे से समाप्त होगा इसी पर ध्यान केंद्रित किया गया है। आपातकालीन सेवाओं के लिए ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की गई है।

## ओड़िशा कैडर के आइएएस अधिकारी वीके पांडियन पर कार्रवाई के निर्देश



**भूवनेश्वर।** केन्द्र सरकार ने राज्य के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी वी.के .पांडियन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया है। केन्द्रीय कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग के सचिव ने राज्य के मुख्य शासन सचिव प्रदीप जेना को इस संबंधी पत्र लिखा है। भुवनेश्वर सांसद अपराजिता षड़ंगी और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने शिकायत किए थे, जिसके आधार पर केन्द्र सरकार ने ओडिशा के मुख्य प्रशासन सचिव प्रदीप जेना को पत्र लिखा है। भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा भुवनेश्वर सांसद अपराजिता षड़ंगी ने ट्वीट कर केन्द्र सरकार के इस पत्र का खुलासा किया है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा है कि ओडिशा कैडर के एक भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकार द्वारा सर्विस कैडर रूल में खुलम-खुला उल्लंघन को लेकर केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। राज्य सरकार ने इस आईएएस कैडर के कंट्रोलिंग अधिकारी होने के कारण उल्लंघन के प्रमाण मिलने के आधार पर आवश्यकीय कार्रवाई करने के लिए मुख्य प्रशासन सचिव को कहा गया है।

# राजधनवार में लक्ष्मण सिंह ने चलाया भाजपा का संपर्क से समर्थन अभियान

- 2024 लोक सभा के लिए तेजस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के लिए समर्थन मांगा, संपर्क के दौरान मिस कॉल भी करवाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



भाजपा के वरिष्ट नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, दर्जनों गांवों का दौरा किया।

**राजधनवार।** मिशन 2024 को लेकर भाजपा का संपर्क से समर्थन का अभियान बिगत 1 जून से 30 जून तक जारी है। यह अभियान केंद्र में मोदी सरकार के नो साल पूरे होने पर शुरू किया गया है। भाजपा के वरिष्ट नेता लक्ष्मण सिंह ने दांवरविधान सभा क्षेत्र अंतर्गत दसरेडीह, पुरनाडीह, डोमायडीह, कृपालपुर, उतरी डोरंडा, चितरडीह आदि दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान लोगों से मिलकर केंद्र सरकार नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों की जानकारी दी। 2024 लोक सभा के लिए तेजस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के लिए समर्थन मांगा, संपर्क के दौरान मिस कॉल भी करवाया गया। वही कई बूथों पर जाकर दर्जनों परिवारों से डोर टू डोर संपर्क किया इस बाबत श्री सिंह ने बताया कि संपर्क से समर्थन अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने मिशन 2024 चुनाव के लिए देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन देने के लिए बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील किया।

2024 के आम चुनाव को मद्देनजर भाजपा ने संपर्क से समर्थन अभियान चलाकर वोटर्स तक पहुंच रही है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनाने का लक्ष्य को लेकर पार्टी के नेता व कार्यकर्ता निकल चुके है। मोके पर उदय सिंह, पवन सिंह, श्रीकांत, श्याम कुमार, संजय यादव, अरविंद सिंह,सुजीत राय, अक्षय कुमार, राहुल कुमार, सुखदेव राम, नीलू राय, सदानंद राय, रामदेव राम, बसंत कुमार, दीपक पांडेय आदि दर्जनों लोग मौजूद थे ।




# सड़क हादसे में पांच की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** क्योंझर में एक ट्रक बारातियों को कुचलते हुए निकल गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गयी और 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर लोगों को क्योंझर जिला मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। खबरों के मुताबिक क्योंझर हरिचंदंपुर प्रखंड के मानपुर गांव से पुराने सहर स्थित सठिघरसाही की और देर रात को दूल्हे को लेकर बारात जा रहा था। उसी समय रास्ते पर चल रहे एक ट्रक ने बारातियों के ऊपर चढ़ गया। घटाना स्थल पर 5 लोगों की मौत हो गई जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फायर ब्रिगेड तुरंत मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायलों को जिला मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से तीन की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें कटक स्थानांतरित कर दिया गया है। हादसे के बाद दूल्हा मौके से घर लौट आया। हादसे के बाद घटनास्थल पर सनसनी मच गयी। उस इलाके में दुर्घटना के कारण स्थानीय लोगों ने ओवरब्रिज की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया. फिर भी उन्होंने शव नहीं उठाने दिया। पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और लोगों से काफी देर तक बातचीत के बाद शवों को मौके से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी लौटे श्रीवाणी क्षेत्र




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र और उनकी बहन सुभद्रा लंबी यात्रा के बाद बाहुडा में श्रीवाणी क्षेत्र लौट आए। भगवान की यात्रा भव्य तरीके से समाप्त हो गई है। सुबह मंगल आरती, मैलम, ताड़प्लागी, रोश होम, अबकाश, सूर्य पूजा, रथ पूजा और पहडी जैसी नितिकांति के पूरा होने के बाद, कीट और कीस के संस्थापक अच्युत सामंत ने दोपहर 3 बजे छेरा पहरा की। शाम 4 बजे भक्तों ने महाप्रभु बलभद्र, मां सुभद्रा और जगन्नाथ जी का रथ खींचा। श्रीवाणी क्षेत्र की रथ यात्रा की एक विशेष विशेषता यह है कि माता सुभद्रा का रथ महिलाएं खींचती हैं। गुंडिचा मंदिर से श्रीवाणी क्षेत्र तक तीन रथ खींचे गए। स्थानीय क्षेत्र से 30,000 से अधिक श्रद्धालु बहुड़ा यात्रा देखने आए और सुसज्जित नंदीघोष, तालध्वज और दरपदलन रथों को खींचा और दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। घंटे-घंटे पर रथ गड़गड़ाहट और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ हिलने लगा। श्रीजिउ का सुनाबेश कल आयोजित किया जाएगा। कीट मंदिर ट्रस्ट ने भक्तों को भगवान महाप्रभु के सुनाबेश का समुचित दर्शन कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की है।











## मुख्यमंत्री ने तीन लाख रुपये देने की घोषणा की



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कल रात क्योंझर जिले के सठिघर में एक ट्रक दुर्घटना में पांच लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए है और मृतक के निकटतम परिजनों के लिए मुख्यमंत्री के राहत कोष से तीन लाख रुपए को मुआवजे की घोषणा की है और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने घायलों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने का आदेश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**